संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 25 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 143 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



चारधाम यात्रा को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बैठक की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# यूसीसी लागू करना मेरा संकल्पः मोदी

● पीएम मोदी ने कंगना के समर्थन में मंडी में की जनसभा, बोले- कंगना देश की बेटियों के लिए प्रेरणा

**वादा**

▶▶ पांच चरणों के चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए बहुमत से ज्यादा सीटें जीत चुका है : पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडीः भाजपा के वरिष्ठ** नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि देश लगातार तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है। पांच चरणों के चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए बहुमत से ज्यादा सीटें जीत चुका है। अब हिमाचल की चारों सीटें जीत कर सोने पे सुहागा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चार शून्य की हैट्रिक लगने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पांच सौ साल के संघर्षों के बाद हुआ है। इस बीच कई पीढ़ियां संघर्ष करते हुए खप गईं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राम मंदिर निर्माण की संकल्प भूमि है। क्योंकि वर्ष 1989 में पालमपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में जो निर्णय हुआ था, उसने इतिहास रचा है। पालमपुर में ही अयोध्या में भव्य राममंदिर बनाए जाने का संकल्प लिया गया था। जो अब बन कर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इससे जहां सारा देश खुश है वहीं पर कांग्रेस खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में राममंदिर बना है, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की दीवार को गिरा दिया, पूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन देने के साथ ही भारत आज दुनिया की पांचवीं आर्थिक ताकत बना है। महिलाओं के लिए विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण दिया गया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को एक ऐसा भारत चाहिए जिसमें गरीबी हो, संकट हो और समस्याएं हों। कांग्रेस विकास का रिवर्स गियर लाना चाहती है। कांग्रेस चुनावों में कह रही है कि सत्ता में आने पर अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे, परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू (यूसीसी) करना मेरा संकल्प है। देश में सभी नागरिकों के लिए समान कानून होना चाहिए। कांग्रेस मुस्लिम पर्सन लॉ के बहाने शरिया कानून लाना चाहती है। कांग्रेस घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी पार्टी है। बाप-दादा की विरासत पर जीतने वाले देश का भला नहीं कर पाते।

## इंडी गठबंधन स्वार्थी एवं अवसरवादीः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला**: भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को स्वार्थी एवं अवसरवादी करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी पार्टी है। कांग्रेस एवं उसके साथी एससी, एसटी और ओबीसी से आरक्षण छीनकर अपने खास वोट बैंक को देना चाहते हैं। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आरक्षण का प्रावधान किया लेकिन कांग्रेस के लोग इसको खत्म कर अपने वोट बैंक मुस्लिम जेहादियों को देना चाहते हैं। सुरेश कश्यप के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कर्नाटक में यह कर दिखाया है।

## आपदा में दिए सैंकड़ों करोड़ की हुई बंदरबांटः पीएम

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के लिए केंद्र से सैंकड़ों करोड़ भेजे गए। मगर उसकी भी बंदर बांट हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार जाने वाली है...जब भी भाजपा की सरकार प्रदेश में बनेगी तो आपदा के दौरान भेजे पैसे का पाई-पाई का हिसाब लूंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल को कांग्रेस बबार्दी के रास्ते पर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की चारों सीटों के साथ-साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी भाजपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कंगना यहां की आवाज बनेंगी।

# बूथ वाइज डेटा अपलोड नहीं होगाः सुप्रीम कोर्ट



**खारिज**

▶▶ 5 फेज की वोटिंग हो चुकी, चुनाव आयोग के लिए मैनपावर जुटाना मुश्किल, वोटिंग डाटा सार्वजनिक करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: सुप्रीम कोर्ट ने मतदान के वास्तविक आंकड़े 48 घंटे के अंदर प्रकाशित करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग करने वाली याचिका पर कोई भी आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने कहा कि 2019 में दाखिल याचिका की मांग को बीच चुनाव में अंतरिम आवेदन के जरिए दोबारा उठाया गया है। हम इसे खारिज नहीं कर रहे हैं। इस याचिका पर ग्रीष्मावकाश के बाद सुनवाई करेंगे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव के पांच चरण हो चुके हैं। अभी निर्वाचन आयोग पर प्रक्रिया बदलने के लिए दबाव डालना सही नहीं होगा। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि याचिकाकर्ता का मकसद वोटर को भ्रमित करना है। याचिकाकर्ता की मंशा पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका 26 अप्रैल को ही खारिज की थी। कोर्ट ने 17 मई को निर्वाचन आयोग को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील अमित शर्मा से पूछा था कि आयोग को फॉर्म 17सी को वेबसाइट पर अपलोड करने में क्या परेशानी है। तब शर्मा ने कहा था कि इस प्रक्रिया में समय लगता है और ये रातों-रात पूरा नहीं हो सकता है। आयोग हर बूथ से ये फॉर्म लेता है।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## बीजेपी हर जगह हार रही हैः खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कलबुर्गी**: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को भाजपा के 400 पार के नारे को लेकर आश्चर्य जताया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा हर जगह हार रही है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 से ज्यादा सीटें जीतने का नारा कैसे लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने की पूरी संभावना जताई। अपने गृहनगर कलबुर्गी में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने आईएनडीआईए के पक्ष में अच्छा माहौल बना दिया है।

**यह चुनाव जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच- खरगे**

उन्होंने कहा कि यह जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच का चुनाव है क्योंकि लोग आज निराश हैं, खासकर महंगाई और उच्च बेरोजगारी के कारण। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "साथ ही लोकतंत्र और भारत के संविधान पर भी बड़ा हमला हो रहा है।" भाजपा संस्थाओं का दुरुपयोग करके सरकार चला रहीः उन्होंने कहा कि भाजपा संस्थाओं का दुरुपयोग करके सरकार चला रही है।

## एक इंटरनेशनल खान मार्केट भी हैः विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को विदेशों में भारत के 'नकारात्मक' छवि फैलाने वालों को लेकर 'भारत विरोधी इकोसिस्टम' पर प्रहार किया। जयशंकर ने कहा कि भारत में 'खान मार्केट गैंग' की तरह ही इसका भी वैश्विक विस्तार है। उन्होंने इसे 'इंटरनेशनल खान मार्केट गैंग' करार दिया। जयशंकर ने खान मार्केट को लेकर कहा, "यह एक निश्चित विचार प्रक्रिया है, जिसको 'खान मार्केट गैंग' कहना एकदम सही होगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक अंतर्राष्ट्रीय खान मार्केट गैंग भी है।" ॅ उन्होंने कहा, "ये वे लोग हैं, जो एक तरह से भारत के हकदार लोगों से जुड़े हुए हैं। वे उनके साथ सामाजिक रूप से सहज हैं, उन्हें जानते हैं और उनके जैसा महसूस करते हैं।" भारत विरोधी इकोसिस्टम पर कटाक्ष करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, "भारत के खान मार्केट के पास मुद्दों की कमी हो गई है।




# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होगा दूरदर्शन

**तकनीक**

▶▶ दूरदर्शन किसान 26 मई को दो एआई एंकर को करेगा लॉन्च, 50 भाषाओं में बातचीत करने में सक्षम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दूरदर्शन 26 मई को एक और उपलब्धि हासिल करने जा** रहा है। नौ साल की अपार सफलता के बाद डीडी किसान 26 मई को नए रंग-रूप और नए अंदाज में देश के किसानों के बीच आ रहा है। यह जानकारी केंद्र सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में दी गई है। यह बदलाव देश के किसानों को सबसे बड़ा तोहफा होगा। पीआईबी की विज्ञप्ति के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस युग में यह देश का पहला सरकारी टीवी चैनल बनने जा रहा है जहां एआई एंकर पर सभी की निगाहें रहेंगी। दूरदर्शन किसान दो एआई एंकर एआई कृष और एआई भूमि लॉन्च करने जा रहा है। दोनों न्यूज एंकर एक कंप्यूटर हैं, जो हूबहू इंसान की तरह ही हैं और इंसानों की तरह ही काम कर सकते/सकती हैं। यह एंकर बिना रुके या फिर बिना थके 24 घंटे और 365 दिन न्यूज पढ़ सकते हैं। किसान दर्शक इन्हें कश्मीर से तमिलनाडु और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक देश के सभी राज्यों में देख पाएंगे। ये एआई एंकर देश-विदेश में हो रहे कृषि अनुसंधान, अनाज मंडियों में हो रही उठापटक या फिर मौसम की फेरबदल, हर आवश्यक जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगे। इन एंकर की एक खास बात यह भी है कि ये देश-विदेश की पचास भाषाओं में बात कर सकते हैं।

**डीडी किसान का मुख्य मकसदः** डीडी किसान देश का एक मात्र टीवी चैनल है, जिसकी स्थापना भारत सरकार ने किसानों के लिए की गई। इस चैनल की स्थापना 26 मई 2015 को की गई थी। डीडी किसान चैनल की स्थापना का उद्देश्य था कि वह हमेशा सजग रहते हुए मौसम, वैश्विक बाजारों इत्यादि में होने वाले बदलावों से किसानों को अवगत कराता रहे, ताकि किसान पहले से ही उपयुक्त योजनाएं बना सकें और समय पर सही निर्णय ले सकें।






# वोट की स्याही लगी अंगुली दिखाओ छूट पाओ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकतंत्र के महापर्व मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने और वोटरों में उत्साह पैदा करने के लिए 10 से लेकर 50 प्रतिशत तक की छूट के आफर आ गए हैं। रेस्तरां से लेकर होटल वाले इसमें एकजुट हो गए हैं। साथ ही ग्राहकों को आकर्षित करने और अपनी जिम्मेदारी का एहसास करने के लिए यह छूट दी जा रही है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और एमसीडी ने इसके लिए होटलों से संपर्क किया तो ज्यादातर होटल व रेस्तरां राजी हो गए हैं।

**पांच सितारा होटल भी दे रहे 50 प्रतिशत की छूट:** खास बात यह है कि पांच सितारा होटल भी इसमें 50 प्रतिशत की छूट दे रहे हैं। होटल व रेस्तरां वालों ने अपने इंटरनेट मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी देकर पोस्ट करते हुए दिल्ली के नागरिकों को आमंत्रित किया है कि वह 25 मई को मतदान करके आए और ऊंगली पर लगी स्याही दिखाकर यह छूट पाए। दिल्ली नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमने काफी दिनों से होटल और रेस्तरां संचालकों से बातचीत की और उन्हें मतदान के दिन छूट देने के लिए आग्रह किया। हमें खुशी है कि हर जोन में 30-40 होटल व रेस्तरां इस मुहिम से जुड़ गए हैं।



**हरियाणा वालों को भी दिल्ली में मिलेगा डिस्काउंट**

करीब 400 से अधिक दिल्ली के रेस्तरां व होटल में मतदान की स्याही दिखाने पर 10 से लेकर 50 प्रतिशत की छूट है। हालांकि ज्यादातर होटल रेस्तरां में 20 प्रतिशत तक की छूट है। उन्होंने बताया कि चूंकि मतदान के दिन दिल्ली में छुट्टी होगी। हरियाणा में भी मतदान है। ऐसे में वहां के लोग आएंगे और मतदान की स्याही उंगली पर दिखाएंगे तो उन्हें भी यह छूट दी जाएगी। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अनुसार 100 के करीब रेस्तरां इस मुहिम में शामिल हुए हैं। इसमें कनाट प्लेस से लेकर पंडारा मार्केट, सरोजनी नगर, खान मार्केट और बंगाली मार्केट के होटल व रेस्तरां में छूट दी जाएगी।

**जमकर करें मतदान**

▶▶ साथ ही ग्राहकों को आकर्षित करने और अपनी जिम्मेदारी का एहसास करने के लिए यह छूट दी जा रही है

**ब्यूटी पार्लर वाले भी लेकर आए विशेष ऑफर**

मतदाताओं को उत्साहित करने के लिए चैंबर आफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने होटल व रेस्तरां के साथ ब्यूटी पार्लर में भी डिस्काउंट आफर जारी किया है। इसके तहत 25 मई को मतदान के बाद 26 मई को सीटीआइ से जुड़े 500 सैलून 10 से 20 प्रतिशत तक की छूट देंगे। सीटीआइ महिला काउंसिल की अध्यक्ष मालविका साहनी ने बताया कि उंगली पर स्याही दिखाने पर यह छूट दी जाएगी।

**सोने चांदी और लैपटाप पर भी मिलेगी छूट**

सीटीआइ के अनुसार 100 से ज्यादा दिल्ली की मार्केट मतदान के बाद मतदाताओं को छूट देने की घोषणा की है। इसमें नेहरू प्लेस मार्केट के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने वोट डालने वाले लोगों को कंप्यूटर, लैपटॉप आदि सामान पर 10 प्रतिशत तक छूट देने की बात कही है। कमला नगर मार्केट के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने बताया कि वोट डालकर मार्केट आने वालों को 26 मई को 15 प्रतिशत दिस्काउंट मिलेगा। खारी बावली के व्यापारी नेता भारत अरोड़ा के अनुसार खारी बावली में मसाले से लेकर सूखे मेवे पर पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी। दिया जाएगा। चांदनी चौक में दरीबा जूलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तरुण गुप्ता ने बताया कि सोने-चांदी की खरीद पर एक प्रतिशत छूट दी जाएगी। फेडरेशन आफ लाजपत नगर मार्केट एसोसिएशन के चेयरमैन गोपाल डावर और महासचिव कुलदीप अरोड़ा ने बताया कि 5-10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## गौतबुद्ध यूनिवर्सिटी के पास जंगल में लगी भीषण आग

**ग्रेटर नोएडा:** ग्रेटर नोएडा में स्थित गौतबुद्ध यूनिवर्सिटी के पास जंगल में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी वह देखते ही देखते पूरे जंगल में फैल गई। सूचना मिलने के बाद ईकोटेक 1 थाना पुलिस और 12 से अधिक दमकल की गाड़िया मौके पर पहुंची हैं। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू कर दिया है।



## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक **अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्रः अज्ञात पताः अज्ञात, उम्रः** 30–32 साल। जिसकी 16.05.2024 को रेलवे ट्रेक पर गली नं. 5 गांधी नगर गुरूद्वारा वाली गली के सामने ट्रेन एक्सीडेंट से मृत्यु हो गयी है। इस बाबत **DD No. 3A, थानाः पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन** में दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई हैः **उम्र**: 30–32 साल, **कदः** 5'7'', **रंगः** सांवला, **पहनावाः** लाल रंग की शर्ट और काले रंग की पेंट। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in** — थानाध्यक्ष
**फैक्सः 011-24368639** — थानाः पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन
**DP/6151/Rly/2024** — फोनः 011-23961522, 8750871302



## अब नोएडा में सोसायटी के बाहर टहल रहे डॉक्टर से लूटी चेन

**नोएडा :** दिल्ली-एनसीआर में स्नैचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। राह चलते लोगों से छीना-झपटी आम बात हो गई है। एक दो दिन में आपको कहीं न कहीं से सुनने में मिलता रहता है कि बदमाश बाइक या स्कूटी पर किसी से भी छीना-झपटी करके फरार हो गए। ताजा मामला नोएडा के सेक्टर-50 से सामने आया है। यहां महागुन मेस्ट्रो सोसाइटी के बाहर रात को खाना खाकर टहलने निकले डॉ. आशीष जैन की चेन झपटकर कुछ बदमाश फरार हो गए। शिकायत पर सेक्टर-49 पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुजेट की मदद से आरोपियों को तलाश करने में जुटी है। डॉ. जैन ने बताया कि वह परिवार के साथ महागुन मेस्ट्रो सोसाइटी में रहते हैं। बुधवार की रात को 10.30 बजे खाना खाने के बाद सोसायटी के पास घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए और उनके गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गए। उन्होंने बाइक का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश काफी दूर चले गए थे। वह बाइक नंबर नहीं देख पाए। दोनों बदमाशों ने हेलमेट पहन रखा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की एक टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

16 मई 2024 : अधिवक्ता की पत्नी के गले पर चाकू लगाकर सोने की चेन लूटी

# साढ़े तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके से एक दर्दनाक मामला सामने आ रहा है। यहां पर एक हैवान ने पहले तो तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसकी हत्या करके शव को नाले में फेंक दिया। पुलिस ने एक एनकाउंटर में आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पैर में गोली लगी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**पांच साल की बच्ची के अपहरण का पुलिस को आया कॉलः** पुलिस ने घटना के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस को फोन करने वाले कॉलर (फोन करने वाला) ने बताया कि पडोसी मेरी 5 साल की लड़की को उठा कर ले गया है जिसने शिव जी टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहनी हैं। कॉल प्राप्त होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शिकायतकर्ता पीड़िता की मां द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार तुरंत लड़की और आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

**पड़ोस में रहने वाले अनिल ने लड़की को किया अगवाः** बच्ची के माता-पिता ने बताया कि वह पिछले 5 साल से यहां अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रह रही है। करीब 6 बजे शिकायतकर्ता की साढ़े तीन साल की बेटी अपने घर के सामने खेल रही थी। तभी उनके पड़ोस में रहने वाले अनिल ने लड़की का अपहरण कर लिया। लड़की और आरोपी का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया और उपरोक्त शिकायत पर एफआईआर नं. 251 दिनांक 22-5-2024 धारा 363 आईपीसी के तहत तुरंत पीएस कापसहेड़ा में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

**सीसीटीवी फुटेज में आरोपी आया नजरः** टीम ने आसपास के कैमरों के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किए और एक कैमरे में लगभग 7:05 बजे आरोपी को लड़की के साथ गंदा नाला की ओर जाते हुए देखा गया और उसी कैमरे में वह लगभग 7:25 बजे लड़की के बिना अकेले वापस लौटते हुए पकड़ा गया। इसके अलावा तकनीकी जांच के बाद आरोपी अनिल को हिरासत में लेकर दिल्ली से फरार होना देखा गया। आरोपित सोहना की ओर जा रहा था। तो पुलिस टीम भी कथित की फोटो लेकर उस दिशा में आगे बढ़ी। मार्ग पर कई बसों और वाहनों की जांच की गई। अंततः कथित को लगभग 11:55 बजे रात में कानपुर, यूपी की ओर जा रही एक बस के अंदर से पकड़ लिया गया।

# एनएसएल के लोगो का अनावरण एनएसएल की प्रथम वार्षिक योजना का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद :** एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल), नगरनार ने सुस्थिर इस्पात उत्पादन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एनएमडीसी स्टील प्लांट में गर्व के साथ अपने लोगो का अनावरण किया। इस अभिनव एवं प्रतीकात्मक लोगो का अनावरण अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएसएल ने किया। इस अवसर पर विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), एनएसएल, श्री बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएसएल, श्री के. प्रवीण कुमार, अधिशासी निदेशक, एनएसएल तथा एनएसएल एवं एनएमडीसी के कार्मिक और कर्मचारी संघों के प्रतिनिधि उपस्थिति थे। यह लोगो एनएसएल के इस्पाती इरादे का प्रतीक है और कंपनी की न केवल पूर्ण शक्ति, बल्कि उद्देश्य के साथ इस्पात निर्माण की प्रतिबद्धता को दशार्ता है । यह एनएसएल के नवाचार के साथ इस्पात उत्पादन का प्रतिनिधित्व करता है जिसने हॉट मेटल से एचआर कॉइल सिर्फ 9 दिनों में तैयार किया और मात्र 226 दिनों में 1 मिलियन टन का रिकार्ड उत्पादन किया। इस अवसर पर श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएसएल ने कहा, ह्लएनएसएल का यह लोगो हमारी पहचान और बस्तरिया (छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के लोग) के रूप में हमारे अंदर निहित असीम गर्व को दशार्ता है। यह सुंदरता के साथ छत्तीसगढ़ के डोकरा कला शैली को दशार्ता है, जो कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय समुदाय के साथ हमारे प्रगाढ़ संबंधों को उजागर करता है । यह लोगो न केवल एक पहचान है, बल्कि उच्च गुणवत्ता के इस्पात उत्पादन के साथ इस्पात उद्योग के भविष्य को गढ़ने के एनएसएल के उद्देश्य का जीवंत प्रतीक है।





## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09242218A | ब्रेक सिलिंडर 355 एम एम | 499 नग | 19-06-24 |
| 02 | 09242535 | कास्ट स्टील बोल्स्टर | 186 नग | 20-06-24 |
| 03 | 09242383 | सेंटर पिवोट रिंग | 4177 नग | 10-07-24 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 17 / 2024–2025 दिनांक 24.05.2024 1564/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 24.05.2024

**शुद्धिपत्र -VII**

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 28.06.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 30.05.2024 को स्थगित कर 28.06.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेलः vijay.singh.2017@gov.in

1562/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है :–

| कार्य का नाम | सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप जगाधरी में 66 / 11 केवी मुख्य रिसीविंग स्टेशन यार्ड के विस्तार के लिए। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 07.06.2024 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 23.05.2024 12:30 बजे |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 1,16,67,492 /– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 2,08,300 /– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार।) | समापन की अवधि | 60 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 24.05.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 07.06.2024 प्रातः 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने को अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56–डब्ल्यू–इलेक्ट–23–24–टी–19–आरटी–एक्सटेंशन ऑफ 66 / 11 केवी एमआरएस

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1557/24

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से**

**निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता / III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नामः** एडीईएन / डीएलआई के तहत एसएसई / पी.वे. / डीएलआई के अनुभाग में ट्रैक के किनारे कूड़ा उठाना। | |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये):** Rs. 89,99,305.57/- (उन्यासी लाख निन्यानवे हजार तीन सौ पांच रूपये और सत्तावन पैसे मात्र) | |
| 3 | **बयाना राशि (रूपये):** Rs. 1,80,000/- (एक लाख अस्सी हजार रुपये) | |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये)** | Rs. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** | 14.06.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04–200–32 |

- ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128–W/280/इ–निविदा सूचना/20/2024–25/W–3 दिनांकः 22.05.2024
1561/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# सात सेकेंड का वीडियो...35 हजार का चालान; जानलेवा रील बनाने पर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा :** इन दिनों सोशल मीडिया पर यातायात नियमों का लगातार उल्लंघन हो रहा है। आए दिन स्टंट के वीडियो वायरल हो रहै हैं। ताजा मामला नोएडा के सेक्टर 126 से सामने आया है। जहां एक ब्लैक रंग की थार से स्टंटबाजी का वीडियो वायरल हो रहा है। रील में तीन वीडियो हैं। जिसमें सड़क पर चलने वाले लोग थार गाड़ी से बचते हुए नजर आ रहे हैं। गाड़ी के फ्रंट पर नंबर की जगह गुर्जर लिखा हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद नोएडा पुलिस ने गाड़ी पर सख्त कार्रवाई की है। इतना ही नहीं गाड़ी मालिक का चालान भी काटा है। डीसीपी नोएडा विद्यासागर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर थार गाड़ी का 35 हजार का चालान काटा गया है और इनके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि थार वाहन के वायरल वीडियोप पर संज्ञान लेते हुए थाना सेक्टर-126 पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।





# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आज मतदान का दिन, दिल्ली में कुल 1.52 करोड़ मतदाता

## मतदाताओं को मतदान के दौरान मतदान केंद्रों पर अपनी बारी का इंतजार करने में कोई परेशानी नहीं होगी, जरूरत पड़ने पर चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में लोकसभा की सात सीटों पर होने वाले मतदान के लिए चुनाव आयोग की ओर से तैयारियां शुरू हो गईं। सुबह 10 बजे से दिल्ली के सातों संसदीय क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर चुनाव सामग्री भेजने का काम शुरू हो गया। मतदाताओं को मतदान के दौरान मतदान केंद्रों पर अपनी बारी का इंतजार करने में कोई परेशानी नहीं होगी। जरूरत पड़ने पर चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी कृष्णमूर्ति ने मीडिया में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली में 1.52 करोड़ के करीब मतदाता हैं। पहली बार नए 2.52 लाख मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दिल्ली में लू की स्थिति को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर एक प्रतीक्षा क्षेत्र बनाया गया है । चिकित्सीय सुविधा के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक पैरामेडिकल स्टाफ तैनात किया जाएगा।





### मतदान केंद्रों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में 25 मई को होने वाले मतदान के लिए ईवीएम को पोलिंग पार्टी के हवाले करने का काम शुरू हो गया है।

**सभी मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएंगी पोलिंग पार्टी:** पोलिंग पार्टी ईवीएम लेकर डीटीसी बस व ई-रिक्शा से मतदान केंद्र की रवाना हुए। शाम तक सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी पहुंची, ताकि सुबह निर्धारित समय से मतदान शुरू हो सके।

**दिल्ली में 2627 जगहों पर बनाए गए कुल 13,641 मतदान केंद्र:** बता दें दिल्ली में सात लोकसभा के लिए शनिवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। दिल्ली में 2627 जगहों पर कुल 13,641 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टी में पांच अधिकारी तैनात किए गए हैं।

**करीब 70 हजार कर्मचारियों की मतदान कराने की लगी ड्यूटी:** इस वजह से कुल करीब 70 हजार कर्मचारी मतदान कराने की ड्यूटी में होंगे। इसके अलावा करीब 30 प्रतिशत अतिरिक्त कर्मचारी रिजर्व रखें गए हैं। दिल्ली में 162 प्रत्याशी चुनावी मैदान में और 13,641 ईवीएम में 27,342 पोस्टल यूनिट इस्तेमाल होगी। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र पर वीवीपैट मशीन भी इस्तेमाल होगी। इसलिए कुल 13,641 वीवीपैट मशीन भी इस्तेमाल होगी। ईवीएम लेकर पोलिंग पार्टी आज शाम तक मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएंगी। मतदान केंद्रों पर उनके ठहरने की पूरी व्यवस्था दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने की है।

**जनता की बारी**

▶▶ दिल्ली के सातों संसदीय क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर चुनाव सामग्री भेजने का काम शुरू हो गया था

**युवाओं के सामने रोजगार हो सकता है एक बड़ा मुद्दा:** यदि इस उम्र वर्ग के मतदाताओं को भी युवा मतदाताओं कर श्रेणी में शामिल कर लिया जाए दिल्ली में आधे से भी ज्यादा 57.93 प्रतिशत मतदाता 18 से 44 वर्ष की उम्र के बीच के हैं। इसलिए युवा चुनाव का परिणाम तय करने की क्षमता रखते हैं। युवाओं के सामने रोजगार एक बड़ा मुद्दा होता है।

लिहाजा, भाजपा, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी सभी प्रमुख दलों ने युवा वर्ग के मतदाताओं को साधने लिए शिक्षा, रोजगार व स्टार्टअप से संबंधित गारंटी दी है और लोक लुभावन वादे किए हैं

# स्वाति केस में केजरीवाल की चुप्पी उनके चरित्र की परिचायकः भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले में भाजपा ने आज कहा कि केजरीवाल की चुप्पी उनके चरित्र को दर्शाती है। उनकी चुप्पी से यह भी साफ हो गया है कि वे आरोपित के साथ खड़े हैं। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि सांसद मालीवाल को इंसाफ मिले, ये केजरीवाल की प्राथमिकता नहीं है। मार पिटाई का असली कुख्यात मास्टरमाइंड केजरीवाल है। उनकी चुप्पी उनके चरित्र को दशार्ती है। गौरव भाटिया ने कहा कि संजय सिंह भी जमानत पर बाहर है। पहले वे बोलते थे कि स्वाति मालीवाल के साथ गलत हुआ है लेकिन बाद में 16 तारीख को चार्टटेड प्लेन से केजरीवाल, संजय सिंह और बिभव कुमार साथ गए हैं। 17 तारीख को आतिशी बोलती हैं कि स्वाति मालीवाल के कपड़े नही फटे थे। गौरव भाटिया ने कहा कि जब वोट की चोट पड़ेगी तो केजरीवाल कहीं मुंह दिखाने लायक नही बचेंगे। केजरीवाल अभी भी टाइम है, अभी वीडियो जारी करवा दीजिए। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर मारपीट होती है और मुख्यमंत्री चुप्पी साध लेते हैं।

**साधा निशाना**

▶▶ उनके चरित्र को दर्शाती है। उनकी चुप्पी से यह भी साफ हो गया है कि वे आरोपित के साथ खड़े हैं : बीजेपी

# बिभव 4 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में बिभव कुमार को 28 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनकी पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। तीस हजारी कोर्ट ने 18 मई को बिभव कुमार को आज तक की पुलिस हिरासत में भेजा था। 18 मई को ही तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की थी। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील अतुल श्रीवास्तव ने कहा था कि एफआईआर में स्वाति ने खुद साफ किया कि उसने पुलिस को अप्रोच करने में देरी क्यों की। वो इस घटना के बाद ट्रॉमा में थीं, इस वजह से देरी हुई। बिभव के वकील ने कहा था कि सीसीटीवी फुटेज में कहीं भी स्वाति के साथ मारपीट की पुष्टि नहीं होती है। अगर पुलिस को शिकायत देने में भी तीन दिन लग रहे हैं तो यह साफ है कि इस दौरान स्वाति साजिश रच रही थीं।

यह घटना 13 मई की है। दिल्ली पुलिस ने 16 मई को स्वाति मालीवाल का बयान दर्ज कर एफआईआर दर्ज की थी। स्वाति मालीवाल ने 17 मई को कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था।

**कोर्ट में पेश किया**

▶▶ 18 मई को ही तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की थी।

# कांग्रेस को समर्थन देने वाली संघ की फर्जी चिट्ठी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में लोकसभा चुनाव के मतदान से ठीक पहले रा.स्व.संघ की एक फर्जी चिट्ठी जारी की गई है। इस फर्जी चिट्ठी में संघ के स्वयंसेवकों से आह्वान किया गया है कि वे पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार महाबल मिश्रा को समर्थन दें। इसमें कहा गया है कि महाबल मिश्रा एक रामभक्त हैं और 42 सालों से अयोध्या में राम मंदिर की सेवा करते आ रहे हैं। रा.स्व.संघ के लेटरहेड पर 21 मई को जारी की गई इस चिट्ठी में अंत में अ.भा. प्रचार प्रमुख मनमोहन वैद्य के हस्ताक्षर किए गए हैं।

# जब भी बढ़ी सूरज की तपिश, दिल्ली में कम हुआ मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में जब-जब तापमान में बढ़ोतरी हुई है तो मतदान फीसदी में गिरावट आई है। दिल्ली में नौ लोकसभा चुनावों में मतदान राष्ट्रीय औसत से कम रहा है। ऐसे में इस बार दिल्ली में मतदान बढ़ा पाना मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के लिए बड़ी चुनौती है, क्योंकि मतदान के दौरान भीषण गर्मी होने के आसार हैं। हालांकि, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई तरह की सुविधाएं लोगों को मिलेंगी। दिल्ली में मई में जब भी चुनाव हुए तो मतदान कम हुआ। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में 10 अप्रैल को मतदान हुआ था तो 65.10 प्रतिशत रहा था। बीते लोकसभा चुनाव में 12 मई को मतदान हुआ था तो दिल्ली में 60.6 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो वर्ष 2019 के मुकाबले साढ़े चार प्रतिशत कम था। इसके पहले मई में हुए चुनावों में मतदान और भी कम रहा था। इस बार दिल्ली में 25 मई को मतदान है और बीते चुनाव के मुकाबले 7 डिग्री सेल्सियस तापमान अधिक रहने के आसार हैं।




**46 के पार पहुंच सकता है तापमान:** दिल्ली में शुक्रवार से लू चलने से लोग घरों से निकलने में बच रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 25 मई को सफदरजंग इलाके में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। वहीं, पीतमपुरा, नजफगढ़, पूसा आदि में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि आयोग की ओर से मतदान केंद्रों पर शीतल पेयजल, पंखे, बैठने के लिए बेंच, शेल्टर, शेड आदि का इंतजाम किया गया है। मतदान केंद्र से घर तक जाने के लिए मुफ्त में बाइक टैक्सी का भी इंतजाम किया गया है।

**गर्मी से बचने के लिए व्यापक उपाय:** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णमूर्ति ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए एक लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही, गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए व्यापक उपाय किए गए हैं। चुनाव आयोग के निदेशों और मौसम विभाग के 44-45 डिग्री तापमान और लू की चेतावनी के अनुसार व्यापक कदम उठाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर छायादार क्षेत्र बनाए गए हैं जहां ठंडक के लिए कूलर और पंखे लगे हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पीने के पानी, शौचालय, रैंप और व्हीलचेयर की भी व्यवस्था की गई है। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने के लिए पुलिस इस बार ड्रोन का इस्तेमाल करेगी।

**चुनौती**

▶▶ ऐसे में इस बार दिल्ली में मतदान बढ़ा पाना मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के लिए बड़ी चुनौती है

# दिल्ली विश्वविद्यालय में कई जगह लिखे दिखे चुनाव बहिष्कार के नारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय में कई स्थानों पर दीवारों पर चुनाव बहिष्कार के नारे लिखे पाए जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने दो प्राथमिकी दर्ज की हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भगत सिंह छात्र एकता मंच (बीएससीईएम) ने दीवारों पर लिखे 'एक ही रास्ता नक्सलबाड़ी' जैसे नारों की जिम्मेदारी ली है। स्व-घोषित युवा संगठन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर नारों की तस्वीरें पोस्ट की थीं। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह गश्त के दौरान उसने इलाके में नारे लिखे हुए देखे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीणा ने कहा, "मामले में, विरूपण अधिनियम के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।




**एसआरसीसी की दीवार पर लिखे आपत्तिजनक नारे:** चुनावों के बीच कुछ शरारती तत्वों ने डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) की दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिख दिए। आरोपियों ने स्प्रे पेंट का इस्तेमाल कर चुनावों का बहिष्कार करने की बात लिखी। दूसरी ओर कुछ दीवारों पर माओवाद व नक्सलियों के समर्थन में भी नारे लिखे गए थे। बृहस्पतिवार सुबह छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को इसकी सूचना दी। बाद में डीयू ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

**एफआईआर**

▶▶ बीएससीईएम ने दीवारों पर लिखे 'एक ही रास्ता नक्सलबाड़ी' जैसे नारों की जिम्मेदारी ली है

# शाह फेक वीडियोः हाईकोर्ट के गिरफ्तारी पर रोक के आदेश से रुकी जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के मामले में दिल्ली पुलिस तेलंगाना कांग्रेस के इंटरनेट मीडिया सेल के छह कार्यकताओं को जांच में शामिल होने के लिए बार-बार नोटिस भेज रही है, लेकिन वे पेश नहीं हो रहे हैं।

# व्यक्ति ने अपने घर में आग लगा दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के संगम विहार स्थित मंगल बाजार में एक व्यक्ति ने अपने घर में आग लगा दी। आग लगने से घर में रखा सिलेंडर फट गया। झुलसने से व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि बुधवार देर रात करीब 12.35 बजे संगम विहार स्थित बुध बाजार की गली नंबर 12 से एक पीसीआर कॉल मिली।

**आग लगने के बाद फटा सिलेंडर:** कॉलर ने पुलिस को बताया कि यहां एक आदमी ने आग लगा दी है और सिलेंडर फट गया है। घर में भयंकर आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पाया। सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को अंदर एक शव मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय लईक अहमद के रूप में हुई। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि लईक अहमद मानसिक रूप से बीमार था और वह नशे में रहता था। इससे पूर्व भी वह कई बार घर में आग लगा चुका था। मृतक का एक बेटा है और वह नोएडा में नौकरी करता है। यहां वह अपनी पत्नी के साथ ही रहता था।

**पत्नी को गुटखा लेने के लिए भेजा:** लईक अहमद ने घर में आग लगाने से पहले अपनी पत्नी को बाजार में अपने लिए गुटखा लाने के लिए भेज दिया था। जब वह घर से बाहर निकली तो उसने दरवाजा बंद करने के बाद आग लगा ली। जब वह लौटी तो उसने देखा कि अंदर से दरवाजा बंद था। आग लगी हुई थी। आग देखकर उसने पड़ोसियों से मदद मांगी। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन आग ज्यादा तेज होने के कारण पड़ोसी पीछे हट गए थे। पुलिस ने मृतक का शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**मौत**

▶▶ आग लगने से घर में रखा सिलेंडर फट गया। झुलसने से व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

# अलीपुर इलाके में बैंकट हॉल में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के अलीपुर इलाके में स्थित एक बैंकट हॉल/फार्म हाउस में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। मौके पर दमकल गाड़ियां पहुंच गई हैं और आग बुझाने में जुटी हुई हैं। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार दमकल कंट्रोल रूम को दोपहर 2:00 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली। मौके पर दमकल की 13 गाड़ियां आग बुझाने के लिए भेजी गई हैं। साथ ही 65 से ज्यादा दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। राहत की बात यह है कि समाचार लिखे जाने तक किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है लेकिन भीषण गर्मी के बीच आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

# 162 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव में एक-एक वोट कीमती होता है। इसलिए युवा, अधेड़ उम्र के मतदाता हों या बुजुर्ग हर उम्र वर्ग के मतदाताओं के वोट की अहमियत होती है। इसलिए प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने हर वर्ग के मतदाता को साधने की पूरी कोशिश की है। फिर भी लोकसभा चुनाव के इस दंगल में प्रत्याशियों के लिए असली भाग्यविधाता युवा मतदाता हैं।

**तीन महीने में जुड़े करीब पौने नौ लाख नए मतदाता:** इसका कारण यह है कि दिल्ली में 18 से 44 वर्ष के मतदाता अधिक हैं। इसलिए इस उम्र के युवा मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। दिल्ली में 22 जनवरी को जारी मतदाता सूची में कुल एक करोड़ 47 लाख 18 हजार 119 मतदाता शामिल थे। तब 18 से 38 वर्ष की उम्र के मतदाताओं की संख्या करीब 45 प्रतिशत थी। 22 जनवरी के बाद तीन महीने में करीब पौने नौ लाख नए मतदाता जुड़े।



**दिल्ली में एक करोड़ 52 लाख एक हजार 936 मतदाता:** इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं का नाम भी मतदाता सूची में शामिल हुआ। इससे युवा मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। दिल्ली में एक करोड़ 52 लाख एक हजार 936 मतदाता हैं,

जो 25 मई को चुनाव में मतदान करेंगे। इसमें 18 से 39 वर्ष की उम्र के युवा मतदाताओं की संख्या बढ़कर 46.45 प्रतिशत हो गई। दिल्ली में 40 से 44 वर्ष की उम्र के करीब 17 लाख 45 हजार मतदाता हैं।

**ईवीएम में कैद**

▶▶ 18 से 44 वर्ष के मतदाता अधिक हैं। इसलिए इस उम्र के युवा मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे




ACTION INDIA
नई दिल्ली, 25 मई 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# 10 लोकसभा और करनाल विधानसभा सीट के लिए आज होगा मतदान

## हरियाणा के 2 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला, प्रदेश में बनाये गए हैं 20,031 मतदान केंद्र, 176 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित

**वोट दें**

**आज घरों से बाहर निकल कर अपने मतदान केंद्र पर अवश्य जाएं और मताधिकार का प्रयोग करें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में 10 लोकसभा और करनाल विधानसभा सीट के लिए आज 25 मई को मतदान होगा। प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। हरियाणा के 2 करोड़ 76 हजार 768 पंजीकृत मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि आज घरों से बाहर निकल कर अपने मतदान केंद्र पर अवश्य जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग करके विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में कुल 20,031 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। इनमें 19,812 स्थाई तथा 219 अस्थाई मतदान केंद्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में 5,470 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 14,342 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 176 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। 99 मतदान केंद्र ऐसे हैं जो पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा, 96 मतदान केंद्र यूथ कर्मचारी तथा 71 मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे। सभी मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं सहित हीट वेव के मद्देनजर अन्य आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा लगभग 96 हजार से अधिक अधिकारी व कर्मचारी (सुरक्षा बलों को छोड़कर) मतदान केंद्रों में डयूटी पर रहेंगे। इसके अलावा उड़न दस्ते, ऑब्जर्वर के साथ माईक्रो ऑब्जर्वर अलग अलग मतदान केन्द्रों पर मौजूद रहेंगें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आयोग की ओर से सारे पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### बच्चे भी परिवारजन के साथ सेल्फी लेकर करें अपलोड

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन स्कूली बच्चे भी चुनाव का पर्व-देश का गर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें, इसके लिए भी अनूठी पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा आज मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी है। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए / पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना है बल्कि स्कूली बच्चे, जो भावी मतदाता बनेंगे, उन्हें अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है।

# लोकतंत्र के उत्सव में मतदाता करें भागीदारी सुनिश्चित



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को 25 मई को लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है।

स्वीप अभियान के तहत महिलाओं को बताना कि उनके वोट की भी कीमत पुरुषों के बराबर है। इसलिए उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मे बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अपने मत का बिना किसी डर भय के उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चयन करना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### फतेहाबाद: वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केन्द्र पर लाइन की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
फतेहाबाद: अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाइन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से आप मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकते हैं। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैं, लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए है। इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है।

### जींद से कैथल दोस्त के मामा के घर आए युवक की पड़ोसियों से लड़ाई में हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** जींद से कैथल के गांव अटैला में दोस्त के मामा के घर आए युवक की पड़ोसियों ने लड़ाई में हत्या कर दी। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। जींद के गांव किला जफरगढ़ निवासी कपड़े के सेल्स मैन रामेश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा राहुल रोहतक में आईडीसी चौक पर किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था। उसके बेटे की दोस्ती उसी के गांव के रहने वाले दीपक उर्फ दीपू के साथ थी।
राहुल 21 मई को दीपक के साथ उसके मामा के गांव आतेला में आया था। 23 मई की रात को अटेला में हुए झगड़े में अपने बेटे राहुल की मौत की सूचना पाकर वह अपने परिजनों के साथ सरकारी अस्पताल कैथल पहुंचा। जहां उसे दीपक, सागर, बलवान व टेकचंद की पत्नी नरमादेवी झगड़े में लगी चोटों के कारण घायल अवस्था में मिले। उसका बेटा राहुल मृत अवस्था में इमरजेंसी के जनरल वार्ड में स्टेचर पर पड़ा हुआ मिला। जब उसने व उसके परिजनों ने उसकी डेड बॉडी को चेक किया तो उसके शरीर पर बाहरी तौर पर कोई चोट का निशान नहीं था। उसे घायलों से पता चला कि अटेला निवासी जय भगवान के बेटे लखन,अर्जुन व आँधली निवासी चूंचा का उनके साथ झगड़ा हो गया था। लखन, गुरचरण व अर्जुन के हाथों में डंडे, बिन्डे, दरांत थे। सभी आपस में गुथम गुथा हुए। इस झगड़े में लगी चोटों के कारण उसके बेटे की मौत हुई है। थाना सदर एसएचओ रोहतास कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। तीनों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कंवर पाल ने मतदाताओं से की अधिक मतदान करने की अपील


**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में होने वाले मतदान को लेकर शुक्रवार को हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। कृषि मंत्री ने जगाधरी में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाता बढ़चढ़ कर मतदान करें।

# अमीशी ने अनूठी पेंटिंग कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** हिसार की रहने वाली अमीशी गुप्ता ने मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में कला और शिल्प की श्रेणी में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है। अमीशी ने ऐक्रेलिक पेंट और स्वर्णपत्र का उपयोग करके अयोध्या मंदिर की 12 फुट गुणा 25 फुट की पेंटिंग और भगवान गणेश की 1 सेमी गुणा 1 सेमी की विस्तृत पेंटिंग बनाने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए अमीशी का नाम आधिकारिक तौर पर इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।
असाधारण प्रतिभा की धनी अमीशी गुप्ता की कला में बचपन से ही रुचि थी। वह सात साल की आयु से ही पेंटिंग बना रही है। उसने अपने हुनर को समय के साथ क्लासेस और वर्कशॉप से निखारा। अमीशी ने अपनी कला को राम मंदिर और गणेशजी की पेंटिंग के माध्यम से दशार्या और यह उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि मस्तिष्क वैज्ञानिक डॉ. जीतेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई। अमीशी गुप्ता को उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण के लिए प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया हैं। यह प्रमाणपत्र कला के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि को देखते हुए प्रदान किया।

# अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा में कल 25 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्व हरियाणा पुलिस के रडार पर रहेंगे। ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान है, ऐसे में कानून व्यवस्था बाधित करने की अनुमति किसी को नही दी जाएगी। उन्होंने कहा कि



कई बार कुछ शरारती तत्व मतदान केन्द्र की फर्जी वीडियो आदि सोशल मीडिया पर वायरल कर देते हैं जिससे कानून व्यवस्था बाधित होती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हरियाणा पुलिस की टीमें अलग-2 स्तर पर मॉनीटरिंग करते हुए सक्रियता से कार्य करेगी और फर्जी वीडियो डालने वालो पर कड़ी कार्रवाई होगी। कपूर ने आमजन से भी यह अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले ऐसे वीडियोज को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर ना करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की वीडियो को सोशल मीडिया पर चलते हुए देखता है तो इसकी जानकारी हरियाणा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर-112 अथवा नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर- 0172-2570070 पर दें। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अंतर्राज्यीय(इंट्रा स्टेट) तथा अंतरराज्यीय(इंटर स्टेट) सीमाओं तथा जिलों में लगाए गए नाकों पर फूलप्रूफ सीलिंग प्लान लागू किया गया है।

**पुलिस सख्त**

**हिस्ट्रीशीटरों सहित प्रदेश में असामाजिक तत्व रहेंगे पुलिस के रडार पर, कानून व्यवस्था से खिलवाड़ की अनुमति किसी को नही**

# विस अध्यक्ष गुप्ता ने जन्मदिन पर मांगा पार्टी के लिए वोटों का उपहार

**टीम एक्शन इंडिया**
पंचकूलाः हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने 25 मई को अपने जन्मदिन पर लोगों से भाजपा के लिए वोट का उपहार मांगा है। गुप्ता ने कहा कि हर साल बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उनके निवास पर उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचते हैं, लेकिन इस बार उनका आग्रह है कि वे सभी पोलिंग बूथों पर मुस्तैद होकर भाजपा के पक्ष में वोट करें और करवाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करना ही उनके लिए जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा होगा। प्रेस को जारी एक वक्तव्य में गुप्ता ने कहा कि एक पारिवारिक परंपरा के तहत वे हर साल 25 मई को जन्मदिन के अवसर पर हवन-यज्ञ करते हैं, मंदिर जाते हैं और उसके बाद अपने शुभचिंतकों के बीच रहते हैं। इस बार उनके जन्मदिन का संयोग मतदान के दिन पर बना है। इसलिए पार्टी के पक्ष में मतदान करना और करवाना ही उनके लिए सबसे बड़ा अनुष्ठान होगा। उन्होंने बताया कि वे सुबह 7 बजे पंचकूला के सेक्टर 17 स्थित विजय पब्लिक स्कूल में परिवार सहित मतदान करेंगे। इसके बाद दिनभर अलग-अलग बूथों पर जाकर कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करेंगे।२ शाम 6 से 7 बजे तक वे पंचकूला स्थित अपने आवास पर शुभचिंतकों के साथ जन्मदिन मनाएंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं, मित्रों और रिश्तेदारों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार का उपहार न लाएं। भाजपा के पक्ष में मतदान करवाना ही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार हैं और वे शिद्दत से यही उपहार उन्हें भेंट करें।

# चंद्रशेखर खरे गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा सरकार ने चंद्रशेखर खरे को हरियाणा मास रैपिड** ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड और गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। इस बीच, मुख्य सचिव ने चंद्रशेखर खरे को संबंधित अधिकारी की अनुपस्थिति में विभागों/बोर्डों/निगमों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, किसी अन्य कारण से छुट्टी/प्रशिक्षण/दौरा/चुनाव ड्यूटी पर होने या दो दिन से अधिक समय तक अनुपस्थित रहने या अधिकारी की सेवानिवृत्ति/स्थानांतरण के कारण रिक्त पद की स्थिति में सतर्कता विभाग में लिंक अधिकारी नियुक्त किया है।

# हरियाणा की प्रगति के लिए मतदान करें प्रदेशवासी: दुष्यंत



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**
हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेशवासियों से 25 मई को बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक मतदाता प्रदेश की प्रगति और उन्नति के लिए लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का हिस्सा बने और अपना वोट जरूर डाले। दुष्यंत चौटाला ने जनता का सहयोग मांगते हुए कहा कि जननायक चौ देवीलाल की नीतियों पर चलने वाली जेजेपी ने किसान, कमेरे सहित प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर-के दिखाया है इसलिए संसद में हरियाणा की आवाज की बुलंदी के लिए जेजेपी सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा जेजेपी को डाला गया एक-एक वोट हरियाणा की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम करेगा। जेजेपी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए जेजेपी कार्यकताओं की मेहनत को सलाम किया और कहा कि पार्टी कार्यकताओं की पिछले डेढ़ महीने की कड़ी मेहनत ने चुनाव को चरम तक पहुंचाया है और शनिवार को परीक्षा की घड़ी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता एक-एक कीमती वोट को चाबी के निशान पर डलवाने का काम करें और इस परीक्षा को पास करने में कोई कोर-कसर न छोड़े। दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि वे खासकर बुजुर्गों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाकर उनका मतदान करवाने में प्रशासन का सहयोग करें। पूर्व डिप्टी ने कहा कि चुनाव में शांति बनाए रखना सबकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर चुनाव में आपसी भाईचारा भंग नहीं होना चाहिए और भयमुक्त माहौल में हर मतदाता अपने वोट डालने के अधिकार का प्रयोग करें ताकि लोकतंत्र को और मजबूती मिले।

**उत्सव**

**प्रत्येक मतदाता प्रदेश की प्रगति और उन्नति के लिए लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का हिस्सा बने**

# स्वामी धर्मदेव ने संभाला हिसार का मोर्चा, रणजीत सिंह को दिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने आशीर्वाद दिया। चुनाव प्रचार के समाप्त होने के बाद डोर टू डोर प्रचार अभियान में भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह व्यस्त थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि स्वामी धर्मदेव हिसार पहुंचे हैं और उनसे मिलना चाहते हैं। जब संदेशा मिलने के बाद रणजीत सिंह उनसे मिलने पहुंचे तो स्वामी जी ने फिल्डिंग तैयार कर रखी थी और उनके अनुयायी वहां भारी संख्या में मौजूद थे। स्वामी जी के दर्शन करने पहुंची महिलाओं ने मौके पर पहुंचे भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को रक्षा सूत्र बांधकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी धर्मदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हमारी सनातन संस्कृति को बढ़ावा दिया है। हिन्दू धर्म से जुड़े अनेक स्थलों का जीर्णोद्धार किया गया है और भाजपा सरकार की यही इच्छा है कि भाजपा फिर से सोने की चिड़िया व विश्व गुरू बने। ऐसा केवल सनातन संस्कृति पर चलकर ही संभव है। उन्होंने शहरवासियों से अनुरोध किया कि वे अपना एक-एक वोट भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में अपना प्रमुख योगदान दें। भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने स्वामी धर्मदेव का हिसार पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अन्य वरिष्ठ नेताओं के आशीर्वाद, जनता के सहयोग व भाजपा टीम की मेहनत की बदौलत उनकी स्थिति बहुत अच्छी है। स्वामी जी के यहां पहुंचने व आशीर्वाद देने से उनको और मजबूती मिली है, जिसके लिए वह उनके आभारी है। इससे पहले राजगुरू मार्केट में पहुंचे रणजीत सिंह को रक्षा सूत्र बांधते हुए महिलाओं ने उनका पुरजोर समर्थन देने का ऐलान किया। महिलाओं ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व विदेशों में बढ़ी देश की साख से प्रभावित है।

# विकास करवाने वाले व जनसमस्या का निवारण करने वाले को चुनें सांसद: रणजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि हिसार की जनता अपने बेहतर भविष्य के लिए ऐसे व्यक्ति का सांसद के तौर पर चुनाव करें, जिसकी नीति व नीयत विकास करवाने व जनता की समस्याएं दूर करने में हो। जनता को यह भलीभांति जान लेना चाहिए कि शहरों में ग्रीन ब्रिगेड के नाम पर शहरों में अफरा-तफरी फैलाकर निर्दोष युवाओं हत्या करने वाला एक सांसद के तौर पर कैसे जनता का भला सोच सकता है। वे शुक्रवार को डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के तहत हिसार शहरी क्षेत्र में वोटों की अपील कर रहे थे। इस दौरान सुशीला भवन कार्यालय पहुंचकर सैन समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने समस्त सैन समाज की तरफ से उन्हें समर्थन देने की घोषणा की। रणजीत सिंह ने उनके समर्थन के लिए आभार जताया और चुनाव के दिन अधिक से अधिक मतदान करने व करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए विकास को चुनना है। सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों के शासनकाल में देश के हर क्षेत्र में विकास किया और हर वर्ग के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है। ऐसे में न केवल हिसार लोकसभा सीट बल्कि पूरे देश के भले की सोचते हुए अपना एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में देना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि चुनाव में जीत के बाद वे सदैव जनता की सेवा में हाजिर रहेंगे।

इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में जनसमर्थन की लहर चल रही है। कांग्रेस व अन्य उम्मीदवारों को जनता मुंह नहीं लगा रही है और भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह की जीत निश्चित है।

# रोहतक में भाजपा का जाट और गैर जाट ध्रुवीकरण का प्रयास

**समीकरण**

**भाजपा को चार रोहतक, कलानौर, बहादुर और कोसली में बढ़त मिली। इनमें कोसली की बढ़त 74,980 वोटों की थी, जिसने परिणाम भाजपा के पक्ष में कर दिया। यादव बहुल कोसली अहिरवाल बेल्ट (महेंद्रगढ़ तक का इलाका) में आता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** रोहतक लोकसभा सीट का चुनावी फैसला ध्रुवीकरण पर टिका है। भाजपा एक और गैर जाट को अपनी ओर रिझा रही है वही जाट मतदाताओं में भी सेंध लगा रही है।वही कांग्रेस ध्रुवीकरण से बचने का प्रयास कर रही है। यहां एक ही सवाल सबसे ज्यादा पूछा जा रहा है। 2019 में कांग्रेस 7503 वोटों से हारी थी। क्या इस बार कांग्रेस जीत दर्ज कर पाएगी। जीत की हैट्रिक लगाने के बाद पहली हार का सामना करने वाले दीपेंद्र हुड्डा अपने भाषण में मेरे 36 बिरादरियों के साथियों व बुजुर्गों...मुझे आप सभी का आशीर्वाद चाहिए, कहना नहीं भूल रहे। किसान आंदोलन के मुद्दे को हवा देने से परहेज कर रहे हैं। इसी आंदोलन की वजह से कुछ जगह भाजपा नेताओं के विरोध पर खामोशी दिखा रहे हैं।
अपने लोगों से कह रहे हैं, हमें हंगामा नहीं, सिर्फ वोट की चोट करनी है। साफ लग रहा है कि हार से सबक लेकर उनका मकसद ध्रुवीकरण रोकना है। कई जगह जाट उनके लिए काफी मुखर हैं। यह मुखरता पिछले चुनाव में भी थी। तब प्रतिक्रिया में दूसरी ओर भी ध्रुवीकरण हो गया और पहली बार भाजपा जीत गई।
इस बार भाजपा एकसाथ दो रणनीति पर काम कर रही है। यादव, ब्राह्मण, सैनी, पंजाबी और दलित समाज के नेताओं की फौज ने डेरा डाल दिया है। उनकी ओर से जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान कांग्रेस नेताओं के बयान उछाले जा रहे हैं। इसका मकसद गैर जाट बिरादरियों की गोलबंदी अपने पक्ष में करना लग रहा है।
दूसरा, बड़े जाट बहुल गांवों में युवा सम्मेलन कर भाजपा नेता कह रहे हैं, हमने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया, जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति बनाया और संगठन में जाट समाज के नेताओं को महत्वपूर्ण पद दिए। जाहिर है भाजपा जाट मतदाताओं में सेंध लगाना चाहती है। इसके लिए खाप चौधरियों की मदद भी ली जा रही है।बीटेक, एमबीए और एलएलबी की डिग्री हासिल कर राजनीति में आए 46 वर्षीय राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा का चौथा लोकसभा चुनाव है, जबकि 57 वर्षीय डेंटल सर्जन अरविंद शर्मा आठवीं बार उतरे हैं।
कांग्रेस, शिवसेना व बसपा में रहने के बाद भाजपा में आए अरविंद 1996 में सोनीपत से निर्दलीय, 2004 और 2009 में कांग्रेस के टिकट पर करनाल और पिछली बार भाजपा के टिकट पर रोहतक से संसद पहुंचे। 1998 में सोनीपत, 1999 में रोहतक और 2014 में करनाल में हारे। 2014 में बसपा के टिकट पर विधायकी चुनाव भी हारे।

**कोसली के यादव वोटर सबसे अहम**

रोहतक लोकसभा क्षेत्र में रोहतक, झज्जर और रेवाड़ी की नौ विधानसभा सीटें हैं। 2019 में कांग्रेस पांच गढ़ी सांपला-किलोई, महम, बेरी, बादली और झज्जर में आगे रही। भाजपा को चार रोहतक, कलानौर, बहादुर और कोसली में बढ़त मिली। इनमें कोसली की बढ़त 74,980 वोटों की थी, जिसने परिणाम भाजपा के पक्ष में कर दिया। यादव बहुल कोसली अहिरवाल बेल्ट (महेंद्रगढ़ तक का इलाका) में आता है।

## न्यूज फ्लैश

### कर्मचारियों को 25 मई को मतदान के दिन मिलेगा सवैतनिक अवकाश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने 25 मई, शनिवार को होने वाले 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 तथा करनाल विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर सरकार ने जिला में स्थित विभिन्न दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारी, जो यहां पर पंजीकृत मतदाता हैं, को सवैतनिक अवकाश मिलेगा, ताकि वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इसके अलावा, फैक्ट्री अधिनियम, 1948 की धारा 65 की उपधारा (2) के तहत करनाल जिला में स्थित फैक्ट्रियों में कार्यरत श्रमिकों, जो जिला के पंजीकृत मतदाता हैं, उनके लिए भी 25 मई को मतदान हेतु अवकाश रहेगा। इतना ही नहीं, हरियाणा के जो मतदाता पड़ोसी राज्यों में काम कर रहे हैं, उन राज्यों ने भी हरियाणा के मतदाताओं के लिए अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में हरियाणा श्रम विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई है।

### सात लाख 15 हजार मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

टीम एक्शन इंडिया

**फतेहाबाद:** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए जिला की तीनों विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में शनिवार 25 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों की अंतिम व फाइनल रिहर्सल शुक्रवार को भोडिया खेड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित की गई।

टोहाना के लघु सचिवालय में पोलिंग पार्टियों के लिए रिहर्सल रखी गई और एआरओ एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने उन्हें ईवीएम व चुनाव सामग्री वितरित की। भोडिया खेड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी व फतेहाबाद विस क्षेत्र के एआरओ एवं एसडीएम राजेश कुमार ने फाइनल रिहर्सल करवाते हुए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया। जिला में मतदान के लिए 3440 कर्मियों सहित 58 माइक्रो ऑब्जर्वर, 60 सेक्टर ऑफिसर्स व 33 ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लगाए गए है। फतेहाबाद विस क्षेत्र में 237 पोलिंग पार्टियां लगाई है और 36 को रिजर्व रखा गया है। रतिया विस में 224 पोलिंग पार्टियां व 33 रिजर्व तथा टोहाना विस क्षेत्र में 227 पोलिंग पार्टियां लगाई गई है जबकि 34 को रिजर्व में रखा गया है। सभी पोलिंग बूथों पर वेबकास्टिंग करवाई जाएगी।

जिला के 7 लाख 15 हजार 760 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग: जिला में कुल 7 लाख 15 हजार 760 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 3 लाख 76 509 पुरुष व 3 लाख 39 हजार 232 महिला और 19 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल है। इसके अलावा 1524 मतदाता सर्विस वोटर हैं जिनमें से 1485 पुरुष व 29 महिला है। जिला के हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक पिंक बूथ बनाया गया है और चार मॉडल पोलिंग बूथ स्थापित किए गए है। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 58 हजार 568 मतदाता पंजीकृत है। टोहाना विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 30 हजार 981 तथा रतिया विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 27 हजार 735 मतदाता पंजीकृत है। पिंक बूथों पर महिला होंगी पोलिंग अधिकारी: जिला में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक पिंक बूथ बनाया गया है, जिस पर महिलाएं पोलिंग ऑफिसर होंगी। इस पोलिंग बूथ पर आंगनबाड़ी वर्कर की विशेष ड्यूटियां लगाई है। स्तनपान के लिए काउंटर स्थापित किए गए है। महिलाओं के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने बताया कि फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक पाठशाला ठाकर बस्ती के बूथ नंबर 37, रतिया विधानसभा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बूथ नंबर 83 और टोहाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बूथ नंबर 89 को पिंक बूथ स्थापित किया गया है।

# धार्मिक स्थलों पर नतमस्तक हुए मनोहर लाल

### मनोहर लाल सेक्टर-8 स्थित राम मंदिर, बजीदा में बाबा लक्कड़ नाथ जी मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर, गुरु रविदास मंदिर में पहुंचे

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल शुक्रवार को शहर के कई धार्मिक स्थलों पर नतमस्तक हुए। मनोहर लाल मॉडल टाउन स्थित कृष्ण प्रणामी मंदिर, सेक्टर-8 स्थित राम मंदिर, बजीदा में बाबा लक्कड़ नाथ जी मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर, गुरु रविदास मंदिर में पहुंचे और आशीर्वाद लिया। मनोहर लाल ने कहा कि बहुत से ऐसे स्थान होते हैं, जो अपने आप में पवित्रता का स्थल होते



हैं। बाबा लक्कड़ नाथ जी ने वर्षों पहले इस मंदिर में कठोर तपस्या की। ऐसी तपस्या बाबा लक्कड़ नाथ ने की थी कि लोग यहां अपनी मनोकामना लेकर पहुंचने लगे। उनकी इतनी सिद्धी थी कि लोगों की मनोकामना पूरी होती रही। उन्होंने कहा कि उन्हें इस आश्रम का पता चला तो वे मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं। इस समय बाबा धर्मनाथ और बाबा चरणनाथ का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। जनता की भी ऐसे स्थानों पर गहरी आस्था होती है।

इस अवसर पर उनके साथ घरौंडा विधायक एवं करनाल लोकसभा सयोंजक हरविंद्र कल्याण व भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा भी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने कई स्थानों पर व्यक्तिगत मुलाकात भी की, जिनमें कर्ण कमल में इकबाल सिंह, वरिष्ठ नागरिक, निसिंग में सुशील, सदर बाजार में भारत भूषण, संत नगर में अंकुर, कर्ण विहार में चांदवीर से मिलने पहुंचे।

# माँ के हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर भेजा जेल

टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोनीपत

**जिले** के थाना खरखौदा की पुलिस टीम में महिला की हत्या करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मोहित पुत्र ईश्वर निवासी गढ़ी सिसाना जिला सोनीपत का ही रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार 21 मई को रामरुप पुत्र निहाल निवासी आंवली जिला सोनीपत ने थाना खरखौदा में शिकायत दी कि मेरे को सुचना मिली की मेरी भांजे मोहित ने मेरी बहन राजबाला की कस्सी मारकर हत्या कर दी है। जिस सुचना पर मैं अपने परिवार सहित गांव गढी सिसाना में पहुंचा और मैने देखा कि मेरी बहन राजबाला खुन से लथपथ मकान बनाने के मसाले के उपर पड़ी हुई थी जो मेरी बहन राजबाला व मेरे भांजे मोहित की आपस में

**काबू**

▶▶ गिरफ्तार आरोपी मोहित पुत्र ईश्वर निवासी गढ़ी सिसाना जिला सोनीपत का ही रहने वाला है

कहा सुनी रहती थी जो उस कहासुनी के कारण मेरे भांजे मोहित ने मेरी बहन राजबाला की कस्सी मारकर हत्या कर दी। इस घटना का भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया।

थाना खरखौदा की जांचकर्ता टीम में नियुक्त एएसआई वेदपाल ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त आरोपी मोहित पुत्र ईश्वर निवासी गढ़ी सिसाना जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है '

# तीन प्रत्याशियों को दोबारा फिर जारी किया नोटिस

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल विधानसभा उप चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि भारत चुनाव आयोग के आदेशानुसार चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को अपने नामांकन पत्र में दिए गए तथ्यों के अनुसार अपराधिक मामलों की जानकारी समाचार पत्र या टेलिविजन पर प्रकाशित करना जरूरी है। इन चुनावों में करनाल विधानसभा के उप चुनाव लड़ने वाले तीन प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर नामांकन पत्र के अनुसार दिए गए रिकॉर्ड के अनुसार अपराधिक मामलों को प्रकाशित नहीं करवाया। इन तीनों प्रत्याशियों को जल्द से जल्द समाचार पत्रों व टेलिविजन में आपराधिक मामलों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए दूसरी बार नोटिस जारी किए है। एसडीएम अनुभव मेहता ने करनाल विधानसभा उप चुनाव से तीन प्रत्याशियों, जिनमें राजिन्द्र कुमार, तिलक राज सिंगला व त्रिलोचन सिंह शामिल है, को दोबारा

**नोटिस जारी**

▶▶ जल्द से जल्द समाचार पत्रों व टेलिविजन में आपराधिक मामलों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए दूसरी बार नोटिस जारी किए

नोटिस जारी कर कहा है कि नामांकन के समय जो आपराधिक मामलों की जानकारी नामांकन पत्र में दी थी। उसका प्रकाशन समाचार पत्रों व टेलिविजन आदि में निर्धारित प्रारूप अनुसार किया जाना था। इस विषय को लेकर उस समय नोटिस फार्म सी 3 भी दिया गया था। इस विषय में कोई भी कार्यवाही करने के उपरांत चुनाव अधिकारी को जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने जारी नोटिस में कहा है कि नामांकन पत्र के अनुसार अपराधिक मामलों की जानकारी को शीघ्र अति शीघ्र निर्धारित प्रारूप में प्रकाशन करवाना सुनिश्चित किया जाए।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए 25 मई को मतदान होगा। मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गत सायं 6 बजे से 25 मई की शाम मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक धारा 144 लगाने के आदेश दिए हैं।

जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि उपरोक्त 48 घंटों की अवधि के दौरान व्यक्तियों का गैरकानूनी रूप से एकत्र होना और सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना, लोकसभा आम चुनाव-2024 व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के कारण जिला करनाल की राजस्व सीमाओं के भीतर तनाव, परेशानी, बाधा या व्यक्ति को चोट या मानव जीवन



और संपत्ति को नुकसान, सार्वजनिक शांति और सौहार्द में गड़बड़ी पैदा कर सकता है, जिसको मद्देनजर रखते हुए जिलाधीश ने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए 25 मई को सायं 6 बजे तक या मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक जिला करनाल के क्षेत्राधिकार में पांच से

**गाइडलाईस**

▶▶ मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी के भीतर कोई भी बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा

अधिक व्यक्तियों के गैरकानूनी रूप से एकत्रित होने तथा सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने पर रोक लगाई है।

जिलाधीश उत्तम सिंह ने बताया कि जारी आदेशों के तहत राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों द्वारा मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी के भीतर कोई भी बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा। ऐसे परिसर से 200 मीटर की दूरी पर मतदान केंद्रों के ऐसे समूह के लिए उम्मीदवार का केवल एक बूथ होगा। जिनके साथ बूथ पर उन कुर्सियों पर बैठे दो व्यक्तियों को मौसम की स्थिति से बचाने के लिए एक छाता, तिरपाल या कपड़े का टुकड़ा होगा। ऐसे बूथ को कनात या टेंट आदि से घेरा नहीं जाएगा।

उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान के दिन किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे तथा मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, वायरलेस फोन, आदि ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि ये निर्देश कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी वाले पुलिस अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों, ड्यूटी मजिस्ट्रेटों, चुनाव ड्यूटी पर तैनात सेक्टर अधिकारियों आदि पर लागू नहीं होंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने वाला कोई भी व्यक्ति भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और अन्य लागू अधिनियमों/नियमों के तहत अभियोजन और दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

# राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म होने से बढ़ते हुए तापमान के कारण लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

**इस तरह करें लू से बचाव :** उपायुक्त ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का

**दिशा-निर्देश**

▶▶ गर्मी व लू से बचाव के लिए बरतें सावधानियां, इलाज से बेहतर है, बचाव पशुधन का भी रखें ध्यान

पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाएं। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

उपायुक्त ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी होने पर, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें, उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

**घरेलू पशुओं का भी रखें ध्यान :** उपायुक्त ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू पशुओं का खाना धूप में न रखें, उन्हें किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं, जब मौसम ठंडा हो, कुत्ते को गर्म सतह (पटरी, तारकोल की सड़क, गर्म रेत) पर न टहलाएं, किसी भी स्थिति में पालतू जानवरों को वाहन में न छोड़ें।

# जिला के सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी : उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए छठे चरण के तहत 25 मई को होने वाले मतदान के दौरान जिला के सभी 1151 मतदान केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग की जाएगी।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि मतदान की पवित्रता को लेकर जिला प्रशासन बेहद गंभीरता से कार्य कर रहा है। ऐसे में जिला के सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए है। इसके अलावा क्रिटिकल बूथों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए तथा अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी रहेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन सभी सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जहां स्क्रीन पर 25 मई को सुबह सात बजे से शाम छः तक बजे एक डेडिकेटिड टीम इनकी मॉनीटरिंग करेगी। उन्होंने बताया कि करनाल जिला की नीलोखेड़ी विधानसभा में 230, इंद्री में 215, करनाल में 225, घरौंडा में 238 तथा असंध में 243 मतदान केंद्रों पर कैमरे लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन सक्षम है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से सभी मतदान केंद्रों की निगरानी की जाएगी। सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर भी नियुक्त किए गए है जोकि मतदान केंद्रों पर पल पल की स्थिति की तुरंत जिला मुख्यालय पर जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

# वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर कर सकते हैं मतदान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि 25 मई को लोकसभा का आमचुनाव व करनाल विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस दिन को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाएं। हर मतदाता मताधिकार का प्रयोग करें। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है, तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्रों में से कोई एक दिखाकर अपनी वोट डाल सकता है। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

# कर्मचारियों को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए उपलब्ध करवाया ओआरएस

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** तपतपाती गर्मी के कर्मचारियों को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए दवा कंपनी सिपला ने जिले के सभी उपमंडल नागरिक उपचार केंद्र पर वितरण के लिए ओआरएस टैट्रा पैक उपलब्ध करवाया गया। यह सेवा कार्य सी एंड एफ ने लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को देखते हुए किया है।

कंपनी के हरियाणा सेल्स अधिकारी अनिल मेहरा, सुरेन्द्र कुमार व कुनाल अरोड़ा ने बताया कि चुनाव के दिन अधिकारी व



कर्मचारी सुबह से शाम तक अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। गर्मी के दिनों में मौसम बड़ी तेजी से अपना गियर बदलकर हीट से हॉट होता जा रहा है। ऐसे में अपने स्वास्थ्य को बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए खुद को हमेशा हाइड्रेटेड बनाए रखें। ओआरएस सिर्फ आपको डिहाइड्रेशन होने से ही नहीं बचाता, बल्कि यह आपको एनर्जेटिक और उत्साहित बनाए

**पहल**

▶▶ यह सेवा कार्य सी एंड एफ ने लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को देखते हुए किया है

रखता है।

ललित आनंद सी एन्ड एफ आनन्द फार्मा ने कहा कि ओआरएस सभी उम्र के लोगों में डिहाइड्रेशन और उसके चलते होने वाले दस्त और अन्य बीमारियों में राहत दिलाने का एक सुरक्षित और सस्ता उपचार पाने का विकल्प है। ओआरएस में पानी, नमक और चीनी की मात्रा का उचित अनुपात लिया जाता है। यही कारण है कि उपचार में यह सादे पानी या ग्लूकोज पानी से बेहतर साबित होता है। डिहाइड्रेशन की रोकथाम और समय पर उपचार के लिए हर एक शख्स को आसानी से सुलभ हो जाने और प्रभावी इलाज मुहैया कराने वाले ओआरएस घोल का फायदा उठाना चाहिए। सिविल सर्जन ने कंपनी द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद किया।

# 6366 कर्मचारियों के हाथों में रहेगी 1151 पोलिंग बूथों की कमान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** लोकसभा व करनाल विधानसभा उपचुनाव को सुचारू, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए करनाल में 1151 पोलिंग बूथों की कमान 6366 अधिकारियों के हाथों में रहेगी। इन बूथों पर सुरक्षा का कड़ा पहरा रहेगा। इन बूथों की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से 2351 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। अहम पहलू है कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह लोकसभा व करनाल विधानसभा उपचुनाव की एक-एक गतिविधि पर स्वयं नजर रखे हुए है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने आज यहां सबसे पहले करनाल के 21 लाख 4 हजार से ज्यादा मतदाताओं से अपने वोट का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि लोकसभा व करनाल विधानसभा उपचुनाव को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए 1151 बूथों पर 6366 अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें 995 महिला अधिकारी व कर्मचारी शामिल है। इन बूथों के लिए 1393 प्रिजाईडिंग ऑफिसर (5 महिला अधिकारी), 1395 एपीओ (5 महिला अधिकारी), 3130 पोलिंग ऑफिसर जिनमें 899 महिला पोलिंग ऑफिसर शामिल है। इसके अलावा 448 माईको आब्जर्वर की

**जिम्मेदारी**

▶▶ बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 2351 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को किया नियुक्त

▶▶ जिले में लगाए 21 नाके, पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नियुक्त की 46 पैट्रोलिंग पुलिस पार्टी

ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 86 महिला अधिकारी भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कराने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण की तरफ से 1151 पोलिंग बूथों पर 2351 पुलिसकर्मी तैनात किए गए है, 46 पेट्रोलिंग पार्टियां निरंतर नजर रखेंगी। इसके साथ ही जिले में 21 नाके बनाए गए हैं जिनमें से 10 नाके इंटर स्टेट और 11 नाके इंटर डिस्ट्रिक्ट लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलग 5 रिजर्व पार्टियां बनाई गई है। इनके साथ 5 पुलिस इंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाई है। इतना ही नहीं सभी थानों की पुलिस भी अपने-अपने क्षेत्रों पर नजर रखेंगी। इन थानों के साथ 18 पेट्रोलिंग पुलिस पार्टियां जुड़ी हुई है और 5 डीएसपी और अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मुस्तैद रहेंगे।

**करनाल लोकसभा क्षेत्र में बनाए गए कुल 2027 पोलिंग बूथ :** करनाल लोकसभा क्षेत्र में कुल 2027 पोलिंग बूथ बनाये गए है। नीलोखेड़ी विधानसभा में 230, इंद्री में 215, करनाल में 225, घरौंडा में 238, असंध में 243 तथा पानीपत ग्रामीण क्षेत्र में 249, पानीपत शहरी क्षेत्र में 196, इसराना क्षेत्र में 199 और समालखा क्षेत्र में 232 बूथ बनाए गए है। इन सभी बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गए है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि बूथों पर पीने के पानी, बिजली, शौचालय, शैड, कूलर, रैम्प सहित अन्य व्यवस्थाओं को चेक करेंगे और जहां कहीं भी कमी है, उसे ठीक करना सुनिश्चित करेंगे। 25 मई को सुबह 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक वोट करने का समय निर्धारित किया गया है।

# एक प्रत्याशी को स्वयं के लिए केवल एक वाहन को चलाने की होगी अनुमति

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिलाधीश उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रत्याशियों और आम नागरिकों हेतु वाहनों को लेकर कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं और धारा 144 लगाकर नियमों की सख्ती से पालना करने के आदेश दिए हैं।

जिलाधीश उत्तम सिंह ने सीपीसी 1973 की धारा 144 के आदेश जारी करते हुए कहा कि चुनाव लड़ रहे वाले प्रत्याशी को

**नियम कानून**

▶▶ वाहन में ड्राइवर सहित पांच से ज्यादा लोगों के बैठने पर रहेगा प्रतिबंध धारा 144 की पालना करने के दिए आदेश

स्वयं के लिए एक वाहन पूरी लोकसभा के लिए प्रयोग करने की अनुमति रहेगी। इसके साथ ही चुनाव एजेंट और पार्टी वर्कर को भी प्रत्येक विधानसभा के लिए एक वाहन का प्रयोग करने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि वाहन में ड्राइवर सहित पांच से ज्यादा लोगों को बैठने पर प्रतिबंध रहेगा। अगर लोकसभा से प्रत्याशी गैर-हाजिर है तो किसी अन्य व्यक्ति को प्रत्याशी का वाहन प्रयोग करने की इजाजत नहीं होगी। इसके साथ ही किसी अन्य नेता को भी अन्य वाहन का प्रयोग नहीं करने दिया जाएगा।

जिलाधीश ने कहा कि वाहन का प्रयोग करने के लिए चुनाव अधिकारी से अनुमति लेनी होगी और अनुमति पत्र को वाहन के सामने वाले शीशे पर चस्पा करना होगा। इसके अलावा मतदाताओं को वाहन में बैठाकर बूथ तक ले जाने में प्रतिबंध रहेगा।

## संपादकीय

# चारधाम यात्रा और आधे-अधूरे इंतजाम

**उत्तराखंड** में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किलोमीटर) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है। निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ?

चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है।

# देवर्षि नारद को आदि गुरु मानने से बढ़ेगा गौरव

**डॉ. सौरभ मालवीय**

> "बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति नारद स्मृति भी देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित ग्रंथ है। इसमें न्याय, उत्तराधिकार, संपत्ति का क्रय एवं विक्रय, उत्तराधिकार, पारिश्रमिक, ऋण एवं अपराध आदि विषयों उल्लेख है। एक प्रकार से यह न्याय अथवा संविधान का ग्रंथ है। इसमें नारद गीता, नारद नीति एवं 'नारद संगीत आदि ग्रंथ होने का भी उल्लेख किया गया है। नारद-परिव्राजक कोपनिषद अथर्ववेद से संबंधित ग्रंथ है। देवर्षि नारद मुनि इसके उपदेशक हैं। इसमें परिव्राजक संन्यासी के सिद्धांत, आचरण, संन्यासी-धर्म, संन्यासी-भेद आदि का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। परिव्राजक संन्यासी उसे कहा जाता है जो परिव्रज्या व्रत ग्रहण कर भिक्षाटन करके अपने जीवन का निर्वाह करता है। इसमें ब्रह्म के स्वरूप का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है"

प्राचीन काल से ही ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की द्वितीय तिथि को देवर्षि नारद मुनि की जयंती मनाने की परंपरा चली आ रही है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार देवर्षि नारद मुनि को सृष्टिकर्ता ब्रह्मा का मानस पुत्र माना जाता है। कहा जाता है कि उनका जन्?म ब्रह्मा जी की गोद से हुआ था। इसलिए वे उनके मानस पुत्र माने जाते हैं। वे समस्त देवी- देवताओं के ऋषि हैं इसीलिए उन्हें देवर्षि एवं ब्रह्मर्षि कहा जाता है। ब्रह्मर्षि का पद प्राप्त करने के लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। उन्हें ब्रह्मनंदन एवं वीणाधर के नाम से भी पुकारा जाता है। ह्यनारदह्न शब्द में ह्यनारह्न का अर्थ है जल एवं अज्ञान तथा ह्यदह्न का अर्थ है प्रदान करना एवं नाश करना। वे समस्त प्राणियों को ज्ञान का दान करके अज्ञानता का नाश करते हैं। वे प्राणियों को तर्पण करने में भी सहायता करते थे, इसीलिए उन्हें नारद कहा जाने लगा।

**भगवान विष्णु के अनन्य भक्त**

देवर्षि नारद मुनि सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के अनन्य भक्त माने जाते हैं। वे तीनों लोकों में भ्रमण करते हुए अपनी वीणा की सुमधुर तान पर भगवान विष्णु की महिमा का गान करते हैं। प्रत्यके समय उनकी जिव्हा पर भगवान विष्णु का नाम रहता है- नारायण-नारायण। वे सदैव भक्ति में लीन रहते हैं। इसके साथ-साथ में भटके हुए लोगों का मार्गदर्शन करते हैं तथा उनकी शंकाओं का समाधान भी करते हैं। उनके महान कार्यों की गणना संभव नहीं है। किन्तु कुछ कार्यों का उल्लेख करना संभव है, जैसे उन्होंने लक्ष्मी का विवाह अपने इष्टदेव भगवान विष्णु के साथ करवाया था। उन्होंने स्वर्ग के राजा इन्द्रदेव को मनाकर अप्सरा उर्वशी का पुरुरवा के साथ विवाह करवाया था। उन्होंने ऋषि बाल्मीकि को महान ग्रंथ रामायण लिखने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने व्यास जी को भागवत की रचना करने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने विष्णु भक्त प्रह्लाद एवं भक्त ध्रुव का मार्गदर्शन किया था। उन्होंने बृहस्पति एवं शुकदेव आदि को उपदेश देकर उनका मार्गदर्शन किया था। उनके ऐसे असंख्य महान कार्य हैं।

**देवर्षि नारद मुनि के ग्रंथ**

देवर्षि नारद मुनि बहुत ज्ञानी थे। वे अनेक कलाओं में पारंगत थे। उन्होंने वाद्य यंत्र वीणा का आविष्कार किया था। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वे ब्रह्मांड के प्रायः सभी विषयों के ज्ञाता थे। लगभग सभी



आदि ग्रंथों में उनका उल्लेख मिलता है। वे व्यास, बाल्मीकि एवं शुकदेव आदि के गुरु हैं। उन्हें तीनों लोकों में मान-सम्मान प्राप्त है। वे देवी-देवताओं के मन की बात भी समझ जाते थे। उन्होंने भक्तिभाव का प्रचार-प्रसार किया। उनका कहना था कि व्यक्ति को सर्वदा सर्वभाव से निश्चित होकर केवल अपने प्रभु का ही स्मरण करना चाहिए। यही भक्ति है एवं यही साधना है। लोक कल्याण के लिए उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की। इनमें नारद पांचरात्र, नारद के भक्तिसूत्र, नारद पुराण, बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति, नारद-परिव्राज कोपनिषद तथा नारदीय-शिक्षा आदि सम्मिलित हैं। नारद पांचरात्र वैष्णव संप्रदाय का ग्रंथ माना जाता है। इसमें 'रात्र' का अर्थ है ज्ञान। कहा जाता है कि इस ग्रंथ में ब्रह्मा, वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध का ज्ञान है इसलिए इसे पांचरात्र कहा जाता है। यह ग्रंथ श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त था। देवर्षि नारद मुनि ने इसका प्रचार-प्रसार किया। इसमें प्रेम, भक्ति, मुक्ति एवं योग आदि का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति के संबंध में श्रीकृष्ण एवं राधा के प्रेम का उल्लेख किया गया है।

नारद भक्ति सूत्र नामक ग्रंथ देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित है। इसमें भक्ति के 84 सूत्रों का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति की व्याख्या से लेकर इसकी महत्ता, नियम एवं फल आदि का भी उल्लेख मिलता है। इसमें बताया गया है कि प्रेम भक्ति का प्रथम सोपान है तथा अपने इष्ट के लिए व्याकुल होना भक्तिभाव का चिह्न है। आदर्श भक्ति को समझने के लिए श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के मनोभाव को समझना होगा।

नारद पुराण भी वैष्णव का ग्रंथ है। अट्ठारह पुराणों में यह छठे स्थान पर आता है। इसी से इसकी महत्ता का ज्ञान होता है। कहा जाता है कि इस पुराण का श्रवण करने से मुक्ति प्राप्त होती है अर्थात पापी व्यक्ति भी इसका श्रवण करके पाप मुक्त हो जाता है। इसमें पापों का उल्लेख किया गया है। इसके प्रारंभ में अनेक प्रश्न पूछे गए हैं। इसमें अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक कथाएं, धार्मिक अनुष्ठान, ज्योतिष, मंत्र, बारह मास की व्रत-तिथियों के साथ उनसे संबंधित कथाएं, शिक्षा एवं व्याकरण आदि का भी उल्लेख मिलता है।

बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति नारद स्मृति भी देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित ग्रंथ है। इसमें न्याय, उत्तराधिकार, संपत्ति का क्रय एवं विक्रय, उत्तराधिकार, पारिश्रमिक, ऋण एवं अपराध आदि विषयों उल्लेख है। एक प्रकार से यह न्याय अथवा संविधान का ग्रंथ है। इसमें नारद गीता, नारद नीति एवं 'नारद संगीत आदि ग्रंथ होने का भी उल्लेख किया गया है। नारद-परिव्राजक कोपनिषद अथर्ववेद से संबंधित ग्रंथ है। देवर्षि नारद मुनि इसके उपदेशक हैं। इसमें परिव्राजक संन्यासी के सिद्धांत, आचरण, संन्यासी-धर्म, संन्यासी-भेद आदि का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। परिव्राजक संन्यासी उसे कहा जाता है जो परिव्रज्या व्रत ग्रहण कर भिक्षाटन करके अपने जीवन का निर्वाह करता है। इसमें ब्रह्म के स्वरूप का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। इसमें परम पद प्राप्ति की प्रक्रिया का भी स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया गया है। अहं ब्रहमास्मिअर्थात ह्यमैं ही ब्रह्म हूंह्न मंत्र का उल्लेख किया गया है। साधक के लिए यह मोक्ष प्राप्ति की स्थिति है।

**लोक कल्याणकारी संदेशवाहक**

देवर्षि नारद मुनि एक लोक कल्याणकारी संदेशवाहक एवं लोक-संचारक थे। इसीलिए उन्हें आदि संबाददाता अथवा पत्रकार कहना अनुचित नहीं है। सर्वविदित है कि वही तीनों लोकों में सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। वे केवल देवी-देवताओं को ही नहीं, अपितु दानवों को भी आवश्यक सूचनाएं देते थे। उस समय मौखिक रूप से ही सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। इसलिए दानव भी उनका आदर-सत्कार करते थे तथा उनसे परामर्श लेने भी संकोच नहीं करते थे। प्राचीन काल में आधुनिक काल की भांति सूचना के साधन नहीं थे। उस समय चौपालों पर लोग एकत्रित होते थे। इसी समयावधि में उनके मध्य संवाद होता था। इस प्रकार सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। तीर्थ यात्रियों के द्वारा भी सूचनाओं का संचार होता था। व्यापारी भी सूचनाओं के संचार का माध्यम थे। इसके अतरिक्त मेलों, धार्मिक एवं मांगलिक आयोजनों में भी सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। इनमें सम्मिलित होने वाले लोग सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का कार्य करते थे। सूचना देने वाले को संवाददाता कहा जाता है। इस प्रकार देवर्षि नारद मुनि आदि संवाददाता थे। वे सदैव एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करते रहते थे। इसके संबंध में एक कथा प्रचलित हैं कि ब्रहमाजी के पुत्र दक्ष के यहां सौ पुत्र हुए तथा सभी पुत्रों को जनसंख्या बढ़ाने का आदेश दिया गया, ताकि सृष्टि आगे बढ़ सके। किन्तु देवर्षि नारद मुनि ने अपने भाई दक्ष के पुत्रों अर्थात अपने भतीजों को तपस्या करने के लिए प्रेरित किया। उनकी बात मानकर सभी दक्ष पुत्र घोर तपस्या करने लगे। दक्ष ने अपने पुत्रों को तपस्या छोड़कर सृष्टि बढ़ाने का पुनः आदेश दिया, परन्तु देवर्षि नारद मुनि ने उन्हें पुनः तपस्या में लगा दिया। इस पर दक्ष को क्रोध आ गया और उसने देवर्षि नारद मुनि को श्राप दे दिया। इस श्राप के अनुसार वे एक स्थान पर अधिक समय तक नहीं ठहर पाएंगे तथा सदैव विचरण करते रहेंगे। इसके साथ ही वे सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने का कार्य करेंगे। देवर्षि नारद मुनि ने इस श्राप को सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने इस श्राप का लोकहित में उपयोग किया। श्रीकृष्ण ने देवर्षि नारद मुनि की श्राप की इस स्वीकारोक्ति की सराहना की थी।

## कविता

जाओ जाओ लोगों बूथ पै जाओ।
बोट डालकै अपणा फरज निभाओ।।

बोट का हमको, मिला अधिकार निराला,
इस लोकतंत्र का, बोट ही है रखवाला,
अपणा एम पी चुण कै, संसद पहुंचाओ।
जाओ जाओ लोगों.........।।

धरम जाति के, ना जाल म्ह फसना,
जो देश सम्भाले, तुम उसको चुनना,
भई देखभाल कै, बटण उसका दबाओ।
जाओ जाओ लोगों.......।।

जो रोजगार की, हमसे बात करे,
जो महंगाई पै, सीधा घात करे,
ऐसे को लोगों, तुम ढूंढ के लाओ।
जाओ जाओ लोगों........।।

मंचो पे करें जो, झूठे वादे,
समझो लोगों, नापाक इरादे,
कहे भारती बोट डालके, लोकतंत्र बचाओ।
जाओ जाओ लोगों बूथ पै जाओ,
बोट डालके, अपणा फरज निभाओ।।

भूपसिंह भारती

# नवोन्मेषी और शैक्षिक गतिविधियां

**विजय गर्ग**

**नवोन्मेषी** और शैक्षिक गतिविधियों में संलग्न होकर, बच्चे अपनी गर्मी की छुट्टियों का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं और शारीरिक और बौद्धिक विकास सुनिश्चित कर सकते हैं स्कूली छात्र गर्मी की छुट्टियों के आगमन का बड़े उत्साह के साथ इंतजार करते हैं। वह अवधि भी एक छात्र के जीवन के सबसे सुखद चरणों में से एक है। यह भी जरूरी हो जाता है कि इस समय माता-पिता अपने बच्चों के समय की कीमत को पहचानें। उन्हें इस बात की चिंता होने लगती है कि उन दिनों के दौरान वे अपने बच्चे को अपने समय का बुद्धिमानी से उपयोग कैसे करने देंगे। इसके विपरीत, बच्चे उन महीनों में ऊर्जा और प्रत्याशा से भरे होते हैं। हालाँकि, कामकाजी माता-पिता के लिए यह परेशानी भरा हो जाता है यदि उनके बच्चे छोटे और अत्यधिक ऊर्जावान हों। उनकी दैनिक निर्धारित गतिविधियाँ अनियंत्रित हो जाती हैं, जिससे माता-पिता के लिए अपने बच्चों को सार्थक गतिविधियों में शामिल करना कठिन हो जाता है। हालाँकि गर्मी की छुट्टियों का मतलब हर किसी के लिए अलग-अलग होता है, लेकिन गर्मियों में सीखने के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यह बच्चों के शारीरिक और शैक्षणिक स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण घटक है। केवल 60 दिनों की गर्मी की छुट्टियों के साथ, हर दिन एक बच्चा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में भाग नहीं लेता है जो एक झटके का प्रतिनिधित्व करता है। फिर भी, माता-पिता अपने बच्चों को विभिन्न प्रकार की नई और मनोरंजक गतिविधियों में शामिल कर सकते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश पाठ्यक्रम गर्म भारतीय गर्मी कुछ लोगों, विशेषकर बच्चों के लिए सहन करने का सबसे कठिन समय हो सकता है। यदि वे गर्मी से बचने के लिए तैयार नहीं रहेंगे तो उन्हें गंभीर पीड़ा हो सकती है। माता-पिता को इन गर्म दिनों के दौरान अपने बच्चों द्वारा खाए जाने वाले भोजन के बारे में सावधान रहना चाहिए ताकि उनके पाचन तंत्र पर कोई अतिरिक्त दबाव न पड़े। पाचन और निर्जलीकरण की समस्याओं से बचने के लिए, माता-पिता अपने बच्चों की भोजन योजना में तरबूज, दही, ककड़ी, नारियल पानी और मौसमी सब्जियां शामिल कर सकते हैं। बच्चों को उस समकालीन तकनीकी वातावरण के बारे में सीखना शुरू करना चाहिए जिसमें वे रहते हैं। इसलिए, माता-पिता अपने बच्चों को आकर्षक और नवीन शिक्षण उत्पादों से जोड़ सकते हैं। रुझान इस प्रकार हैंः बच्चों के लिए एआई और एमएल पाठ्यक्रमः बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे भविष्य के कौशल से परिचित कराने के लिए ऑनलाइन कई पाठ्यक्रम हैं। बच्चे जो भी करियर विकल्प चुनेंगे, उसमें ये कौशल अनिवार्य होंगे। छात्रों को ऐसे पाठ्यक्रमों का चयन करना चाहिए जिनमें पायथन कोडिंग, जेनरेटिव-एआई प्रॉम्प्ट राइटिंग और वेबसाइट और ऐप बिल्डिंग जैसे उद्योग प्रोजेक्ट शामिल हों। बच्चों और माता-पिता को नई प्रौद्योगिकियों से डरना नहीं चाहिए।

## विचार

# भारत के युवाओं में शक्ति, सामर्थ्य

**संजीव**

**हमें सदैव** वर्तमान में जीना चाहिए, वर्तमान का कठोर श्रम सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होता है। इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# राम को नहीं 'झुठाराम ' को हराना चाहता है देश

**राकेश अचल**

**इस लोकसभा** चुनाव में जितना मजा आ रहा है उतना मजा मैंने पिछले एक दर्जन लोकसभा चुनावों में नहीं उठाया। पहले चुनाव में जोकरों,मुंगेरी लालों और शेखचिल्लियों ,और तो और धरती पकड़ों के लिए सीमित स्थान था। अब चौतरफा इन्हीं की गूँज है ,धूम है। कौन ,किसे क्या ,समझता है ये बता पाना कठिन है ,लेकिन एक बात मै दावे के साथ कह सकता हूँ कि इस चुनाव में ' राम ' नहीं बल्कि ' झूठाराम ' निशाने पर हैं और देश की जनता [ जिसमें विपक्ष भी शामिल है ] झूठाराम को हराना चाहती है। राम का नाम लेकर झूठाराम अपने आपको बचने की कोशिश कर रहे हैं। चुनाव के छठवें चरण से ठीक पहले झूठाराम का आर्त्तनाद सुनाई दिया कि विपक्ष राम को चुनाव हराना चाहता है। सवाल ये है कि ये रामजी क्या सचमुच इस चुनाव में लोकसभा की 543 सीटों में से किसी एक पर ,किसी एक दल के या निर्दलीय प्रत्याशी हैं ? राम को हारने की एडवाइजरी पढ़ी तो मै पूरे दो दिन केंद्रीय चुनाव आयोग की वेबसाइट पर राम को तलाशता रहा । मुझे एक भी सीट पर दशरथ नंदन राम की और से दाखिल कोई पर्चा नजर नहीं आया। मेवाराम, सेवाराम, दाताराम, सियाराम, झुठाराम जैसे प्रत्याशी जरूर नजर आये। जब राम चुनाव लड़ ही नहीं रहे तो कोई उन्हें कैसे हरा सकता है? राम को समझना आसान भी है और कठिन भी। राम दीनबंधु भी हैं और दीनानाथ भी। वे अपराजेय भी है। दशानन भी उन्हें हरा नहीं पाया । परशुराम भी उनके सामने युद्ध करने के बजाय शीश नवकार वापस रंगभूमि छोड़ गए थे। राम से लड़ना किसी के बूते की बात है ही नही। कांग्रेस और समूचे विपक्ष की तो बिसात ही क्या है ? कांग्रेस में या किसी भी दल में [भाजपा में भी ] राम के सामने खड़े होने की कूबत किसी में भी नहीं है। हाँ रामनामी चादर ओढ़कर चुनाव लड़ने वालों से लड़ने और हारने की ताकत बहुतों में है। चुनावी जंग में कोई भी किसी का भी 'राम नाम सत्य है 'करने की ताकत और हैसियत रखता है भले ही उसके पास इलेक्टोरल बांड से मिला पैसा हो या न हो। हारा हुआ हर खिलाड़ी अंत में या तो अपनी माँ का नाम लेता है या राम का। छठवें चरण से ठीक पहले जो लोग राम का नाम ले रहे हैं वे सचमुच मन से हार चुके है।

# चले बदलने..वे आए दिन दूर की हाँकते हैं।

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वे आए दिन** दूर की हाँकते हैं। उनकी मानो तो वे चुटकियों में भारत को विश्व का सरताज बना सकते हैं। अमेरिका जैसे विकसित देशों की प्रगति को व्यर्थ मानते हैं। उनकी मानो तो वे रातों रात दुनिया की रूपरेखा बदल सकते हैं। हम दोनों एक ही पाठशाला में पढ़ते थे। उसमें और मुझ में छह साल का अंतर था। किंतु उसने कभी इस अंतर को मित्रता के बीच आने नहीं दिया। जब वह पंद्रह साल का था तब वह दसवीं कक्षा पढ़ रहा था। उसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उसने भाषण देते हुए एक कहानी का जिक्र किया। कहानी का सार यही था कि बदलने की प्रबल इच्छा चिंगारी की भांति हमारे भीतर सुलगती रहनी चाहिए। उसने सभी से अपने-अपने गाँवों की रूपरेखा बदलने की शपथ दिलायी। भाषण इतना प्रेरक और जोरदार था कि तालियों की गड़गड़ाहट से प्रांगण गूँज उठा। उसी दिन कई गपोड़ियों ने उसका नाम हक्कड़ सिंह रख दिया। दस वर्ष बाद जब उसकी उम्र पच्चीस की हुई तो उसका विवाह हो गया। अब उसमें पहले जैसा उत्साह नहीं रहा। वह आए दिन कहता- असली जिंदगी का पता तो शादी के बाद चलता है। घर-गृहस्थी के चक्कर में जीवन कचूमर बन जाता है। वह खाक अपने गाँव को बदलेगा। वह अगर अपनी गली की दशा बदल दे तो वही काफी है। जब वह पैंतीस वर्ष का हुआ तो उसे लगा कि गली की दशा बदलना भी आसान नहीं है। तरह-तरह के लोग और तरह-तरह की सोच के बीच तालमेल करना टेढ़ी खीर है। भला इन्हें कौन बदल सकता है? बदलाव, परिवर्तन आदि पर्यायवाची शब्द शब्दकोश में ही अच्छे लगते हैं। वास्तविक जीवन में इसका पालन नभ-पाताल नापने के बराबर है। उसे लगा कि गली से पहले अपने परिजनों में परिवर्तन लाना जरूरी है।अब वह पैंतालीस वर्ष का हो चला है। वह परिजनों को बदलने चला था। परिजनों ने उसकी एक न सुनी। उसे तरह-तरह के उलाहने दिए। उसे भला-बुरा कहा। एक दिन जब उसके घर के पास एक बैठक चल रही थी तो उसमें एक पंद्रह वर्षीय बालक मेरे मित्र की भांति समाज में परिवर्तन लाने के बारे में जोर-शोर से भाषण दे रहा था। मित्र को अपना बचपन याद आ गया। उसने मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए कहा झ्र लो एक और मुझ जैसा दिवाना आ गया है!

## न्यूज फ्लैश

### बाजार में सामान खरीदने आई महिला की मोटसाईकिल सवार युवक गले से चैन तोड़कर फरार

**गन्नौर ।** बाजार में सामान खरीदने आई महिला की मोटसाईकिल सवार युवक गले से चैन तोड़कर फरार हो गए। महिला ने वारदात की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में अशोक नगर की महिला अनीता ने बताया कि 23 मई की रात को करीब 8 बजे वह बाजार में सामान लेने के लिए बाजार में गई थी। बाजार से सामान लेने के बाद जब वापिस घर जा रही थी तो जब सूरजभान राणा के घर के पास पहुंची तो रात को करीब 9 बजे मेरे पीछे दो व्यक्ति आये और पीछे से मेरे गले की चेन खींचकर अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गए। वारदात के बाद महिला अपने घर में पहुंची और अवगत करवाया। उसके बाद परिजनों के साथ थाने में पहुंचकर चैन छीनने का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्जकर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

### महमूदपुर माजरा में आधा दर्जन व पुगथला से एक किसान के ट्यूबवैल की तार चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** खेतों में तार व मोटर चोरी की वारदात से इन दिनों किसान परेशान है। चोर एक ही रात में दो गांव के किसानों के खेत में लगे आधा दर्जन ट्यूबवैल को निशाना बनाते हुए तार चोरी कर ली। इससे किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हुआ। महमूदपुर माजरा गांव के किसान अमन ने बताया कि खुबडू रोड पर रजवाहे के पास उनके ट्यूबवैल की बिजली की करीब 50 फुट तार चोरी हुई मिली। शिकायत में बताया कि इसके अलावा उनके ही गांव के किसान कर्मवीर, मनीष, जयकिशन, प्रदीप, ओमप्रकाश के खेत से भी चोर तार चोरी कर ले गए। उधर गांव पुगथला के किसान ने अपने खेत से तार चोरी का पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस को दी शिकायत में पुगथला के किसान संदीप ने बताया कि 10 नवम्बर की रात को तेज आंधी व बरसात आने के बाद अपने खेत में गया तो देखा कि सबमर्सीबल की तार कटी हुई मिली। किसान ने उसके बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया।

### दातौली में गली में खड़े युवक व परिजनों के साथ मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी

**गन्नौर।** गांव दातौली में गली में युवक के साथ डंडों से मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देने के आरोप में बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में दातौली गांव के प्रेम गिरी ने बताया कि 21 मई को मेरा लड़का विजय व उसका दोस्त वंश ,नीरू व वंश के मामा प्रविन्द्र गिरी को जी.टी. रोड गन्नौर चौंक पर छोड़ने के लिये आए हुए थे। मुकेश की दुकान कैफे पर कोल्ड ड्रिक्स ली तो उसी दौरान उनके गांव का अशोक आया और मेरे लड़के विजय के साथ गाली-गलोच करने लगा। उस समय तो मुकेश दुकानदार ने दोनो को समझा कर भेज दिया। विजय ने घर आकर सारी बात बताई। शिकायत में बताया कि शाम को मैं व गांव का बलजीत घर के सामने खड़े हुए थे तो गांव का अजीत, अशोक, विनय चार, पांच लड़कों के साथ आया। उसके बाद अजीत घर के पास खड़े विजय को गालीया देने लगा। जब समझाने लगा तो अजीत व उसके सभी साथियों ने डण्डों से मेरे परिवार पर डंडों से हमला कर दिया। झगड़े की आवाज सुनकर पडौसी महेन्द्र , सोनम आकर छुड़ाने लगे तो महेन्द्र के सिर में ईंट व सोनम के हाथ पर चोटे मारी। उसके बाद सभी युवक जाते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। शिकायत में बताया कि गांव के लोग उन्हें उपचार के लिए गन्नौर सामुदायिक केंद्र में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत को देखते हुए खानपुर मेडीकल रैफर कर दिया। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 'Pokemon Horizons: The Series' में नए पोकेमॉन और नए कैरेक्टर के साथ एक नए एडवेंचर के लिए हो जाइए तैयार

**नई दिल्ली।** पोकेमॉन फैंस को एडवेंचर से भरे एक नए सफर के लिए तैयार हो जाना चाहिए क्योंकि The Pok¢±fmo»»f Company लेकर आयी है 'Pokemon Horizons: The Series' जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। यह एनीमेटेड सीरीज हंगामा चैनल पर 25 मई 2024 से शुरू हो रही है। हाल ही में इसके ट्रेलर के रिलीज होने के बाद से ही फैंस के बीच इस सीरीज को लेकर बहुत ज्यादा उत्सुकता देखी जा रही थी। इसकी वजह यह है कि इस सीरीज में नए कैरेक्टर, नए एडवेंचर और कई नए पोकेमॉन मिलकर नया रंग जोड़ेंगे। 'Pokemon Horizons: The Series' में लीड किरदार एक लड़की है। पोकेमॉन के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। इस लीड किरदार का नाम है लीको जो पैलडीया रीजन की रहने वाली है।

## निष्पक्ष, भयमुक्त, व ईमानदारी से चुनाव संपन्न कराना प्रशासन का दायित्वः डॉ0 मनोज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि 25 मई को सोनीपत लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव को पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है, जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां व प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भयमुक्त वातावरण में सुरक्षित ढंग से निष्पक्ष व ईमानदारी के साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराना प्रशासन का दायित्व है जिसे टीम वर्क के साथ पूरा किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए बिट्स कलिज मोहाना से विधानसभा वाईज सभी पोलिंग पार्टियां ईवीएम व चुनाव समाग्री सहित पोलिंग बूथ के लिए रवाना हो गई हैं। उन्होंने कहा कि 25 मई को सुबह 07 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा और शाम 06 बजे समाप्त हो जाएगा। मतदान करवाने के बाद 25 मई शाम को वे सभी पार्टियां वापिस बिट्स कॉलेज मोहाना पहुंचकर अपनी ईवीएम मशीने और चुनाव सामग्री जमा करवाएंगी, जिसके बाद इन मशीनों को विधानसभा वाईज बने स्ट्रॉग रूमों में पूरी सुरक्षा की बीच रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सोनपत लोकसभा के लिए 04 जून को बिट्स कॉलेज मोहाना में ही वोटो की गिनती की जाएगी।

सोनीपत लोकसभा चुनाव की जरनल ऑब्जर्वर डॉ० मंजुला एन और जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने विधानसभा वाईज प्रचार समाग्री वितरित करने की प्रक्रिया का जायजा लिया और सभी पहुओं की विस्तार से जांच की और संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। जरनल ऑब्जर्वर ने कहा कि पोलिंग पार्टी पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता व पारदर्शिता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें और लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं।

**शांति और सौहार्द बनाए रखें मतदाता :** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने मतदाताओं से मतदान के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनाव में सभी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मतदान करें और प्रजातंत्र को मजबूत बनाने में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया आह्वानः** जिला



### जिला में बनाए गए हैं 1260 मतदान केन्द्र

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए जिला में 1260 मतदान केन्द्र बनाए गए है, जिसमें गन्नौर विधानसभा में 223, राई विधानसभा में 208, खरखौदा विधानसभा में 189, सोनीपत विधानसभा में 203, गोहाना विधानसभा में 214 तथा बरोदा विधानसभा में 223 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 06 मतदान केन्द्रों को मॉडल पोलिंग स्टेशन के रूप में तैयार किया गया है। इसके साथ ही 05 मतदान केन्द्र ऐसे होंगे जहां सभी कर्मचारी महिलाएं होंगी। उन्होंने कहा कि 06 मतदान केन्द्र ऐसे होंगा जहां युवा कर्मचारी तथा 05 मतदान केन्द्र ऐसे होंगे जहां दिव्यांग कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात होंगे।

### मतदान केंद्र परिसर में बेवजह लोगों को न होने दें खड़ा

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र पर केवल मतदाताओं को ही प्रवेश करने की अनुमति है। किसी भी रूप से मतदान करने उपरांत लोगों को बेवजह मतदान केंद्र परिसर में खड़ा न रहने दिया जाए। भयमुक्त वातावरण को बनाए रखते हुए मतदान केंद्र परिसर में निर्बाध रूप से मतदान प्रक्रिया को जारी रखा जाए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ बेहद सुरक्षित माहौल के बीच संपन्न कराना ही प्रशासन की प्राथमिकता है।

### जिम्मेदारी

- पोलिंग पार्टी ईवीएम व चुनाव सामग्री सहित पोलिंग बूथ पर हुई रवाना

निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने जिला के सभी मतदाताओं का आह्वान करता हूं कि देश के लोकतंत्र में भागदारी के लिए हर मतदाता के पास मतदान करने का मौका पांच साल में एक बार आता है इसलिए इस मौके को हाथ से न जाने देना। उन्होंने कहा कि आप सभी मतदाता 25 मई को मतदान के दिन अपने बूथ पर पहुंचकर अवश्य मतदान करें और दूसरे लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें।

**गर्मी के चलते सभी मतदान केन्द्रों पर की गई है सभी व्यवस्थाएं :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गर्मी के चलते सभी मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं की गई है, जिनमें पानी की व्यवस्था, ओआरएस, एंबुलेंस तथा डॉक्टरों की टीम की व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा जिन मतदान केन्द्रों पर लाइन में लगने वाले मतदाताओं के लिए गर्मी से बचने के लिए छत नहीं है वहां टेंट की व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को गर्मी में किसी प्रकार की परेशानी न आए। इसके अलावा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वे हो सके तो ज्यादा गर्मी होने से पहले ही अपने बूथ पर पहुंचकर अपना मतदान करें और गर्मी में मतदान करने के लिए घर से निकलते समय सिर पर कपड़ा या छाता और पानी पीकर आएं।

## जजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस में समर्थकों के साथ हुए शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गत विधानसभा चुनाव में गन्नौर से जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री स्व. वेद सिंह मलिक के छोटे भाई रणधीर मलिक लोकसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले पार्टी को अलविदा कहने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री ने रणधीर मलिक का कांग्रेस में शामिल होने पर पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान मिलेगा। पार्टी में शामिल होने के बाद रणधीर मलिक ने कहा कि पार्टी की तरफ से उन्हें जो जिम्मेदारी मिलेगी वे ईमानदारी से निभाएंगे और गन्नौर हलके में लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। वहीं उनके साथ पार्टी में शामिल होने के समय पहुंचे सोनीपत विधायक सुरेन्द्र पंवार ने भी स्वागत किया। रणधीर मलिक के साथ जयपाल मान, रमेश जाट जोशी, बाला सांदल, सन्नी मलिक, तेजेन्द्र मलिक, गौरव मलिक आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञात रहे कि जजपा की टीकट पर चुनाव लड़ने के बाद से वह लगातार जजपा के सक्रीय नेता तौर पर कार्य करते रहे। पार्टी छोड़ने पर कहा कि कार्यकर्ताओं के काम न होने और जनभावनाओं को देखते हुए उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है।

## कुलदीप से सुनैना चौटाला की मुलाकात का फोटो वायरल होने से चल पड़े सियासी कयास

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हिसार लोकसभा सीट से इनेलो प्रत्याशी सुनैना चौटाला की भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई से उनके आवास पर मुलाकात का फोटो वायरल सोशल मीडिया पर वायरल होने से अलग अलग सियासी मायने निकाले जा रहे है। जानकारी के अनुसार सुनैना चौटाला कुलदीप बिश्नोई के आवास पर एक घंटे तक रहीं। कुलदीप बिश्नोई समर्थकों की ओर से कहा गया कि चुनाव के दौरान कोई भी प्रत्याशी किसी भी मतदाता के घर जाकर वोट की अपील कर सकता है। सुनैना चौटाला इसी तरह से प्रचार के तहत सामान्य तौर पर आई थीं। इंडियन नेशनल लोकदल की प्रत्याशी सुनैना चौटाला ने कुलदीप बिश्नोई से मुलाकात कर उनके समर्थन की बात कही है। ट

## आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग द्वारा आसपास के कॉलेजों के छात्रों को एनीमेशन और मल्टीमीडिया के उभरते क्षेत्र में उपलब्ध विविध कैरियर अवसरों को लेकर जागरूक करने के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया गया है।

कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग विभाग की अध्यक्ष डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि इन आउटरीच कार्यक्रम को एनीमेशन और मल्टीमीडिया अध्ययन में संभावित कैरियर की संभावनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## जयप्रकाश ने डोर-टू-डोर अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** हिसार लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश ने हिसार शहर में व्यक्तिगत संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने सेक्टर-33, सेक्टर-14, अनाज मंडी, तिलक बाजार, गुलाब सिंह चौक, मैन बाजार, गांधी चौक, वकीलान बाजार, गणेश मार्केट, बस अड्डा बाजार,दिल्ली गेट, पड़ाव बाजार, भगत सिंह चौक, आर्य बाजार, राजगुरू मार्केट, बिश्नोई मार्केट, आर्यसमाज मंदिर रोड मार्केट, पुरानी मंडी, लोहा मंडी, काठ मंडी, बार एसोसिएशन, एमजी रिजोर्ट सहित शहर के अनेक क्षेत्रों में डोर-टू-डोर लोगों से मुलाकात की और उन्हें कांग्रेस पार्टी की नीतियों व घोषणाओं से अवगत करवाते हुए



हाथ के निशान वाला बटन दबाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं आपका भाई, आपका बेटा हूं। मुझे आपने पहले भी तीन बार सांसद चुनकर संसद में भेजने का अवसर दिया है, एक बार फिर पूरे लोकसभा क्षेत्र वासियों को विश्वास दिलाता हूं कि आपकी आशाओं के अनुरूप काम करूंगा और हिसार लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में चार चांद लगा दूंगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश व केंद्र की सरकार को लोगों ने भलीभांति देख लिया है, सभी जानते हैं कि भाजपा सरकार के काल में कोई वर्ग ऐसा नहीं है, जिन पर किसी न किसी तरह की प्रताड़ना न दी गई हो। जयप्रकाश ने कहा कि उन्होंने

### वोट की मांग

- चुनाव जीतने के बाद पूरे लोकसभा क्षेत्र का पुनः दौरा करेंगे और मतदाताओं से मिलेंगे

अपने जनसंपर्क अभियान के तहत पूरे लोकसभा क्षेत्र के हर गांव में व हर शहर में जाकर मतदाताओं से संपर्क किया है

फिर भी किसी गांव या शहर में नहीं पहुंच पाया हूं तो क्षमा प्रार्थी हूं। उन्होंने अपनी जीत के प्रति आश्वस्त होते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद पूरे लोकसभा क्षेत्र का पुनः दौरा करेंगे और मतदाताओं से मिलेंगे।

## मौसेरा भाई बनकर की कॉल, खाते में डलवा लिए 10.66 लाख रुपये

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र गांव मेहंदीपुर के युवक से एनआरआई मौसेरे भाई की आवाज निकालकर बातचीत करने के बाद खाते में 10.66 लाख रुपये डलवा लिये। पीड़ित का आरोप है कि वाइस डबिंग फ्रॉड कर उन्हें झांसे में लेकर रुपये डलवाए गए है। जब उन्होंने मौसेरे भाई को कॉल की मामले का पता लग सका। जिस पर साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मेहंदीपुर निवासी वीरेंद्र ने बताया कि उनके मौसेरे भाई मुकेश दुबई में रहते है।

## फतेहाबाद में 2000 पुलिसकर्मी व सीआरपीएफ की 4 कंपनियां देंगी ड्यूटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** लोकसभा चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह तैयार है। लोकसभा चुनाव के मध्यनजर जिले में कुल 2000 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है और उनके साथ होमगार्ड की तैनाती भी रहेगी। जिलेभर में कुल 371 लोकेशन में स्थित 688 बूथ पर मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। सीआरपीएफ की चार कंपनियां संवेदनशील/क्रिटिकल बूथों के लिए तैनात की गई है। इसी तरह जिला में कुल 30 पेट्रोलिंग पार्टी ड्यूटी दे रही है। प्रत्येक

### मतदान

- जिलेभर में कुल 371 लोकेशन में स्थित 688 बूथ पर मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे

विधानसभा क्षेत्र के ओवरऑल इंचार्ज डीएसपी होंगे व उनके साथ दूसरे इंचार्ज इंस्पेक्टर होंगे। जिला स्तर पर भी तीन प्लाटून कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयार की गई है। इसके साथ ही जिला की डायल-112 वाहन भी तैनात रहेंगे। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया कि यदि कोई अवैध तौर से मतदाता को तंग कर रहा है या धनबल-बाहुबल का प्रयोग कर रहा है या मतदाताओं को गैर कानूनी ढंग से प्रभावित करने की कोशिश करे तो 112 या संबंधित एसएचओ को तुरन्त सूचना दे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में आदर्श आचार संहिता के प्रभाव में आने से लेकर अब तक माहौल शांतिपूर्ण रहा है। आमजन से अपील है कि चुनाव के दिन व चुनाव के बाद भी माहौल शांतिपूर्ण रखें।

## कमरे से मोबाइल फोन व लैपटॉप चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित मकान से मोबाइल फोन व लैपटॉप के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। ताकि चोर का कोई सुराग हाथ लग सके। कॉर्पोरेट बोकारो स्टील सिटी झारखंड हाल में बहालगढ़ मेडिकल स्टोर निवासी अविनाश ने बताया कि गत 24 मई को वह अपने कमरे पर मौजूद था। वह कमरे से सुबह दूध लेने के लिए गया था।

## निर्भय होकर करें चुनाव ड्यूटीः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि शनिवार 25 मई को होने वाले 18वीं लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि सभी मतदाता अपने परिवार के सभी सदस्यों और साथियों के साथ जाकर मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें ताकि देश के प्रति अपनी जिम्मेवारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए प्रातः 7 बजे से लेकर सांय 6 बजे तक का समय रहेगा।

वे शुक्रवार को करनाल की सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा पोलिंग पार्टियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण और चुनाव



वितरण सामग्री के कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान जनरल पर्यवेक्षक ई. रविंद्रन व करनाल विधानसभा के आरओ अनुभव मेहता भी उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है और सभी पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरित की गई। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल के साथ-साथ केन्द्रीय अर्धसैनिक बल की भी तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग, वृद्ध और गर्भवती महिलाओं के लिए भी मतदान केन्द्र पर उनकी सहूलियत के अनुसार व्यवस्था की गई है, ताकि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण करवाने और कानून व्यवस्था को कायम रखने के दृष्टिगत उम्मीदवारों को मतदान केन्द्र की 200 मीटर की परिधि के बाहर बूथ स्थापित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### दिशा-निर्देश

- पोलिंग पार्टियों को की चुनाव वितरण सामग्री
- चुनाव 25 मई को सुबह 7 बजे से सांय 6 बजे तक होगा

## प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

### यूजी एंड इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024-25 में दाखिले के लिए एडमिशन शेड्यूल जारी कर दिया है। हरियाणा राज्य के ए-प्लस-प्लस विश्वविद्यालय में ऑनलाइन दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर यूजी इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स व पीजी प्रोग्राम्स में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पीजी कोर्स व यूजी एंड इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स, पीजी कोर्सिज एमए, एमएससी, एमकॉम, बैचलर डिग्री के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित



की गई है। एडवांस डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कोर्स में इच्छुक आवेदक 28 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार कुवि के शिक्षण विभागों/संस्थानों में ऑनलाइन दाखिले विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के एडमिशन पोर्टल (आईयूएमएस) से विभिन्न विभागों के यूजी इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स व पीजी प्रोग्राम्स, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन के लिए अलग से लिंक बनाया गया है तथा पूरी दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

लोक संपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक ब्रांच की ओर से जारी किए गए एडमिशन शेड्यूल के अनुसार विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी बीए, मास कम्यूनिकेशन, बीएससी ग्राफिक्स एंड एनिमेशन, बीएससी मल्टीमीडिया, बीएससी प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, बीबीए आनर्स, एमबीए 5 वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टैक्नोलॉजी, बीएफए, एमपीए ऑनर्स 5 वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम, बीए एलएलबी ऑनर्स 5 वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम, एमटेक अप्लाईड जियोलॉजी 5 वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम एंड इंटिग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम आईटीईपी-बीए बीएड/बीएससी बीएड/बीकॉम बीएड प्रोग्राम्स में 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### प्रक्रिया

- वेबसाइट पर एडमिशन के लिए अलग से लिंक बनाया गया है तथा पूरी दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन होगी

## 25 मई को भारी तादाद में मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान करेंः वेदप्रकाश विद्रोही

**टीम एक्शन इंडिया**

**स्वयंसेवी** संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष वेदप्रकाश विद्रोही ने हरियाणा के सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वे 25 मई को भारी तादाद में मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान करें और लोकतंत्र, संविधान बचाने की लड़ाई में अपना योगदान दें। विद्रोही ने कहा कि हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटों पर कांग्रेस-इंडिया गठबंधन व भाजपा उम्मीदवारों में सीधा मुकाबला है। मतदाताओं ने दोनो दलों के नेताओं, उम्मीदवारों की बाते चुनाव प्रचार में सुन ली और कांग्रेस व भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र भी सबके सामने है। वहीं भाजपा के हरियाणा व केन्द्र में दस साल की सत्ता का हाल भी देख लिया है। मोदी-भाजपा के 2014 व 2019 के लोकसभा चुनावों में किये गए वादों का क्या हश्र हुआ है, यह भी जनता जान चुकी, देख चुकी और भुगत चुकी है। अब मतदाता को वोट की चोट से तय करना है कि वे चाहते क्या है। विद्रोही ने पूरे प्रदेश के मतदाताओं व अपनी कर्मभूमि जन्मस्थली अहीरवाल के लोगों से आग्रह किया कि वे देश के समक्ष व्याप्त चुनौतियों को समझे और भारत के लोकतंत्र व संविधान के समक्ष खड़े खतरे को पहचानकर कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करे ताकि कोई भी फासिस्ट विचारधारा, साम्प्रदायिक उन्माद व नफरत का सहारा लेकर भारत की गंगा-जमुनी तहजीब को उजाड़ने का षडयंत्र करने में कामयाब न हो सके। वहीं भारत के लोकतंत्र व संविधान को कमजोर करके भारत की जनता पर साम्प्रदायिक उन्माद, फासिस्ट विचारधारा को थोपा न जा सके। आज भारत के लोकतंत्र व संविधान के समक्ष गंभीर खतरा खड़ा हुआ है, उसे पहचानकर मतदाता को ही वोट की चोट से रोकना होगा। विद्रोही ने सभी मतदाताओं से कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट डालकर भारत के लोकतंत्र व संविधान को मजबूत करने के साथ अपने, देश व समाज के भविष्य की रक्षा करनी होगी।

# वैष्णो देवी जा रहे ट्रैवलर की ट्रक से भिड़ंत, 6 की मौत

## देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 20 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के अंबाला में देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 20 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के रहने वाले हैं। सभी एक ट्रैवलर में सवार होकर जम्मू में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान दिल्ली-अंबाला हाईवे पर मोहड़ा के नजदीक ट्रैवलर एक ट्रॉले से टकरा गया।





ट्रैवलर में बच्चे और महिलाएं भी सवार थीं। ट्रैवलर में कुल 26 श्रद्धालु थे। हादसा इतना भयानक था कि ट्रैवलर पूरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सवार श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद पड़ाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ श्रद्धालु ट्रैवलर में ही फंस गए थे। इन्हें राहगीरों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल श्रद्धालुओं को अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में और शाहाबाद के आदेश मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है।

इनमें 5 माह की बच्ची दीप्ति, सोनीपत के जखोली निवासी विनोद (52), यूपी के बुलंदशहर ककौड़ निवासी मनोज (42), गुड्डी, यूपी हसनपुर निवासी मेहर चंद, यूपी के ककौड़ निवासी सतबीर (46) की मौत हो गई है। जबकि बुलंदशहर के टकोर निवासी शिवानी (23), इनका 4 वर्षीय बेटा आदर्श, यूपी में धनकौर के पास जमालपुर निवासी राधिका, धीरज, बुलंदशहर निवासी राजेंद्र (50), कविता (37), वंश (15), सुमित (20), सोनीपत के जखोली निवासी सरोज (50), दिल्ली के मंगोलपुरी निवासी नवीन (15), लालता प्रसाद (50) और अनुराधा (42) इस हादसे में घायल हुए हैं। उधर, हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी और हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने संवेदना व्यक्त की है। पीएम ने लिखा, 'हरियाणा के अंबाला में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।' वहीं, सीएउम सैनी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अंबाला में दर्दनाक सड़क हादसे में जिन परिवार जनों की मृत्यु हुई है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना हैं। घायलों का समुचित इलाज कराया जा रहा है। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं घायलों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ हो। हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी विधायक अनिल विज ने अंबाला के जीटी रोड पर भीषण सड़क हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों एवं घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने प्रातः सिविल अस्पताल और आदेश मेडिकल कालेज में पहुंचे घायलों से बातचीत की और वहां मौजूद परिजनों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

# पोलिंग बूथ की सजगता से वीडियोग्राफी करे वीडियो टीम



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने अम्बाला लोकसभा चुनाव में वीडियोग्राफी करने वाली टीमों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि यह टीम पोलिंग बूथ पर सजगता से वीडियोग्राफी करे। उन्होंने निर्देश दिए कि टीम एआरओ द्वारा जारी किए गए आई-कार्ड को गले में डालकर रखे। जिसे आई-कार्ड इश्यू किया गया है वही ड्यूटी पर जाए। मतदान केंद्र के 200 मीटर के इलाके में हो रही गतिविधियों की वीडियो फुटेज अवश्य बनाए। इसके साथ-साथ मतदान केंद्र पर आ रहे मतदाताओं के वीडियो शॉट जरूर लें। मतदान में लगे कर्मचारियों व अधिकारियों की वीडियो फुटेज अवश्य रिकॉर्ड कर लें। सभी वीडियोग्राफर सुबह 5 बजे मतदान केंद्र पर रिपोर्ट करें और चुनाव खत्म होने तक वहीं ड्यूटी दें।

**दिशा-निर्देश**

**निर्देश दिए कि टीम एआरओ द्वारा जारी किए गए आई-कार्ड को गले में डालकर रखे**

## न्यूज फ्लैश

### राहुल व प्रियंका गांधी व खरगे की रैली से कांग्रेसमय हुआ हरियाणा का माहौल : अशोक मंगालीवाला



**हिसार:** हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेते हुए कहा कि पूरे देश व राज्य में कांग्रेस की लहर है। कांग्रेस जीत का इतिहास रचते हुए स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सोनीपत व चरखी दादरी में रैली और पंचकूला में बैठक से कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। इसी भांति वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के सिरसा में रोड शो व पानीपत की जनसभा से हरियाणा के निवासी प्रभावित हैं। इसी तरह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कुरुक्षेत्र व अंबाला लोकसभा सीट के लिए की गई जनसभाओं ने काफी असर दिखाया है। मंगालीवाला ने कहा कि इन रैली व जनसभाओं में पूरा हरियाणा कांग्रेसमय हो गया है और पूरा माहौल पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में हो गया है। अशोक मंगालीवाला ने कहा के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, सचिन पायलट, शशि थरूर व अजय माकन सहित कई नेताओं के हरियाणा दौरे से कांग्रेस को काफी लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र के माध्यम से अपनी जनहित की नीतियों को स्पष्ट कर दिया है। दरअसल कांग्रेस आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ रही है। इसलिए घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया गया है। कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि युवा, किसान, श्रमिक व नारी के हितों के लिए पार्टी विशेष रूप से प्रयत्नशील है। इसलिए युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरियां, किसानों की कर्जा माफी व एमएसपी की कानूनी गारंटी, मनरेगा में 400 रुपये प्रतिदिन आय एवं 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज का प्रावधान किया जाएगा। इसी भांति महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण और सामाजिक व आर्थिक गिनती व वन अधिकार कानून वाले पट्टों का एक साल में फैसला करवाने का निर्णय लिया गया है। मंगालीवाला ने कहा कि जनता बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार से बुरी तरह त्रस्त है। अब जनता कांग्रेस में विश्वास जताते हुए स्वच्छ व जनहितकारी सरकार की तरफ अग्रसर है। इसलिए जनता इस बार कांग्रेस को विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### प्रियंका गांधी के रोड शो से सिरसा लोकसभा में एकतरफा हुआ माहौल : लाल बहादुर खोवाल

**हिसार:** कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी द्वारा सिरसा में किए गए रोड शो की सफलता से कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा लोकसभा सीट की प्रत्याशी कुमारी सैलजा के समर्थन में किए गए इस रोड में उमड़ी भीड़ ने बहन सैलजा की जीत पर मोहर लगाने का काम किया है। लोगों का उत्साह व समर्थन देखकर स्पष्ट हो गया कि कुमार सैलजा सिरसा लोकसभा सीट से रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगी। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र के रोड शो में जिस तरह से लोगों ने मालाओं व पुष्पगुच्छ देकर प्रियंका गांधी व कुमारी सैलजा का स्वागत व सत्कार किया वह अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा ने हमेशा अपने परिवार की भांति सिरसा लोकसभा के लिए कार्य किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने अपने पिता पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चौ. दलबीर सिंह के पदचिह्नों पर चलते हुए निष्पक्ष, बेदाग व जनहित की राजनीति की है। समाज के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण भाव व ईमानदारी सभी को प्रभावित करती है। कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा की सादगी व ईमानदारी का हर कोई कायल हो जाता है। इन गुणों व संवेदनशीलता के कारण समस्त सिरसा लोकसभा

# अमीशी गुप्ता ने अयोध्या मंदिर व भगवान गोेश की

**हिसार:** हरियाणा के हिसार की रहने वाली अमीशी गुप्ता ने मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में कला और शिल्प की श्रेणी में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है। 20 मई, 2024 को ऐक्रेलिक पेंट और स्वर्णपत्र का उपयोग करके अयोध्या मंदिर की 12 फुट गुणा 25 फुट की पेंटिंग और भगवान गणेश की 1 सेमी गुणा 1 सेमी की विस्तृत पेंटिंग बनाने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए अमीशी का नाम आधिकारिक तौर पर इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। असाधारण प्रतिभा की धनी अमीशी गुप्ता की कला में बचपन से ही रुचि थी। वह सात साल की आयु से ही पेंटिंग बना रही है। उसने अपने हुनर को समय के साथ क्लासेस और वर्कशॉप से निखारा। अमीशी ने अपनी कला को राम मंदिर और गणेशजी की पेंटिंग के माध्यम से दशार्या

# गुरु रविदास विश्व महापीठ का आह्वान, समाज करें भाजपा को मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**


**कुरुक्षेत्र :** श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तराखंड के पूर्व मंत्री रविदासआचार्य सुरेश राठौड़ ने आज पत्रकार वार्ता में महापीठ के देश भर में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को पूर्ण समर्थन देने का देशभर के दलित समाज - रविदास समाज से आह्वान किया। रविदास आचार्य राठौर और संगठन महामंत्री सूरजभान कटारिया ने गत सप्ताह से ही लगातार पंजाब, दिल्ली एवं हरियाणा के विभिन्न लोकसभा क्षेत्र में रविदासी समाज के साधु-संतों एवं डेरा प्रमुख तथा समाज के बुद्धिजीवी वर्गों से लगातार जनसंपर्क का कार्य किया है। देशभर मे रविदास समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं प्रतिनिधियों की से भाजपा को समर्थन देने के निर्णय से अवगत कराया। रविदासआचार्य सुरेश राठौड़ ने आगे कहा कि श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ, जो कि देश दुनिया के लाखों करोड़ों रविदास समाज से जुड़ा सामाजिक संगठन है और लगभग पिछले 10 - 12 वर्षों से सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी शिक्षाओं एवं विचारों को देश और दुनिया में पहुंचने का कार्य कर रहा है इस समय सनातन जोड़ो भारत जोड़ो अभियान को चला रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "भारत जोड़ो - सनातन जोड़ो" अभियान के तहत देश में नरेंद्र मोदी जी की सरकार। का गठन होना अति आवश्यक है। हमारे महापीठ संगठन ने भी देशभर में सनातनी परंपरा का निर्वाह करते हुए "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" की नीति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों की सरकार को श्री गुरु रविदास महापीठ का समर्थन भी जारी किया गया है!



**समर्थन**

**सुरेश राठौड़ ने कुरुक्षेत्र में किया ऐलान, कहां "भारत जोड़ो सनातन जोड़ों" के लिए मोदी सरकार जरूरी**

# देश हित में मतदान करना सभी का परम कर्तव्य : सोमनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि देश हित में मतदान करना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, विद्यार्थी मतदातागण को 25 मई 2024 को लोकतंत्र के महापर्व पर होने वाले मतदान की शुभकामनाएं देते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि मतदान हम सबके लिए न केवल हमारा महत्वपूर्ण अधिकार है बल्कि परम कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि चुनाव में हमारे देश के निरंतर विकास के लिए अपने मत का प्रयोग करें और अपने परिवार के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए आग्रह करें। हमारा एक-एक मत हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इसलिए अपने अधिकार एवं कर्तव्य का सम्मान करें और 25 मई को अपना वोट अवश्य डालें।

# लोकसभा आम चुनाव में मतदान करवाने के लिए रवाना की मतदान पार्टियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा में मतदान के लिए मतदान पार्टियों को ईवीएम मशीनों, वीवीपैट, कंट्रोल आदि का आवंटन करके मतदान पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। चुनाव ड्यूटी पर जा रहे मतदान दल के कार्य में अगर कोई असामाजिक तत्व या राजनीतिक पार्टियां अपने प्रभाव के चलते उनकी ड्यूटी में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करते हैं तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि पोलिंग पार्टियों की पहली व दूसरी रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया तथा प्रशिक्षण का कार्य को किया जा चुका है। अब यह सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हो गई है। लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु 25 मई को मतदान होगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्र के अंदर यदि किसी व्यक्ति का आचरण सही नहीं है या पीठासीन अधिकारी के आदेशों की अवहेलना करता है तो उसे ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी द्वारा मतदान केंद्र से बाहर निकाल दिया जाएगा।

उसके बाद भी यदि वह व्यक्ति पीठासीन अधिकारी की अनुमति के बिना मतदान केंद्र में पुनः प्रवेश करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 132 के तहत उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और 3 माह की जेल या जुमार्ना या दोनों सजाएं दी जा सकती है।



**प्रशिक्षण**

**पहली व दूसरी रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया तथा प्रशिक्षण का कार्य को किया जा चुका है**

# अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने दिया आपसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,** : अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के अनुसार समाज में लोग आपस में भाई बंधु हैं। इसी उद्देश्य से कुरुक्षेत्र के श्री जयराम विद्यापीठ में विश्व ब्रदर्स डे पर एक चर्चा आयोजित की गई थी। समाज के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के इलावा कई अन्य गण मान्य नागरिक भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनावों के लिए मतदान होना है। मतदान की पूर्व अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने अभियान के अंतर्गत आपसी बंधुत्व का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज तभी उन्नति करता है जब आपसी भाईचारा व प्रेम बना रहे। इस

# कायकर्ता भाजपा के पक्ष में वोट करें और करवाएं: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला**

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने 25 मई को अपने जन्मदिन पर लोगों से भाजपा के लिए वोट का उपहार मांगा है। गुप्ता ने कहा कि हर साल बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उनके निवास पर उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचते हैं, लेकिन इस बार उनका आग्रह है कि वे सभी पोलिंग बूथों पर मुस्तैद होकर भाजपा के पक्ष में वोट करें और करवाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करना ही उनके लिए जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा होगा। प्रेस को जारी एक वक्तव्य में गुप्ता ने कहा कि एक पारिवारिक परंपरा के तहत वे हर साल 25 मई को जन्मदिन के अवसर पर हवन-यज्ञ करते हैं, मंदिर जाते हैं और उसके बाद अपने शुभचिंतकों के बीच रहते हैं। इस बार उनके जन्मदिन का संयोग मतदान के दिन पर बना है। इसलिए पार्टी के पक्ष में मतदान करना और करवाना ही उनके लिए सबसे बड़ा अनुष्ठान होगा। उन्होंने बताया कि वे सुबह 7 बजे पंचकूला के सेक्टर 17 स्थित विजय पब्लिक स्कूल में परिवार सहित मतदान करेंगे। इसके बाद दिनभर अलग-अलग बूथों पर जाकर कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। शाम 6 से 7 बजे तक वे पंचकूला स्थित अपने आवास पर शुभचिंतकों के साथ जन्मदिन मनाएंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, मित्रों और रिश्तेदारों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार का उपहार न लाएं। भाजपा के पक्ष में मतदान करवाना ही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार हैं और वे शिद्दत से यही उपहार उन्हें भेंट करें।



**वोट डालें**

**पार्टी कार्यकर्ताओं, मित्रों और रिश्तेदारों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार का उपहार न लाएं**

# चुनावों को लेकर ईवीएम मशीनों का वितरण किया

## ईवीएम मशीन का कर्मचारियों को वितर किया गया और उन्हें पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर के ओपीएस स्कूल, अंबाला छावनी के बीपीएस प्लेनोटोरियम, एसडी कॉलेज, डीएवी रिवरसाइड से लोकसभा चुनावों को लेकर ईवीएम मशीन का कर्मचारियों को वितरण किया गया और उन्हें पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पोलिंग पार्टियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए और साथ में उन्हें यह भी कहा गया कि पूरी सतर्कता के साथ अपनी डयूटी का निर्वहन करें, क्योंकि यह लोकतंत्र का पर्व है।



प्रत्येक चुनाव बूथ पर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार कार्य करें। अंबाला लोकसभा के अंतर्गत आने वाले 9 विधानसभ क्षेत्रों में 2077 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जहां कल लाखों मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे। अंबाला में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। पोलिंग पार्टियों को एश्ट देकर रवाना कर दिया है। वहीं सुरक्षा की बात करें तो हिमाचल से होमगार्ड भी अंबाला पुलिस के साथ तैनात रहेंगे। इस दौरान सरकारी कर्मचारियों ने उन्हें वोटिंग के लिए ईडीसी न मिलने की शिकायत की और वोट डालने का हक मांगा।

चुनाव में किसी तरीके की गड़बड़ी न हो इसको लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह से सख्त है और हिमाचल से होमगार्ड के जवान पोलिंग स्टेशन पर सुरक्षा के लिए मंगवाए गए हैं। पोलिंग स्टेशन पर गर्मी को देखते हुए पीने के पानी से लेकर लस्सी तक की व्यवस्था रहेगी तो वहीं हर विधानसभा में एक एक पिंक बूथ भी बनाया गया है। चुनाव की ड्यूटी में लगे कर्मचारियों ने इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट न मिलने की शिकायत की और कहा वे जहां ड्यूटी दे रहे होते हैं उन्हें वहीं से वोट के लिए ईडीसी चाहिए होता है। 78 कर्मचारियों ने अप्लाई किया था जिसमे से 31 लोगों को ही ईडीसी दिया गया है।

एसडीएम और एआरओ दर्शन सिंह ने बताया कि ईवीएम वितरण के दौरान खुद एआरओ ने पोलिंग पार्टियों को दिशा निर्देश दिए और निष्पक्ष चुनाव करवाने की अपील की। इस दौरान एसडीएम अंबाला एंव अतिरिक्त चुनाव अधिकारी दर्शन सिंह ने कहा हम चुनाव के लिए तैयार है हर तरह की व्यवस्था की गई है। किसी तरीके की गड़बड़ी नही होने दी जाएगी। वहीं कर्मचारियों को ईडीसी न मिलने पर एआरओ ने कहा कुछ दिक्कत आई है उसमें कहां कमीं रही पता किया जा रहा है।

**देश का पर्व**

**पूरी सतर्कता के साथ अपनी डयूटी का निर्वहन करें, क्योंकि यह लोकतंत्र का पर्व है।**

# मतदाता वैकल्पिक पहचान पत्र दिखा कर भी डाल सकते हैं वोट: शांतनु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनावी रूपी लोकतंत्र के महापर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है। वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची होना जरूरी है। मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है।जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, लेकिन उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। वोट डालने के लिए वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है।



# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं के लिए किया गया वर्कशॉप

**टीम एक्शन इंडिया**
**(समालखा कुलदीप सिंह )**

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में टीचर ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, में डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता के निर्देश और मार्गदर्शन में ग्लिटर डेन में स्कूल अध्यापकों के लिए एक दिवसीय सेमिनार (वर्कशॉप) का आयोजन किया। प्रोग्राम की शुरूआत में डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता ने (प्रवक्ता के रूप में) हिस्सा लेने आए सभी अध्यापकों का स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं को अपनी प्रतिभा



को और निखारने के विभिन्न तरीके बताए कि हमें समय का सदुपयोग करके बच्चों की रचनात्मक और सृजनात्मक शक्ति को कैसे निखारना है?, शिक्षा में नवाचार और छात्रों के सर्वांगीण विकास में सुधार लाने के लिए, नई शिक्षा नीति का उद्देश्य, स्कूली शिक्षा तथा उच्च शिक्षा को और लचीला व प्रयोगशाली बनाकर, हम कैसे बच्चों के रिजल्ट में इंप्रूवमेंट (सुधार) सकते हैं; ताकि विद्यार्थी समाज के हर क्षेत्र में तेजी से आ रहे बदलाव से निपट सकें।

**ट्रेनिंग**

**छात्रों के प्रति सुखद व सकारात्मक व्यवहार डीप लर्निंग और रोचक शिक्षण को बढ़ाने में सहायक होता है**

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एजुकेशन संबंधी समस्याओं में सुधार लाना है। साथ ही उन्होंने सभी को यह समझाया कि हम कक्षा में जाकर किस प्रकार से अलग-अलग गतिविधियाँ करके बच्चों को सरलता से किसी भी कठिन विषय-वस्तु को किस प्रकार रुचिकर बना सकते हैं विद्यालय के सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं ने इस वर्कशॉप से बहुत कुछ नया सीखा। जिसका उद्देश्य उनकी शैक्षणिक क्षमता और सीखने की रणनीतियों को बढ़ाना है। यह शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों और दृष्टिकोणों के बारे में सीखने का अवसर प्रदान करता है। इस सेमिनार में 45 के करीब स्कूल अध्यापकों ने भाग लिया। सेमिनार में स्कूल के चेयरमैन रमेश रेवड़ी ने बताया कि शिक्षकों का मधुर बर्ताव छात्रों के प्रति सुखद व सकारात्मक व्यवहार डीप लर्निंग और रोचक शिक्षण को बढ़ाने में सहायक होता है।

# कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर मुझे आशीर्वाद दें : नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर उन्हें आशीर्वाद दें। अपने 10 साल के संसदीय कार्यकाल के अनुभव केआधार पर वे पहले के मुकाबले लोगों की 10 गुना अधिक सेवा करके दिखाएंगे। यहां जारी अपनी वीडियो अपील में श्री जिन्दल ने कहा कि उन्हें पूर्वसांसद और हरियाणा के पूर्व ऊर्जा मंत्री श्री ओपी जिन्दल जी से सेवा की विरासत मिली है और उन्होंने सदैव बेटा-भाई बनकर क्षेत्र के लोगों की सेवा की। उन्होंने कहा कि अपने 10 साल के संसदीय काल में उन्होंने पूरी मेहनत



और लगन से जगह-जगह लोगों के काम कराए। गांव-गांव और घर-घर शौचालय बनवाए।युवाओं के लिए खेलने के संसाधन उपलब्ध कराए, जिम की व्यवस्था की। इसी तरहबुजुर्गों के लिए मेडिकल कैंप, आंखों के कैंप लगवाए और लाखों लोगों काऑपरेशन कराकर उन्हें स्वस्थ बनाया व चश्मे दिये।श्री जिन्दल ने कहा कि उन्होंने बहुत-कुछ करने का प्रयास किया। पिछले 10वर्षों में उन्हें काफी अनुभव मिला और अब वे पूरी ताकत से पिछले कार्यकालके मुकाबले 10 गुना काम कराएंगे। उन्होंने विनती की कि कल 25 मई शनिवारको लोग कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर उन्हें अपना वोटरूपी आशीर्वाद दें। वे उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

**वोट की मांग**

**संसदीय कार्यकाल के अनुभव केआधार पर वे पहले के मुकाबले लोगों की 10 गुना अधिक सेवा करके दिखाएंगे।**

## न्यूज फ्लैश

### पोलिंग पार्टियों को चुनाव संबंधित सामग्री देकर एआरओ विरेंद्र सिंह ढुल ने किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं असंध के एसडीएम विरेंद्र सिंह ढुल ने 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत असंध विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए शुक्रवार को एस बी एस सीनियर सैकेंडरी स्कूल करनाल में पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरित करके अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना किया। इस मौके पर जनरल ऑब्जर्वर ई रवीन्द्रन भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि मतदान 25 मई को प्रात: 7 बजे शुरू हो जाएगा इसलिए सुबह 6 बजे पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल की प्रक्रिया को अवश्य करें। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया सायं 6 बजे तक चलेगी। किसी भी बूथ पर ईवीएम 6 बजे से पहले बंद नहीं होने चाहिए, 6 बजे तक जितने भी मतदाता लाइन में लगे हों उन सभी की वोट अवश्य करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव से संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा से करें व निष्पक्ष चुनाव करवाने में अहम भूमिका निभाएं तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सैक्टर सुपरवाइजर को सूचित करें। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी द्वारा निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि असंध विधानसभा क्षेत्र में 243 बूथों पर 267 पोलिंग पार्टियां 24 रिजर्व पोलिंग पार्टियां नियुक्त की गई हैं, जिनमें 11 सैक्टर मेजिस्ट्रेट, 20 सुपरवाइजर व 90 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं।

### घरों में चोरी करने वाला नाबालिग आरोपी गिरफ्तार, दो वारदातों का खुलासा*

**समालखा 24 मई ( कुलदीप सिंह )**

समालखा चौंकी पुलिस ने समालखा में घरों में चोरी करने वाले एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी से समालखा थाना क्षेत्र की चोरी की दो वारदातों का खुलासा हुआ। समालखा चौकी इंचार्ज एएसआई वीरेंद्र ने बताया कि समालखा चौकी में अखिलेश निवासी बिकताम हडवा झारखंड हाल किरायेदार भापरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 15 मई को वह डयूटी पर गया था। शाम को कमरे पर वापीस आया तो खिड़की टूटी मिली। सामान चेक करने पर एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, श्रमिक कार्ड, एक की पेड का मोबाइल व 500 रुपए नही मिले। उसने 18 मई को पड़ोसी के घर सीसीटीवी केमरे चेक किये तो दो अज्ञात युवक कमरे में घूसते दिख रहे है। अखिलेश की शिकायत पर थाना समालखा में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। एएसआई वीरेंद्र ने बताया कि समालखा चौकी पुलिस ने वीरवार को वारदात का पदार्फास करते हुए एक आरोपी को समालखा में खटीक बस्ती से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान नाबालिग के रूप में बताते हुए अपने एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। नाबालिग आरोपी ने चोरी की नगदी में से अपने हिस्से में आए 200 रुपए खर्च कर दिए। इसके अतिरिक्त नाबालिग आरोपी ने समालखा की ऑफिसर कॉलोनी में 8 मई को दिन के समय एक मकान से सोने व चांदी के जैवरात चोरी करने की एक अन्य वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में महिला टीचर सरोज निवासी रूखी सोनीपत हाल निवासी ऑफिसर कॉलोनी समालखा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। एएसआई वीरेंद्र ने बताया कि पूछताछ के बाद वीरवार को पुलिस ने नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहा से उसे बाल सुधार गृह मधुबन भेजा गया। चोरीशुदा जेवरात वारदात में शामिल इसके दूसरे साथी आरोपी के पास है।

# धूमधाम से महर्षि कश्यप जयंकी मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** महर्षि कश्यप ने दान, दया एवं कर्म को सर्वश्रेष्ठ धर्म कहा है और वह राग द्वेष रहित, परोपकारी, चरित्रवान तथा प्रजापालक थे। उन्होंने समाज को नई दिशा देने के लिए स्मृति ग्रंथ जैसे महान ग्रंथ की रचना की, उनका अखण्ड तप, अलौकिक ज्ञान, धर्म निष्ठा, परोपकारिता, अद्भुत तेज तीनों लोकों में गुंजायमान था। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता राजीव जैन ने सुंदर सांवरी तथा हनुमान नगर में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर पार्षद हरी प्रकाश सैनी के साथ श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि महर्षि कश्यप ब्रह्मा जी के मानसपुत्र होने



के नाते सृष्टि के सृजक के रूप में भी जाने जाते हैं। कार्यक्रमों में हवन, यज्ञ, पूजा अर्चना के साथ महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से श्रद्धा के साथ मनाई गई। समाज में प्रतिनिधियों ने राजीव जैन का 57 लाख रूप्ये की लागत से कश्यप भवन बनवाने तथा 23 सैक्टर के कश्यप भवन में अतुलनीय योगदान देने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया और राजीव जैन ने सूंदर सांवरी में महर्षि कश्यप मंदिर के निर्माण का भी नारियल फोड़ कर शुभारम्भ किया। राजीव जैन ने कहा कि महर्षि कश्यप की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब हम सृष्टि की अनमोल वस्तुएं, जल, जंगल एवं वायु को बचाकर रखेंगे।

**याद किया**

**जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब हम सृष्टि की अनमोल वस्तुएं, जल, जंगल एवं वायु को बचाकर रखेंगे**

# चुनाव सामग्री वितरित कर मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न चारों विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरित कर मतदान केन्द्र के लिए रवाना कर दिया गया है और वे अपने गंतव्य स्थानों पर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी में तैनात पीठासीन व पोलिंग अधिकारियों सहित पोलिंग पार्टियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, पीठासीन अधिकारी डायरी, सील, ग्रीन पेपर सील, बैलेट पेपर व स्ट्रीप सील आदि दस्तावेज वितरित किए गए। शनिवार को प्रातः 7 बजे मतदान शुरू हो जाएगा और सायं-6 बजे तक चलेगा। मतदान की शुरूआत से 90 मिनट पहले प्रत्याशियों के बूथ स्तर के एजेंटों की उपस्थिति में संबंधित पीठासीन अधिकारी द्वारा मॉक पोल भी करवाया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पीठासीन अधिकारी समय-समय पर मतदान संबंधी जानकारी संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी और चुनाव आयोग को एस.एम.एस. के माध्यम से उपलब्ध करवाते रहेंगे। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की गई हैं।

# शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाने के लिए किये गए है पुख्ता इंतजाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाने के लिए शुक्रवार को आर्य स्कूल, कॉलेज परिसर से जिला पुलिस, होमगार्ड व पुलिस व अर्ध सेनिक बल के जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर पोलिग पार्टी के साथ रवाना किया।

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने इस दौरान पुलिस, होमगार्ड व अर्धसेनिक बल के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। चुनाव ड्यूटी को पूरी सर्तकता के साथ करें।



स्ट्रोग रूम से पोलिंग पार्टी के साथ उपलब्ध करवाए गए वाहनों में सुरक्षित तरीके से इवीएम मशीनों को बूथ तक लेकर जाएगे। जब तक ईवीएम मशीन वापिस स्ट्रोग रूम ने सुरक्षित रूप से जमा नही हो जाती अपनी डयूटी को सर्तकता से करें। डयूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मी सरकारी वाहन का ही प्रयोग करेंगे। बूथ पर अति सुझबूझ के साथ कर्तव्यपालना दौरान नम्र व्यवहार करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष मतदान संपन्न करवाएं। कोई भी कर्मचारी रात के समय बूथ नहीं छोड़ेगा। इस दौरान उनकी समय-समय पर अधिकारियों द्वारा चेकिंग की जाएगी। गश्त पार्टी चुनाव के दौरान बूथ परिसर के आसपास के क्षेत्र में पैनी नजर बनाए रखे और बूथ परिसर के आसपास अनावश्यक रुप से कोई वाहन खड़ा ना होने दे और पोलिंग स्टेशन गेट के अंदर तथा बाहर अनावश्यक भीड इकट्ठी ना होने दे। लापरवाही को किसी भी रूप में सहन नही किया जाएगा और कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र में पानीपत जिला के चार विधानसभा क्षेत्र आते है। इनमें कुल 876 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों पर प्रयाप्त सख्या में पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवानों को लगाया गया है। जिला पुलिस के जवानों के अतिरिक्त 330 रिक्रूट, 640 होमगार्ड, पुलिस अर्ध सैनिक बल की 5 कंपनियां तैनात की गई है। इसके साथ ही सभी पोलिग बूथ सीसीटीवी केमरा की जद में है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान 40 जोनल मजिस्ट्रेट, 40 पेट्रोलिंग पार्टी, 24 स्टैटिक्स सर्विस टीम(एसएसटी), 24 फ्लाइंग स्क्वायड टीम तैनात की है। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वाकी टॉकी सेट से लैस है।

**तैयारियां**

**गश्त पार्टी चुनाव के दौरान बूथ परिसर के आसपास के क्षेत्र में पैनी नजर बनाए रखे**

# 25 मई को मतदान के दिन वैतनिक अवकाश रहेगा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 25 मई को मतदान के दिन वैतनिक अवकाश रहेगा। उपायुक्त ने बताया कि भारत चुनाव आयोग की ओर से 25 मई को वेतन सहित अवकाश घोषित किया गया है ताकि सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सभी दुकानें, वाणिज्य संस्थान, भवन निर्माण इकाइयां और औद्योगिक संस्थान पूर्णतया बंद रहेंगे तथा कर्मचारियों को इस दिन का पूरा वेतन दिया जाएगा।

# बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां, सुबह 7 बजे शुरू होगा मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

शनिवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव सामग्री लेकर सभी पोलिंग पार्टियां संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए जा चुकी है। अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचते ही पीठासीन अधिकारी इसकी सूचना संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को देंगे।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को सभी पोलिंग पार्टियों को रवाना होने से पूर्व संबोधित करते हुए कहा कि इस महापर्व में आप सभी की आहुति का एक महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए सभी निष्पक्षता के साथ चुनाव संपन्न करवाने में अपनी भूमिका अदा करें।



पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि पुलिस विभाग पूरी तत्परता के साथ मुस्तैद है और सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस बल के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के जवान भी तैनात रहेंगे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की तुरंत प्रभाव से सूचना मौके पर तैनात पुलिस जवानों को दी जाए।

# दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के काछवा गांव के नजदीक दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गई। दंपत्ति सीतामाई धाम पर झाड़ा लगवाने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया।

गांव जुंडला निवासी पुष्पिंद्र कुमार की पत्नी प्रमिला ने बताया कि वह और उसके पति दोपहर करीब डेढ़ बजे बाइक पर सवार होकर सीतामाई जा रहे थे। जैसे ही बाइक काछवा से करीब एक किलोमीटर दूर नायरा पेट्रोल पंप के कट पर पहुंची तो पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सडक पर जा गिरी और घायल हो गई। दूसरी ओर उसका पति सडक के साइड में पेड़ों से जा टकराया। उसका पति भी गंभीर रूप से घायल हो चुका था, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सदर थाना के जांच अधिकारी यशपाल ने बताया कि बाइक हादसे में पुष्पिंद्र की मौत हुई है, जबकि महिला घायल है। बाइक सवार फरार है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# सामग्री देकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एडीसी ने किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एडीसी अखिल पिलानी ने 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए शुक्रवार को दयाल सिंह कॉलेज करनाल में पोलिंग पार्टियों को अंतिम पूर्व अभ्यास के उपरांत चुनाव सामग्री वितरित करके अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना किया। इस मौके पर जनरल ऑब्जर्वर ई



रवीन्द्रन भी उपस्थित रहे।

उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव से संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा से करें व निष्पक्ष चुनाव करवाने में अहम भूमिका निभाएं तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सैक्टर सुपरवाइजर को सूचित करें। उन्होंने बताया कि मतदान 25 मई को प्रातः 7 बजे शुरू हो जाएगा इसलिए सुबह 6 बजे पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल की प्रक्रिया को अवश्य करें।

# पांच महिला संचालित बूथ केंद्रों पर होगी विशेष साज-सज्जा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभाओं में 5 महिला बूथ, 5 दिव्यांग बूथ, 7 युवा बूथ और 21 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन सभी बूथों को आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए विशेष साज-सज्जा की गई है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार महिलाओं, युवाओं, दिव्यांगजनों और आम मतदाताओं को आकर्षित करने तथा सभी वर्गो को अपने-अपने बूथों का संचालन करने के उद्देश्य से महिला संचालित, युवा संचालित, दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केन्द्र बनाए गए है। इन सब बूथों की विशेष साज सज्जा करने के आदेश संबंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी को दिए गए है। उन्होंने कहा कि इन सभी बूथों पर पीने के पानी, बिजली, शौचालय और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था भी होगी। इन सभी बूथों पर आवश्यक प्रबंध करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है। इस मामले में अधिकारी लापरवाही ना बरते और समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर ले।

**5 दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाने के आदेश**

**दिव्यांग** मतदाताओं की सुविधा के लिए 5 दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिसमें करनाल विधानसभा क्षेत्र में एसडी मॉडल स्कूल बूथ नम्बर 132, इंद्री में कैलास बूथ नम्बर 198, असंध में राजकीय उच्च विद्यालय मूंड बूथ नम्बर 214, घरौंडा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरसत बूथ नम्बर 179 तथा नीलोखेड़ी विधानसभा में राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राईमरी विंग तरावड़ी में बूथ नम्बर 103 को चयनित किया गया है।

**करनाल में महिला संचालित बनेंगे 5 मतदान केन्द्र:** करनाल जिले में पांच महिला संचालित बूथ बनाए गए है। जिसमें करनाल विधान सभा में राजकीय कन्या वरि०मा०विद्यालय प्रेम नगर बूथ नम्बर 152, इंद्री विधानसभा क्षेत्र में मुकारमपुर बूथ नम्बर 193, घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूथ नम्बर 152, असंध विधानसभा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूथ नम्बर 186 तथा नीलोखेड़ी विधानसभा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूथ नम्बर 73 को चयनित किया गया है।

**7 युवा मतदान को संचालित करेंगे युवा अधिकारी व कर्मचारी:** करनाल जिले में 7 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिसमें करनाल में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर 14 बूथ नम्बर 53, इंद्री में कलरी जागीर बूथ नम्बर 27, गढ़ी बीरबल बूथ नम्बर 38, असंध में राजकीय प्राईमरी स्कूल मंचूरी बूथ नम्बर 59, घरौंडा में जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूथ नम्बर 153 तथा नीलोखेड़ी में राजकीय मिडल स्कूल बीड़ बड़ालवा बूथ नम्बर 53 व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बस्तली बूथ नम्बर 187 को चयनित किया गया है।

**21 आदर्श मतदान केन्द्रों पर होगी विशेष साज सज्जा :** करनाल जिले में 21 मॉडल बूथ बनाए गए है। जिसमें करनाल विधानसभा में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड़ में बूथ नम्बर 144 व 145 तथा आदर्श पब्लिक स्कूल में बूथ नम्बर 210 व 211, इंद्री विधानसभा में बूथ नम्बर 64, 65, नन्हेड़ा बूथ नम्बर 76, बड़ा गांव बूथ नम्बर 169 व कुंजपुरा बूथ नम्बर 206, असंध विधानसभा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलमाना में बूथ नम्बर 69, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राहड़ा में बूथ नम्बर 94, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल रांगडान में बूथ नम्बर 131, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बूथ नम्बर 174, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय असंध में बूथ नम्बर 185, घरौंडा विधानसभा में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बूथ नम्बर 161 से 165 तक तथा नीलोखेड़ी विधानसभा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीलोखेड़ी में बूथ नम्बर 72 , राजकमॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावड़ी में बूथ नम्बर 101, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निसिंग में बूथ नम्बर 193, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निसिंग में बूथ नम्बर 201, राजकीय प्राईमरी स्कूल शामगढ़ में बूथ नम्बर 157 को चयनित किया गया है।

# गौ माता की सेवा कर अग्रवाल ने लिया जीत का आशीर्वाद





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार बंद हो चुका है। आज मतदान होगा चांदनी चौक लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने गौशाला में जाकर गौ माता की सेवा की और आशीर्वाद लिया। वहीं अपने प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मतदान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को कैसे शामिल करें इस पर चर्चा की।

**एक माह तक चला चुनाव प्रचार:** करीब एक महीने तक चले चुनाव प्रचार माहौल को अगर देखा जाए तो इस दौरान अग्रवाल को हर वर्ग, हर समाज, हर तबके का जबरदस्त समर्थन मिला। प्रचार में लोगों ने उन्हें न सिर्फ सिर आंखों पर बैठा जबरदस्त जीत का भरोसा एवं विश्वास दिलाया, वहीं उनका अनेक बार फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया जिसे देखकर सहज कहा जा सकता है कि चुनाव में इस बार बदलाव की जबरदस्त लहर चल रही है जिसमें अग्रवाल की जीत निश्चित मानी जा रही है।

अग्रवाल ने शुक्रवार को सुबह किशनगंज स्थित पिंजरापोल गौशाला समिति द्वारा संचालित गौशाला में जाकर गौ माता को चारा आदि खिलाकर उनकी सेवा की। इस दौरान उनके साथ गौशाला संचालक प्रकाश बैराठी, जगमोहन गोटेवाला व अशोक मित्तल मुख्य रूप से मौजूद थे। इसके बाद दिन में अग्रवाल ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ व्यक्तिगत मीटिंग कर मतदान के संबंध में चर्चा की।

**ज्यादा से ज्यादा लोगों को पोलिंग स्टेशन तक ले जाने को लेकर हुई चर्चा:** मीटिंग में इस पर चर्चा की गई कि कैसे ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाए उन्हें घर से निकाल कर मतदान केंद्र तक कैसे ले जाया जाए। अग्रवाल का कहना था कि जितना ज्यादा मतदान होगा हमें उतना ही लाभ होगा।

**लोगों से गठबंधन को जिताने की कि अपील:** जयप्रकाश अग्रवाल ने लोगों से अपील की कि आप चुनाव में वोट देकर कांग्रेस के हाथ मजबूत करो, मैं हमेशा की तरह भविष्य में भी आपकी सेवा करता रहूंगा।

चुनाव जीतने के बाद उनकी प्राथमिकता चांदनी चौक क्षेत्र का विकास के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की ओर से लोगों को दी गई पांच गारटिंयों युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय को पूरा करना रहेगी।

# सच्चे मन से करें गरीब व निर्धन तबके की सहायता: बालेराम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों को कल्याण हो सके।

उक्त बातें शालीमार बाग के समाजसेवी बालेराम ने कही। बालेराम ने आगे बताया कि हमारे जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व है। ऐसा ही एक संस्कार है सेवा का भाव। निःस्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद करना, सेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है। तन, मन और वचन से दूसरे की सेवा में तत्पर रहना स्वयं इतना बड़ा साधन है कि उसके रहते किसी अन्य साधन की आवश्यकता ही नहीं रहती। क्योंकि जो व्यक्ति सेवा में सच्चे मन से लग जाएगा। उसको वह सब कुछ स्वतः ही प्राप्य होगा जिसकी वह आकांक्षा रखता है। उन्होंने आगे बताया कि जिन बच्चों में प्रारम्भ से सेवा की भावना का स्वस्थ विकास कर दिया जाता है वे आगे चलकर अपने सेवा-भाव से समाज में प्रतिष्ठा के पात्र बन जाते हैं।

# मॉडल टाउन: तीसरी बार भी बनेगी देश में मोदी सरकार: श्वेता जैन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा में रहने वाली व चांदनी चौक जिला से मॉडल टाउन महिला मोर्चा अध्यक्ष श्वेता जैन ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने से देश की समृद्धि और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

वहीं उन्होंने कहा कि लाखों करोड़ो के घोटाले करने वाले नेताओं के इंडी एलायंस और दूसरी तरफ नरेन्द्र मोदी के बीच की लड़ाई है, जिनके अपने करियर में भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है।

एक तरफ राहुल गांधी हैं जो गर्मी शुरू होते ही बैंकॉक भाग जाते हैं, वहीं प्रधानमंत्री मोदी हैं जिन्होंने अपने इस दस साल कार्यकाल में एक भी छुट्टी लिए बिना लगातार देश की सेवा की है।

श्वेता ने कहा कि हमारा दिया गया एक भी वोट नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मूल्यवान होगा। नरेन्द्र मोदी ने देश को सुरक्षित बनाया, समृद्ध बनाया, दुनिया में देश का मान बढ़ा। हमारी सरकार ने मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाकर मोदी ने कश्मीर को देश की मुख्यधारा में शामिल किया। मोदी सरकार ने नक्सलवाद और आतंकवाद को खत्म कर देश को सुरक्षित बनाया।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव देश को समृद्ध, सुरक्षित और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है, इसी के साथ ही उन्होंने कहा कि चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी से भारी संख्या में पहुंचकर वोट जरूर करें।

# वत्स ने ग्रामीणों से विकास के लिए मतदान करने की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत 360 महासंघ अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के ग्रामीणों से अपने गांवों की खुशहाली और विकास के लिए सौ फीसदी मतदान करने की अपील की है।

वत्स ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यालय साउथ ब्लॉक का रास्ता दिल्ली के गांवों से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रपति भवन दिल्ली के मालचा गांव की ही धरती पर बने हैं। इसलिए दिल्ली के 360 की हरियाली और खुशहाली के लिए, देश को मजबूत नेतृत्व देने के लिए गांवों की खुशहाली के लिए सभी ग्रामीण सौ प्रतिशत मतदान अवश्य करें। वत्स ने कहा कि 2024 का यह चुनाव दिल्ली के गांवों की तरक्की का मार्ग प्रशस्त करेगा।

आने वाले पांच सालों में दिल्ली के गांवों में विश्वस्तरीय बुनियादी मूलभूत सुविधाएं होंगी। ग्रामीणों का जीवन सुखमय होगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में देश से प्रेम करने वाली सरकार चुनिए। वत्स ने कहा कि मतदान जरूर करें, आप भी करें, औरों को भी करवाएं। दिव्यांगों, वृद्धजनों, महिलाओं और फर्स्ट टाइम वोटर्स को मतदान केंद्र तक लाने में उनकी हर संभव मदद करें। देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित, सशक्त, समर्थ, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वोट देना जरूरी है।

# गांवों के हाउस टैक्स माफ की झूठी घोषणा को लेकर मतदान करें: सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली देहात, गांवों, ग्रामीणों और प्रत्येक गांव पंचायत प्रमुखों से लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने व करवाने की अपील की कि दिल्ली देहात, गांव, ग्रामीणों को बचाने के लिए व अपने अधिकारों को मांगने व मनवाने के लिए भारी संख्या में मतदान अवश्य करें।

**ग्रामीणों से अपील 18 सूत्री मांगों को लेकर मतदान करें:** पंचायत संघ प्रमुख ने कहा कि हमारी 18 सूत्री मांगें जो दिल्ली को बचाने के साथ दिल्ली देहात, गांव, ग्रामीण, किसानों, वन्यजीवों ओर यमुना नदी व साहिबी नदी के लिए है। इनको पुरा कराने के लिए मतदान केंद्रो पर जाकर मतदान जरूर करें। **गांवों के हाउस टैक्स माफ की झूठी घोषणा को लेकर मतदान करें:** पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की जिन्होंने गांवों के हाउस टैक्स माफ की झूठी घोषणा की व यमुना नदी को विश्व की सबसे सुंदर नदी बनाने व उसके स्वच्छ जल में नहाने व ढुबकी लगवाने की बात की उनको ध्यान रखते हुए मतदान करें।

**गौशालाओं की गायों के चारे के लिए मतदान करें:** हर गांव तक पीने का पानी ना पहुंचाने, गौशालाओं की गायों के चारे के पैसे ना देने व भटकते वन्यजीवों को भंयकर गर्मी में याद रखते हुए मतदान अवश्य करें।

# आदर्श नगर का नाम फिर हुआ रोशन, दिशा डांस अकादमी ने जीते कई इनाम










**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर का नाम फिर रोशन हुआ है। दिशा डांस अकादमी ने कमाल दिखाते हुए हजारो इनाम जीते है। आपको बता दें दिल्ली के एक बड़े कॉम्पिटशन में दिशा डांस अकादमी ने अपना दम-खम दिखाया और हजारों के इनाम अपने नाम कर लिए है। साथ आदर्श नगर का नाम रोशन कर दिखाया है। आपको यह भी बतादें कि दिल्ली के पसिफिक मॉल में हुए डांस दिल्ली डांस के तीसरे सीजन में दिशा डांस अकादमी से सीनियर केटेगरी में फर्स्ट पोजीशन पर प्रिया और सेकंड पर वंशिका रही तो वहीं जूनियर केटेगरी में टिया ने एक बड़ी जीत हासिल की। जाने-माने कोरियोग्राफर राहुल राजपुरोहित के निर्देशन में सभी डांसर्स ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर राहुल राजपुरोहित ने कहा कि सभी में प्रतिभाएं होती है, बस उस प्रतिभा को निखारने की आवश्यकता होती है। मैं डांस दिल्ली डांस के तीसरे सीजन में शामिल हुए बच्चो को बधाई देता हूं।

# इंडिया गठबंधन की सरकार ही देश में कर सकती है टिकाऊ विकास: गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नांगलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित नांगलोई गांव में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्णपाल गहलोत ने देश में चल रहे आर्थिक संकट व बढ़ती हुई बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास 'इंडिया' गठबंधन सरकार ही कर सकती है।

वहीं उन्होंने कहा की मोदी सरकार ने तानाशाही कर पिछले दस वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन निजी कंपनियों के हाथों मे बेचे दिए।

कृष्णपाल गहलोत नेता ने कहा कि भारत को तेज आर्थिक विकास की जरूरत है। भारत को बहुत अधिक समावेशी आर्थिक विकास की आवश्यकता है। भारत को अधिक टिकाऊ पर्यावरणीय विकास की आवश्यकता है। केवल 'इंडिया' गठबंधन ही यह तीनों कर सकता है और करेगा।

**उदित राज को लोगों का मिला भरपूर सहयोग:** उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मकसद स्पष्ट है कि जनता के मुद्दे पर चुनाव लड़ना है।

भगवान का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है और जनता का भी इस बार भरपूर सहयोग मिल रहा है और इस बार उत्तर पश्चिम लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सांसद प्रत्याशी डा. उदित राज को भारी मतो से विजय बनाकर संसद तक पहुंचाना है।

# छह आरोपितों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को 13 दिन का समय और मिला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले के छह आरोपितों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को 13 दिन का समय और दिया है। स्पेशल जज हरदीप कौर ने ये आदेश दिया।

दिल्ली पुलिस ने याचिका दायर कर इस मामले की जांच पूरी करने और चार्जशीट दाखिल करने के लिए तीन महीने का और समय देने की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि कुछ रिपोर्ट आनी बाकी है। डिजिटल डाटा काफी मात्रा में है।

# हरियाणवी कवि लोक गीतकार नरेश तंवर नहीं रहे



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पिछले सप्ताह 14 मई 2024 मंगलवार को हरियाणवी भाषा के मुखर बेबाक कवि अलीपुर निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक नरेश तंवर का 65 साल की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। साहित्यिक संस्था विश्व काव्य शिखर, अलीपुर के संयोजक व्यंग्य कवि एडवोकेट जयसिंह मान ने बताया कि उनकी लेखन हमेशा समाज में चली आ रही को कुप्रथाओं पर कविता एवं लोकगीतों के माध्यम से लगातार चोट करता रहा। यह निडर होकर बिना किसी लाग लपेट के अपनी कविताओं की प्रस्तुति मंचों पर और गोष्ठियों में प्रस्तुति थे। हमारे कटटरवादियों को इनकी रचनाएं बेहद कचोटती थी। वे खुलकर बहस के लिए ललकारते थे। ज्ञातव्य है कि तंवर जी मई 2017 में 58 वर्ष की उम्र पूरी कर जिला सोनीपत के पलड़ी गांव से सीनियर सेकेंडरी स्कूल से बतौर मुख्य अध्यापक अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से ससम्मान रिटायर हुए। उन पर नरेला के क्रांतिकारी एवं वामपंथी लोकगीतकार सतबीर श्रमिक की क्रांतिकारी रागनियों का प्रभाव था।

श्री तंवर की तेज तर्रार रचनाएं उनकी डायरी में कैद है जिन्हें कई प्रकाशक छापने की प्रक्रिया में है। हिंदी जगत के प्रमुख कहानीकार, कवि एवं पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर जय किशन सभरवाल ने इन्हें मुखर कवि बताते हुए कहा कि आज समाज में व्याप्त परम्परागत कुरीतिओं पर आधारित कपोल कथाओं में पारिवारिक रिश्तों का फूहहपन नजर आता है उन पर नरेश तंवर की कलम ने लगातार कुठाराघात किया है।

कलमकार मंच नरेला के संयोजक कलमकार राजव्रत ने उनके निधन से तेजतर्रार कलम के कुंद होने पर अफसोस जताते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज उनके लेखन को समाज में पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी पर है इनकी रचनाओं में महिलाओ की सुरक्षा के नाम पर ढोंग, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा आदि पर कड़े प्रहार है। हम इनकी कड़ी को पूरी करने का संकल्प लेते हैं। इनके अलावा युवा कवित्री सीमा डोभाल, जितेंद्र प्रीतम, संजय घायल, वरिष्ठ लोकगीतकार रामकुमार बौद्ध, गजलकार आशीष सिंहा कासिद, असद खान, आनंद कुमार, जनकवि विनोद पाराशर, गजलकार सुंदर सिंह, शिबू चाहर, मास्टर सत प्रकाश भारद्वाज, गणमान्य नागरिक रतन मान, नरेश मान, एडवोकेट विपुल कुमार, एमके माही ,डॉक्टर अफसर सफर, शेखर आजाद, इंजीनियर औज कवि संजीव भारद्वाज, लोकगीतकार सतबीर श्रमिक आदि ने अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए प्रार्थना की कि उनके परिवार को इस महा आघात को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# जनता दल यूनाईटेड के कई नेता कांग्रेस में हुए शामिल




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि जनता दल यूनाइटेड के ब्लॉक अध्यक्ष राज ठाकुर और उनके साथी दिव्यांशु, आशीष, और शाहिद भाई व अन्य कई साथियों को कांग्रेस का पटका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

इस मौके पर आदेश भारद्वाज ने कहा कि आज सत्ताधारियों द्वारा जिस तरह से संविधान और लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है, वह इस देश और देश की आवाम के लिए घातक है। युवा बेरोजगार है, किसान आत्महत्या कर रहे हैं, महंगाई अपने चरम पर है, बेटियां असुरक्षित हैं और बृजभूषण और प्रज्वल राबन्ना जैसे लोगो को लेकर प्रधानमंत्री चुप है। लेकिन कांग्रेस हमेशा से वंचितों पीड़ितों और दलितों की आवाज उठाती आई है और उठाती रहेगी। इसलिए लोग बड़ी संख्या में कांग्रेस का हाथ मजबूत कर रहे हैं। साथ ही एक बात और कह देना चाहता हूं कि निश्चित रूप से भाई राज ठाकुर और उनके साथियों के द्वारा कांग्रेस की सदस्यता लेने पर कांग्रेस को मजबूती मिलेगी व हमारे लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर कन्हैया कुमार को भारी बहुमत से जीत दिलाने में अहम भूमिका होगी।

# कोई बरामदगी नहीं हुई तो जो भी गिरफ्तार हुए हैं उन्हें छोड़ दीजिए: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुभवी चोर वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक संकेत है कि प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर लिया है कि कथित शराब घोटाला फर्जी है। केजरीवाल ने इस मामले में गिरफ्तार सभी लोगों को रिहा करने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि भाजपा चिल्ला रही है कि 100 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है लेकिन अभी तक कोई पैसा बरामद नहीं हुआ है।

# उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा से प्रत्याशी कन्हैया कुमार ने लोगों से की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा से प्रत्याशी कन्हैया कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा के सभी बड़े बुजुर्गो, सभी माताओं बहनों, सभी नौजवान साथियों और तमाम क्षेत्रवासियों को मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं। जिस तरह से आपका प्यार और सहयोग मुझे मिला और आगे भी मिलता रहेगा, उसके लिए मैं सदैव आपका ऋणी रहूंगा। चुनावी प्रचार के दौरान आप सभी साथी मुझे अपने-अपने क्षेत्र में बुलाना चाहते थे। लेकिन कुछ पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों, यातायात असुविधाओं के चलते होने वाली देर और पदयात्राओं और जनसभाओं में लगने वाले अतिरिक्त समय के कारण मैं आप सभी उत्तर पूर्वी दिल्ली वासियों से नहीं मिल पाया, जिसका मुझे सदैव अफसोस रहेगा क्योंकि मैं स्वयं भी आपसे रूबरू मिलना चाहता था।

यही नहीं मैं छोटे-बडे व मझोले पत्रकार बंधुओ से भी माफी चाहता हूँ कि उनकी आशाओं के अनुकुल उन सबको समय नहीं दे पाया लेकिन आप लोगो ने इस कठिन दौर में जिस तरह से कुछ पत्रकार साथियों ने अपना पत्रकारिता का धर्म निभाया उसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा।

अतः मैं उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सभी देवतुल्य मतदाताओं से ये अनुरोध करता हूं कि अपने इस प्यार भरे जोश और जज्बे को आज 25 मई को वोट की चोट में तब्दील कर इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने का कार्य करें। ताकि लोकतंत्र की जीत हो सके, सविधान की जीत हो सके।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव सम्पन्न करने का एसपी ने पढ़ाया पाठ

लोकसभा चुनाव

▶▶पुलिस लाइन में चुनाव ड्यूटी में लगे डीएसपी,थाना प्रबंधक, इंचार्ज व पुलिस बल को किया संबोधित



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
एसपी उपासना ने चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस जवानों को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव सम्पन्न करने का पाठ पढ़ाया और मतदान के दौरान कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में सभी डीएसपी, थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज, स्टाफ इंचार्ज व पुलिस बल मौजूद रहा।
एसपी उपासना ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जिला पुलिस तैयार है। पोलिंग पार्टी द्वारा ईवीएम मशीन प्राप्त करते ही पुलिस कर्मियों व पोलिंग पार्टी की अहम ड्यूटियां आरम्भ हो जाती है, जब तक ईवीएम मशीन वापिस स्ट्रांग रुम में सुरक्षित रुप से जमा नहीं हो जाती, तब तक सभी सतर्कता से ड्यूटी पर तैनात रहे। इस दौरान वे उच्च अधिकारियों से उचित तालमेल बनाकर रखें। एसपी ने कहा कि जवान बूथ पर अति सूझबूझ के साथ कर्तव्यपालना दौरान नम्र व्यवहार करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष मतदान संपन्न करवाए। बूथ के बाहर शांति कायम रखते हुए मतदान कर चुके व्यक्तियों को परिसर से बाहर चले जाने को कहें। रात के समय कर्मचारियों के ठहरने व खाने का समुचित प्रबंधन किया गया है, तथा कोई भी कर्मचारी रात के समय बूथ नहीं छोड़ेगा।
इस दौरान उनकी समय-समय पर अधिकारियों के द्वारा चेकिंग की जाएगी। एसपी उपासना ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारी व थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने एरिया में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोई कसर न छोड़ें। उन्होंने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
जिला कैथल में मतदान के दौरान तैनात रहेंगे 2600 पुलिस कर्मचारी
एसपी उपासना ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मध्यनजर जिला में करीब 2600 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें स्थानीय पुलिस, एचएपी, पंजाब पुलिस, अरुणाचल पुलिस व सीआरपीएफ महिला पुलिस शामिल है। कुल 386 लोकेशन पर स्थित 807 बूथ पर मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे।

# नारनौल: श्रमिकों को 25 मई को वेतन सहित मिलेगा अवकाश

लोकसभा चुनाव

▶▶मतदान के दिन हरियाणा राज्य में स्थित कारखानों में काम करने वाले राज्य के सभी श्रमिकों की छुट्टी रहेगी।




**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी दिशा निदेर्शानुसार व हरियाणा श्रम विभाग की अधिसूचना के अनुसार हरियाणा में होने वाले लोकसभा आम चुनाव-2024 व करनाल विधानसभा के होने वाले उपचुनाव के लिए 25 मई को मतदान के दिन हरियाणा राज्य में स्थित कारखानों में काम करने वाले राज्य के सभी श्रमिकों की छुट्टी रहेगी।
इसी प्रकार राज्य के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए 25 मई, शनिवार को वेतन सहित अवकाश निर्धारित किया गया है। यह केवल उन लोगों के लिए है जो हरियाणा राज्य में मतदाता के रूप में नामांकित हैं ताकि वे अपना वोट डाल सकें।यह जानकारी शुक्रवार को भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग आफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने दी।
उन्होंने बताया कि कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का केंद्रीय अधिनियम 63) की धारा 65 की उप.धारा (2) के तहत राज्य में स्थित कारखानों में कार्यरत सभी वयस्क श्रमिकों को जो हरियाणा राज्य में 25 मई को होने वाले लोकसभा 2024 के आम चुनाव और .करनाल विधानसभा क्षेत्र में मतदाता हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार की टीम ने एसएसपी की टीम को फ्रेंडशिप बैडमिंटन टूनार्मेंट में हराया

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
रायफल क्लब सिविल लाइन में खेले गये फ्रेडशिप बैडमिंटन टूनार्मेंट में पत्रकार सुभाष सेनी की जोड़ी ने एसएसपी की टीम को 2-0 से हरा दिया। सीजन 8 में कई दिनों तक चले ग्रुप मैचों के शानदार मुकाबलों में जनपद के पुलिस एवं प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे एवं अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पांडे ने अपने शानदार खेल से उपस्थित जन समुह का दिल जीत लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे एवं सतवीर सिंह ने सेमीफाइनल में योगानन्द पांडे एवं मनोज बंसल को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। उनका मुकाबला रायफल क्लब के सबसे अनुभवी खिलाड़ी वरिष्ठ पत्रकार सुभाष सैनी एवं कृष्णा सिंह (जिम्मी) के साथ हुआ। जिसमें एकतरफा मुकाबले में एसएसपी की टीम 2-0 से मुकाबला हार गई।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए सुभाष सैनी को गले लगाकर बधाई देते हुए टूनार्मेंट जीतने पर सुभाष सैनी एवं जिमी को अपने हाथों से प्रथम पुरस्कार प्रदान किए। वहीं उपविजेता रहे एसएसपी शैलेश कुमार पांडे एवं सतवीर सिंह को आर्यमन इण्टर प्राइजेज के डायरेक्टर कृष्णा सिंह (जिमी)की धर्मपत्नी प्रतीक्षा सिंह ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। जिसका दर्शकों ने तालियां बजाकर जोरदारी से हर्ष व्यक्त किया।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने कहा कि प्रतिदिन व्यस्तताओं से भरी दिनचर्या के बीच ऐसे आयोजनों से जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है तथा जीवन में नयापन महसूस होता है। प्रमुख उद्योगपति सुशील कुमार चतुर्वेदी ने ऐसे सुंदर आयोजन के लिए एडीएम वित्त योगानन्द पांडे को धन्यवाद दिया। बैडमिंटन टूर्नामेंट में रैफरी की भूमिका निभाने वाले चांद खान को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर होमगार्ड कमांडेंट शैलेंद्र प्रताप सिंह, राकेश कुमार मित्तल, मनोज बंसल एडवोकेट, इफ्को के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सतवीर सिंह, संदीप सिंह यादव, एमइएस के एई अंकुर वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### फरीदाबाद: बदमाशों ने अखबार के डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर को जलाया



**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबाद शहर के सेक्टर 19 में स्थित एक अखबार के डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर शुक्रवार की सुबह बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने अखबार के बंडलों में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इस मामले में अखबार के डिस्ट्रीब्यूटर सुनील कुमार ने बताया कि वह पिछले लंबे समय से इसी घटनास्थल से अखबार लेते हैं और शहर में डिस्ट्रीब्यूशन करते हैं।
उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 3.30 बजे अखबार के बंडल यहां पहुंच गए थे। लगभग 2000 अखबार और तीन चार डिस्ट्रीब्यूटर अखबारों को इक्कठा कर रहे थे। इसी दौरान लगभग 3.50 बजे पर एक बाइक पर दो नकाबपोश बदमाश हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर आए और उन्होंने उन डिस्ट्रीब्यूटर्स को धमकाते हुए हटा दिया और अखबार के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इसके बाद आरोपी बदमाश मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद पहले तो डिस्ट्रीब्यूटर उन्हें देखकर डर के मारे भाग गए।जब वह नकाबपोश बदमाश अखबारों में आग लगाकर बाइक पर सवार होकर भाग गए। तब होकर्स एकत्रित हुए और उन्होंने पानी डालकर अखबार की आग को बुझाया। फिलहाल उन्हें यह नहीं मालूम की नकाबपोशों ने अखबार में आग क्यों लगाई है और इसकी क्या वजह थी।
उन्होंने घटना के बाद डायल 112 कर पुलिस को बुलाया, लेकिन पुलिस ने उन्हें सुबह थाने में आकर शिकायत देने की बात कही है।

### चार विधानसभा क्षेत्रों के 818662 मतदाता करेंगे मतदान

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
रोहतक सीट से लोकसभा चुनाव में मतदान संपन्न करवाने के लिए जिले के सभी मतदान केंद्र में पोलिंग कर्मचारियों ने पहुंचकर शुक्रवार शाम तक सभी बूथ तैयार कर लिए।
शनिवार को इन 797 मतदान केंद्रों में जिले के कुल 818662 मतदाता मतदान करेंगे। जिले में प्रत्येक बूथ पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं जिनके माध्यम से जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूप में मतदान के दौरान पूरे समय वेबकास्टिंग होगी। सभी पोलिंग पार्टियों ने झज्जर के नेहरू कॉलेज से ई वीएम और अन्य मतदान सामग्री ग्रहण की।

# भारत की मतदान प्रक्रिया की विश्व के सभी देशों में हो रही सराहना: डॉ. आर्य

जागरूकता

▶▶ शुक्रवार को हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में चुनावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
राजकीय महिला महाविद्यालय में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड के माध्यम से युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में चुनावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।
महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने छात्राओं को संबोधित किया और मतदान को देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में भारत सबसे बड़ा गणतंत्र लोकतांत्रिक देश है और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया हमारे मजबूत लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने बताया कि भारत की संगठित एवं सुनियोजित मतदान प्रक्रिया की विश्व के सभी देशों में सराहना की जाती है। इस बार भी चुनाव आयोग द्वारा पारदर्शी मतदान को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।
उन्होंने कहा कि हम सब कर्मचारियों और अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान ईमानदार रहने के साथ-साथ ईमानदार दिखना भी जरूरी है। शत-प्रतिशत मतदान के लिए छात्राओं को शपथ दिलवाते हुए उन्होंने कहा कि जातिवाद, धर्म और भ्रष्टाचार के उधारे ज्ञान को त्याग कर शुद्धता, सात्विकता तथा पारदर्शिता के साथ देश हित में अच्छे व ईमानदार सांसदों का चुनाव ही हमारे देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने का काम करेगा तथा देश का नाम रोशन करेगा। उन्होंने हरियाणा के प्रत्येक मतदाता से आह्वान किया कि वे चुनाव में संलग्न कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग दें।
महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी प्रो. वसुंधरा ने बताया कि कार्यक्रम में कॉलेज काउंसिल के वरिष्ठ सदस्य डॉ. एलिजा कुंडू, डॉ. नीलम दहिया, प्रो. सतीश सिंगला, डॉ. शशिकला यादव तथा टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ के अन्य सदस्यों तथा 100 से अधिक छात्राओं ने भी भाग लिया।
यह कार्यक्रम छात्राओं में चुनावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा। छात्राओं ने अपनी भागीदारी के माध्यम से अपने विचारों को अभिव्यक्त किया और कार्यक्रम में योगदान किया।

# अमीशी गुप्ता ने अयोध्या मंदिर व गणेश की अनूठी पेंटिंग कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हिसार की रहने वाली अमीशी गुप्ता ने मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में कला और शिल्प की श्रेणी में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है। अमीशी ने ऐक्रेलिक पेंट और स्वर्णपत्र का उपयोग करके अयोध्या मंदिर की 12 फुट गुणा 25 फुट की पेंटिंग और भगवान गणेश की 1 सेमी गुणा 1 सेमी की विस्तृत पेंटिंग बनाने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए अमीशी का नाम आधिकारिक तौर पर इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।



असाधारण प्रतिभा की धनी अमीशी गुप्ता की कला में बचपन से ही रुचि थी। वह सात साल की आयु से ही पेंटिंग बना रही है। उसने अपने हुनर को समय के साथ क्लासेस और वर्कशॉप से निखारा। अमीशी ने अपनी कला को राम मंदिर और गणेशजी की पेंटिंग के माध्यम से दशार्या और यह उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि मस्तिष्क वैज्ञानिक डॉ. जीतेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई। अमीशी गुप्ता को उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण के लिए प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया हैं। यह प्रमाणपत्र कला के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि को देखते हुए प्रदान किया।

### जुलाना के महाविद्यालय प्राध्यापक ने छात्रा से की अश्लील हरकत

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
जुलाना स्थित राजकीय महाविद्यालय में प्राध्यापक द्वारा छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को महिला थाना पुलिस ने प्राध्यापक के खिलाफ अश्लील हरकत करने तथा बंधक बनाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
जुलाना थाना इलाका गांव की छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राजकीय कालेज जुलाना की छात्रा है। कालेज का प्राध्यापक नरेंद्र मलिक उस पर बुरी नजर रखे हुआ था। गत 12 अप्रैल को प्राध्यापक नरेंद्र मलिक ने उसे कमरे में रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकत की।

# जींद से कैथल दोस्त के मामा के घर आए युवक की पड़ोसियों से लड़ाई में हत्या



हत्या का मामला

▶▶एसएचओ रोहतास कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
जींद से कैथल के गांव अटैला में दोस्त के मामा के घर आए युवक की पड़ोसियों ने लड़ाई में हत्या कर दी। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। जींद के गांव किला जफरगढ़ निवासी कपड़े के सेल्स मैन रामेश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा राहुल रोहतक में आईडीसी चौक पर किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था। उसके बेटे की दोस्ती उसी के गांव के रहने वाले दीपक उर्फ दीपू के साथ थी।
राहुल 21 मई को दीपक के साथ उसके मामा के गांव आतेला में आया था। 23 मई की रात को अटेला में हुए झगड़े में अपने बेटे राहुल की मौत की सूचना पाकर वह अपने परिजनों के साथ सरकारी अस्पताल कैथल पहुंचा। जहां उसे दीपक, सागर, बलवान व टेकचंद की पत्नी नरमादेवी झगड़े में लगी चोटों के कारण घायल अवस्था में मिले। उसका बेटा राहुल मृत अवस्था में इमरजेंसी के जनरल वार्ड में स्टेचर पर पड़ा हुआ मिला।
जब उसने व उसके परिजनों ने उसकी डेड बॉडी को चेक किया तो उसके शरीर पर बाहरी तौर पर कोई चोट का निशान नहीं था। उसे घायलों से पता चला कि अटेला निवासी जय भगवान के बेटे लखन,अर्जुन व आँधली निवासी चूंचा का उनके साथ झगड़ा हो गया था।
लखन, गुरचरण व अर्जुन के हाथों में डंडे, बिन्डे, दरांत थे। सभी आपस में गुथम गुथा हुए। इस झगड़े में लगी चोटों के कारण उसके बेटे की मौत हुई है। थाना सदर एसएचओ रोहतास कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। तीनों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केंद्र पर लाइन की जानकारी

एप लांच

▶▶अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाइन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाइन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से आप मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकते हैं।



उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैं, लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी।
उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए है। इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है।
यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व व छवि के नाम पर मतदान करेगी जनता: सिंह

जनसंपर्क

▶▶जीत के प्रति आशावान दिखे रणजीत सिंह ने दिया जनसंपर्क अभियान का ब्यौरा




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व छवि के नाम पर मतदान करेगी। हमने चुनाव प्रचार के दौरान हर क्षेत्र में जनसंपर्क किया है और हर क्षेत्र से बेहद उत्साह जनता में दिखाई दिया कि वे तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को उत्साहित है। वे शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने लगभग एक माह तक जनसंपर्क किया है, सब जगह यही देखा गया है कि जनता राष्ट्रवाद के मुद्दे पर हमारा साथ देगी। जनता अच्छी तरह से देख रही है कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है, जिनमें नेतृत्व में देश की छवि विदेशी में बढ़ी है और देश ने हर क्षेत्र ने तरक्की की है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के राहुल गांधी व अन्य कुछ नेता है, जिनका एकमात्र मकसद केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पद से हटाना व खुद प्रधानमंत्री बनना है। उन्होंने कहा कि हम जीत के प्रति पूरी तरह से आशावान है और जनता के उत्साह को देखते हुए पोलिंग भी बहुत अच्छी होने की संभावना है।
उन्होंने कहा कि हमारे प्रचार अभियान के दौरान संबंधित हलकों से भाजपा विधायक, चेयरमैन व अन्य नेता साथ रहे हैं और अब भी वे अपने-अपने क्षेत्रों में जी मेहनत से लगे हैं, क्योंकि हर नेता ने इस चुनाव को अपना चुनाव माना है।
रणजीत सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सत्ता विरोधी लहर का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा क्योंकि सत्ता विरोधी लहर वहीं दिखाई देती है जहां विपक्ष कमजोर हो। जब हरियाणा में कांग्रेस सहित अन्य विपक्ष को जनता विकल्प ही नहीं मान रही तो सत्ता विरोधी लहर का कोई कारण नहीं बनता। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, जिला महामंत्री अशोक सैनी, लोकसभा संयोजक रवि सैनी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, जिला उपाध्यक्ष जयबीर माजपा, प्रवीण पोपली, अरूण दत्त, सतपाल शर्मा, अनिल केरों व नरेश नैन सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# भ्रम फैलाने वाली खबरें देने वालों पर होगी कार्रवाई: डा. मनोज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने मीडिया में गलत खबरों प्रकाशित प्रसारित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में जाटोला गांव के बूथ नंबर 177 के बारे में कुछ समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हुई। पड़ताल करने के पश्चात पाया गया की खबर में संख्या 177 वर्ष 1984 तथा उसके बाद के सभी चुनाव में मौजूद रहा है। यह बूथ भारतीय निर्वाचन आयोग की हिदायात के अनुसार ही बनाया गया है। उपरोक्त मतदान केंद्र मतदाताओं की भौगोलिक सलंग्नता के आधार पर बनाया गया है तथा इसको बनाते समय किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया है।



उन्होंने कहा कि उपरोक्त मतदान केंद्र भारतीय निर्वाचन आयोग के वंचित वर्गों के लिए मतदान को सुगम बनाने हेतु उनके आवास के पास ही मतदान केंद्र बनाने की नीति के अनुरूप है।
गुरुवार को जारी आदेश में कहा कि भ्रामक तथा गलत तथ्यों पर ऐसी असत्य खबरों फैलाने वालों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# गठबंधन वाले देश के खिलाफ साजिश रच रहे: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महराजगंज लोकसभा क्षेत्र की फरेंदा विधानसभा में जनसभा को किया संबोधित

**वोट की अपील**

▸▸ देश को सबसे ज्यादा क्षति कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने पहुंचायी है: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**महराजगंज:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को सबसे ज्यादा क्षति कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने पहुंचायी है। इन्होंने सत्ता के लिए पहले देश का विभाजन किया, फिर देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया। ये कहते हैं कि हम संविधान बदलकर ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी कर मुसलमानों को दे देंगे। ये देश के खिलाफ गहरी साजिश रच रहे हैं, जिसे हम स्वीकार नहीं कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इसी के तहत पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस ने ओबीसी का सारा आरक्षण मुसलमान को दे दिया था। कोलकाता हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि देश में मुसलमान आरक्षण पाने के अधिकारी नहीं हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि संविधान के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और मंडल कमीशन के तहत ओबीसी जातियों को ही आरक्षण पाने का अधिकार है। यह आरक्षण धार्मिक आधार पर नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण देश के विभाजन की नींव डालने जैसा है। वर्ष 1947 में भारत का विभाजन हो चुका है, अब दूसरा विभाजन नहीं होने देंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महराजगंज लोकसभा क्षेत्र की फरेंदा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी पंकज चौधरी के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज अयोध्या में रामलला अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हैं। यह डबल इंजन की सरकार की वजह से साकार हो सका है। यह आपके वोट की ताकत से हुआ है। ऐसे में आपको अपने वोट की ताकत से हिंदू और सनातन विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देना है। वहीं सपा और कांग्रेस की सरकार में सारा पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिए दिया जाता था। उस दौरान गांव में गरीब की जमीन पर चार लोग टोपी पहनकर पहुंचते थे।

### महराजगंज विकास के नये आयाम गढ़ रहा: सीएम

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज महराजगंज विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। इसी के तहत आनंदनगर से सिसवा तक पूरी रेल लाइन की स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही कार्य प्रारंभ होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले महाराजगंज की सड़कें सबसे खराब मानी जाती थीं जबकि आज हाइवे और चकाचक सड़कें देखने को मिलती है। यह आपके सही जगह दिये वोट से संभव हो पाया है। यहां मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो गया है। महाराजगंज और गोरखपुर में एम्स बन गया है। यहां फर्टिलाइजर फैक्ट्री भी चालू हो गयी है। सिद्धार्थनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा हो गया है।

**डबल इंजन की सरकार सुविधाएं उपलब्ध करा रही: सीएम**

इसी महराजगंज के वनटांगिया गांव में 18 बस्तियों के लोग दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर थे। आज उन्हें रिवेन्यू विलेज के रूप में मान्यता दे दी गई है। ऐसे में उन्हे आजादी के बाद पहली बार एहसास हुआ है कि वह भी आजाद भारत के नागरिक हैं। वह आज सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं, उनके मकान बन रहे हैं। घरों में बिजली की सप्लाई हो रही है। सड़कें उनके घर तक जा रही हैं। वहां डबल इंजन की सरकार उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। सीएम ने यहां कार्बनिक और इंटीग्रेटेड फार्मिंग करने वालों की सराहना की। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश से इंसेफेलाइटिस और माफिया को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। अब इंसेफेलाइटिस से बच्चों की मौत नहीं होती है।

## फास्ट न्यूज

### कार पर कंटेनर पलटने के मामले में कंटेनर चालक पर केस दर्ज

**गन्नौर:** जीटी रोड पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के निकट कार पर कंटेनर पलटने के मामले में बड़ी थाना पुलिस न कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक जगमोहन सहगल की बेटे प्रतीक सहगल की शिकायत पर केस दर्ज किया है। शिकायत में पंजाबी बाग, दिल्ली के रहने वाले प्रतीक ने बताया कि उसके पिता जगमोहन सहगल, दिल्ली निवासी मोहनलाल व पानीपत के रामलाल के साथ कार में सवार होकर दिल्ली की तरफ आ रहे थे। जब वे बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के पास पहुंचे तो अचानक से एक तेज रफ्तार कंटेनर ओवरटेक करते समय सीधे उनकी कार पर पलट गया, जिससे उनके कार कैंटर के नीचे बुरी तरह से दब गई। इस हादसे में उसके पिता जगमोहन सहगल की मौत हो गई जबकि उनके साथी मोहनलाल व रामलाल घायल हो गए। पुलिस ने प्रतीक की शिकायत पर अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने जगमोहन सहगल के शव का पोस्टमार्टम करवा कर स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

### ससुराल वालों ने दामाद व उसकी मां के साथ की मारपीट

**गन्नौर।** दातौली गांव में ससुराल पक्ष के लोगों ने दामाद व उसकी मां के साथ मारपीट कर दी। घायल महिला ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में दातौली गांव की बीरो देवी ने बताया कि एक साल पहले उसके बेटे कुलदीप का विवाह राई गांव की शालू के साथ हुआ था। एक महीने पहले उनकी पुत्रवधु शालू की उसकी मां उसके जबरदस्ती अपने घर ले गई थी। वहां से लौटने के बाद शालू का व्यवहार उनके प्रति बदल गया। कहासुनी होने के बाद शालू ने अपने घर फोन करके अपने घर वालो को बुला लिया, जिन्होंने आते ही उसके व उसके बेटे कुलदीप के साथ मार पिटाई की और जाते समय जान से मारने की धमकी दी।

### दो-पहिया वाहन चालकों को कुचला, एक की मौत

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के मनौली-पबसरा सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने दो-पहिया वाहनों पर सवार दो युवकों को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया।

# केरल की पेरियार नदी में हजारों मछलियां मरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोच्चि:** केरल की पेरियार नदी में हजारों मछलियों के मरने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। सरकार ने बैठक कर पेरियार नदी में हजारों मछलियों की मौत की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दीर्घ व अल्पकालिक सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। गत मंगलवार को वरपुझा, कदमक्कुडी और चेरनल्लूर के निकट मछली फार्मों में बड़ी संख्या में मछलियां मृत मिली थीं। इसके विरोध में मछली पालकों, पर्यावरणविदों और राजनीतिक पार्टियों के कार्यकताओं समेत स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया था। ऑक्सीजन की कमी के कारण बड़ी संख्या में मछिलयों की मौत हुई। केरल के उद्योग मंत्री पी. राजीव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि नियामक-सह-पुल के दरवाजे खोले जाने के कारण हजारों मछलियों की मौत हुई।

**सरकार सतर्क**

▸▸ हजारों मछलियों की मौत की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दीर्घ व अल्पकालिक सुरक्षा उपायों पर चर्चा की

# प्रशासन की लापरवाही मरीजों पर पड़ रही भारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु:** कर्नाटक में चित्रदुर्ग जिले के एक सरकारी अस्पताल में बिजली नहीं होने से दाखिल मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टर्स मोबाइल फोन टॉर्च का इस्तेमाल कर के मरीजों का इलाज कर रहे हैं। चित्रदुर्ग जिले के मोलकालमुरु में सरकारी अस्पताल बिजली की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। सभी मरीजों का इलाज यहां तक कि ऑपरेशन टॉर्च की रोशनी में या मोबाइल टॉर्च की रोशनी में करने को मजबूर हैं। बिजली की गंभीर समस्या के कारण परेशानी सिर्फ मरीजों को ही नहीं, बल्कि डॉक्टर और अस्पताल कर्मचारियों को भी हो रही है। मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, इस मामले में अस्पताल के अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया गया है, क्योंकि जनरेटर लगभग एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है। अस्पताल में बिजली समस्या के पीछे एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि कर्नाटक में भारी बारिश के बाद बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है।

**कर्नाटक में हो रही भीषण बारिश:** राज्य में मार्च से मई के बीच लगभग 107 मिलीमीटर बारिश हुई है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, कर्नाटक में अभी मानसून से पहले की बारिश हो रही है। यहां मार्च से 21 मई तक 107.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। इस साल 23 मिमी बारिश अधिक हुई है। हर साल इस अवधि में 87.4 मिमी बारिश दर्ज की जाती है। बारिश की वजह से यहां जनजीवन काफी अस्त-व्यस्त है।

**मरीज परेशान**

▸▸ चित्रदुर्ग जिले के मोलकालमुरु में सरकारी अस्पताल बिजली की गंभीर समस्या से जूझ रहा है

# यूपी के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 25 को मतदान



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों और बलरामपुर जिले की एक विधान सभा सीट पर 25 मई को मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। निर्वाचन आयोग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है।

**इन सीटों पर होगा मतदान:** सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्त कबीर नगर, लालगंज(सुरक्षित), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (सुरक्षित), भदोही तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 292-गैंसड़ी शामिल है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। जो मतदाता शाम 06 बजे पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया छठवें चरण में कुल 2,70,69,874 (02 करोड़ 70 लाख 69 हजार 874) मतदाता हैं। इसमें 1,43,30,361 पुरुष (01 करोड़ 43 लाख 30 हजार 361) तथा 1,27,38,257 महिला (01 करोड़ 27 लाख 38 हजार 257) एवं 1,256 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। छठवें चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता संतकबीरनगर तथा सबसे कम मतदाता इलाहाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

**तैयारी**

▸▸ मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। निर्वाचन आयोग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है



नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन किया। दर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत में गणेशन ने कहा कि जब कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब अयोध्या आया था, लेकिन प्रभु राम के जन्मभूमि मंदिर में विराजमान होने के बाद आज पहली बार अयोध्या आया हूं।

## देश का संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा: चंद्रशेखर

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुशीनगर:** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने शुक्रवार को दोपहर कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के कसया में भाजपा पर आरोप लगाया कि वह संविधान को समाप्त करने पर तुली है। कहा कि बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने दलितों, शोषितों और वंचितों को सम्मान से जीने के अधिकार के लिए संविधान दिया। भाजपा देश के संविधान को कुचलकर राजशाही का शासन स्थापित करना चाहती है। वह राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य की जीत के लिए जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

## पीएम ने की शीला दीक्षित की तारीफ, संदीप ने जताई कृतज्ञता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एक टीवी चैनल में साक्षात्कार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शीला दीक्षित की तारीफ की, जिसके बाद शीला दीक्षित के पुत्र और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा की है। शनिवार को दिल्ली के सातों सीट पर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान है, ऐसे में मतदान के एक दिन पूर्व शुक्रवार को कांग्रेस के इस दिग्गज नेता द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शीला दीक्षित की तारीफ करते हुए कहा है कि वे व्यक्तिगत रूप से शीला दीक्षित का सम्मान करते थे। उन पर लगाए गए आरोप मेरे गले नहीं उतरता था। उन्होंने यह भी कहा कि शीला के आखिरी दिनों में आरोप लगाकर बदनाम किया गया था। संदीप दीक्षित ने इस वीडियो को शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है। प्रधानमंत्री के बयान के क्लिप को शेयर करते हुए संदीप दीक्षित ने कहा कि राजनीतिक मतभेद होते हुए भी प्रधानमंत्री ने मेरी मां और उनके योगदान को याद किया।

# तमिलनाडु में जयललिता के खाली स्थान को भर रही भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा कि उनकी पार्टी अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता के निधन के बाद राज्य की राजनीति में रिक्त हुए स्थान को भर रही है। जयललिता का हिंदुत्व के प्रति बेहतर रुझान था। पीटीआइ संपादकों के साथ बातचीत में आइपीएस अधिकारी से राजनीतिज्ञ बने अन्नामलाई ने यह बात कही। उन्होंने द्रमुक और अन्नाद्रमुक के दबदबे वाले तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव में भाजपा को दोहरे अंक में मत प्रतिशत मिलने और राज्य में तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरने का विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने के बाद लोगों का भाजपा में विश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री द्वारा तमिलनाडु की बार-बार यात्रा करना, काशी-तमिल संगमम, सौराष्ट्र तमिल संगमम जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, नए संसद भवन में सेंगोल स्थापित करना और राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिये भाजपा को राज्य के लोगों तक अपनी पहुंच बनाने में मदद मिली।

# उत्तराखंड: स्वास्थ्य विभाग को मिले 37 नए नर्सिंग अधिकारी

**देहरादून:** स्वास्थ्य विभाग को 37 नये नर्सिंग अधिकारी मिले हैं। इन सभी नर्सिंग अधिकारियों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय द्वारा निर्वाचन आयोग की अनुमति के उपरांत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय चिकित्सालयों में तैनाती दे दी गई है। उत्तराखंड मेडिकल सर्विस सेलेक्शन बोर्ड ने 34 नर्सिंग अधिकारियों का चयन परिणाम जारी कर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग को उक्त नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति की संस्तुति की। जिसके उपरांत स्वास्थ्य महानिदेशालय ने निर्वाचन आयोग की अनुमति पर इन 34 नर्सिंग अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र व अन्य वांछित अभिलेखों की पुष्टि से वंचित रहे गये 03 नर्सिंग अधिकारियों को प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय चिकित्सालयों में तैनाती दे दी गई है। इसी प्रकार रूद्रप्रयाग में 03, पौड़ी 08, टिहरी 01, उत्तरकाशी 05, नैनीताल 01, अल्मोड़ा 02, बागेश्वर 01, पिथौरागढ़ 07 तथा चम्पावत में 02 शामिल हैं।

## अखिलेश-प्रियंका की रैली 25 को; शाह 29 को करेंगे रोड शो

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** लोकसभा चुनाव के 7वें और अंतिम चरण में गोरखपुर की वीआईपी सीट बचाने में राजनीति के सभी दिग्गत जुट गए हैं। 25 मई को छठे चरण की वोटिंग के साथ ही यहां राजनीति के दिग्गजों का जमावड़ा लगने लगेगा। 25 मई को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी एक बड़ी रैली करने जा रहे हैं। गोरखपुर से सपा प्रत्याशी काजल निषाद और बासगांव से कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे।





**समीकरण** श्रावस्ती संसदीय सीट 2009 में अस्तित्व में आई। इससे पहले ये सीट बलरामपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा थी

# लोस चुनाव : श्रावस्ती में कमल खिलेगा या खुलेगा सपा की जीत का खाता!



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** श्रावस्ती को बौद्ध नगरी के नाम से दुनियाभर में विशेष रूप से पहचाना जाता है। श्रावस्ती संसदीय सीट 2009 में अस्तित्व में आई। इससे पहले ये सीट बलरामपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा थी। इस सीट पर अब तक हुए तीन चुनाव में कांग्रेस, बसपा और भाजपा 1-1 बार जीत दर्ज करा चुके हैं। हालांकि इस सीट पर अब तक समाजवादी पार्टी का खाता नहीं खुला है। बता दें, सपा इस सीट पर दूसरे और तीसरे नंबर की पार्टी रही है।

**2009 के चुनाव में तीसरे नंबर पर सपा:** 15वीं लोकसभा के लिए 2009 में हुए चुनाव में श्रावस्ती सीट पर पहला चुनाव हुआ। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू ने विजय हासिल की। कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार को 201,556 वोट मिले। वहीं दूसरे स्थान पर रहे बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी रिजवान जहीर को 159,527 वोट हासिल किये। सपा प्रत्याशी रुबाब सईदा तीसरे स्थान पर रही। रुबाब सईदा को 111,247 वोट मिले। इस चुनाव में

**2014 में दूसरे स्थान पर रही साइकिल:** 2014 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दद्दन मिश्रा ने 85 हजार से वोटों के अंतर से जीत हासिल की। दद्दन मिश्रा के खाते में 345,964 (35.30%) वोट आए। सपा प्रत्याशी अतीक अहमद 260,051 (26.53%) वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। बसपा के लाल जी वर्मा 194,890 (19.88%) वोटों से तीसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार पांडेय पांचवें स्थान पर रहे।

**2019 में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा थी मैदान में:** 2019 के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती संसदीय सीट पर बसपा के राम शिरोमणि वर्मा और भाजपा के दद्दन मिश्रा के बीच मुकाबला हुआ था। सपा और बसपा के बीच चुनावी गठबंधन था। ये सीट बसपा के खाते में आई थी। राम शिरोमणि कड़े मुकाबले में मात्र 5320 वोटों के अंतर से जीते।

**रणनीति**

▸▸ इस सीट पर अब तक हुए तीन चुनाव में कांग्रेस, बसपा और भाजपा 1-1 बार जीत दर्ज करा चुके हैं